वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला का पुष्प नं. 439
ISBN-978-93-84003-45-6

ढाईद्वीप विधान

–रचयित्री –

जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी
परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि
श्री ज्ञानमती माताजी

परमपूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा घोषित
'श्री गौतम गणधर वर्ष' वीर निर्वाण संवत् 2540-41 (सन् 2014-2015) के
अन्तर्गत शरदपूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रकाशित।

-प्रकाशक-

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान
जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.
फोन नं.- (01233) 280184, 280994
Website : www.jambudweep.org, www.encyclopediaofjainism.com
E-mail : jambudweeptirth@gmail.com
Facebook : jaintirthjambudweep

प्रथम संस्करण	वीर नि. सं. 2540	मूल्य
1100 प्रतियाँ	आश्विन शु. पूर्णिमा, 8 अक्टूबर 2014	120/-रु.

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा संचालित

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला में दिगम्बर जैन आर्षमार्ग का पोषण करने वाले हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड़, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के न्याय, सिद्धान्त, अध्यात्म, भूगोल-खगोल, व्याकरण आदि विषयों पर लघु एवं वृहद् ग्रंथों का मूल एवं अनुवाद सहित प्रकाशन होता है। समय-समय पर धार्मिक लोकोपयोगी लघु पुस्तिकाएँ भी प्रकाशित होती रहती हैं।

–: संस्थापिका एवं प्रेरणास्रोत :–

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी
(दो बार डी.लिट्. की मानद उपाधि से अलंकृत)

–: मार्गदर्शन :–

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी
(पीएच.डी. की मानद उपाधि से अलंकृत)

–: निर्देशक एवं सम्पादक:–

कर्मयोगी पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी

–: प्रबंध सम्पादक :–

जीवन प्रकाश जैन

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

कम्पोजिंग - ज्ञानमती नेटवर्क
जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.

सम्पादकीय

–कर्मयोगी पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी

ऊँ नमो मंगलं कुर्यात् , ह्रीं नमश्चापि मंगलम्।
मोक्षबीजं महामंत्रं, अर्हं नमः सुमंगलम्।।

जैन परम्परा में उपयोग तीन प्रकार का माना गया है। अशुभोपयोग, शुभोपयोग एवं शुद्धोपयोग। इन तीनों उपयोगों में से कोई न कोई उपयोग प्रतिक्षण जीव में चला ही करता है, जिसमें से अशुभोपयोग तो दुर्गति का कारण पापरूप है, जो सर्वथा हेय है। बात है उपादेयता की, शेष दोनों शुभोपयोग व शुद्धोपयोग उपादेय हैं। चूंकि गृहस्थ श्रावक के शुभोपयोग के अलावा शुद्धोपयोग हो नहीं सकता इसलिए शुभोपयोग ही उपादेय ठहरता है। शुद्धोपयोग वीतराग चारित्र से अविनाभावी है और वीतराग चारित्र निर्ग्रन्थ मुनियों के ही संभव है अतः श्रावकों को प्रयत्नपूर्वक शुभोपयोग की भावना में ही प्रवृत्त होना चाहिए। पूजन पाठ, सामायिक, दान आदि समस्त धार्मिक क्रियायें पुण्यरूप हैं और शुभोपयोग हैं, इसलिए श्रावकों द्वारा शांति विधान, सिद्धचक्र विधान आदि मण्डल विधान करने की परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है। श्रावकों के षट् आवश्यक कार्यों में देवपूजा प्रथम आवश्यक कार्य है।

जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी परमपूज्य चारित्रचन्द्रिका गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने इन्द्रध्वज, कल्पद्रुम, सर्वतोभद्र, तीनलोक, शांतिविधान, ऋषिमण्डल आदि छोटे–बड़े 100 विधानों की एवं 300 ग्रंथों की रचना की हैं। जिनमें से अभी कुछ विधान एवं ग्रंथ अप्रकाशित हैं। विधानों की श्रृंखला में यह **'ढाईद्वीप विधान'** वृहत् विधान रचकर नूतनकृति के रूप में पूज्य माताजी ने हम सबको प्रदान किया है। यह विधान सभी रोग, शोक, दुख, दारिद्र्य को दूर करके सुख को प्रदान करने वाला है। भक्ति करते-करते भक्त जब एक दिन भगवान बन सकता है, तो भक्ति से छोटे–छोटे कार्य तो सिद्ध हो ही जाएंगे। यह नूतन विधान सभी के लिए मंगलकारी हो, यही मंगल भावना है। पूज्य माताजी स्वस्थ रहें, दीर्घायु प्राप्त करें एवं वीर ज्ञानोदय ग्रंथमाला दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि करे, यही जिनेन्द्रदेव से मंगल प्रार्थना है।

प्रस्तावना

–प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

तीन शतक अट्ठानवे, जिनगृह शाश्वत नित्य।
ढाईद्वीप के नित नमूँ, पाऊँ निजसुख नित्य।।

मध्यलोक में असंख्यातों द्वीप समुद्र हैं। उनमें ढाईद्वीप तक ही मनुष्य होते हैं। ढाईद्वीप के आगे मनुष्य नहीं जा सकते। ढाईद्वीप में 398 अकृत्रिम जिनमंदिर हैं। ढाईद्वीप में ही भूत, भविष्यत, वर्तमान तीनों काल में अनंतानंत नवदेवता अर्थात् अर्हंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, जिनधर्म, जिनागम, जिनचैत्य और चैत्यालय हो चुके हैं और आगे भी होते रहेंगे। 170 कर्मभूमि ढाईद्वीप में ही हैं, जहाँ से अनंतानंत सिद्ध हुए हैं।

जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी युगप्रवर्तिका, चारित्रचन्द्रिका, सिद्धान्तचक्रेश्वरी आर्यिका शिरोमणि परमपूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने इस ढाईद्वीप विधान के मंगलाचरण में जितने भी तीर्थंकर, गणधर, मुनिगण, केवली, श्रुतकेवली हुए हैं उन सभी को नमन किया है। पंचकल्याणक भूमि, अतिशयक्षेत्र को नमन किया है। कृत्रिम, अकृत्रिम सभी जिनमंदिर, जिनप्रतिमाओं को नमन किया है। पाँच भरत, पाँच ऐरावत एवं एक सौ साठ विदेह क्षेत्रों के सभी तीर्थंकर को नमन किया है और फिर अंत में त्रिभुवन के मस्तक पर विराजमान अनंतानंत सिद्धों को नमन करते हुए यह भावना भाई है कि मैं भी शीघ्र अनंत सौख्य–सिद्ध पद को प्राप्त करूँ।

त्रिभुवन के मस्तक पर सिद्ध–शिला पर सिद्ध अनंतानंत।
नमूँ नमूँ मैं सब सिद्धों को, पा जाऊँ मैं सौख्य अनंत।।

विधान का मंगलाचरण करते हुए पूज्य माताजी ने इसमें भगवान महावीर स्वामी के प्रथम गणधर श्री गौतम स्वामी के मुख से निकली हुई चैत्यभक्ति का पद्यानुवाद कृतिकर्म विधिपूर्वक दिया है। इसके बाद श्रीकुंदकुंद स्वामी रचित पंचमहागुरुभक्ति का पद्यानुवाद दिया है। इसके बाद नवदेवता की पूजन है। फिर ढाईद्वीप पूजा (समुच्चय पूजा) है, इसमें पूज्य माताजी ने लिखा है–

अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठी हैं।
जिनधर्म जिनागम जिनप्रतिमा जिनमंदिर सब जग पूजित हैं।।
इन ढाई द्वीप में इक सौ सत्तर कर्मभूमि में ही ये हैं।
इस ही प्रमाण है सिद्धशिला यहाँ से ही मुक्ती पाते हैं।।

पूजा की इन पंक्तियों में इस विधान का सार भरा हुआ है कि ढाईद्वीप में एक सौ सत्तर कर्मभूमियों में नवदेवता होते हैं। ढाईद्वीप प्रमाण ही सिद्धशिला है अतः

ढाईद्वीप से ही मनुष्य सिद्धपद को प्राप्त करते हैं।

ढाईद्वीप की पूजा के बाद सिद्धपूजा है। फिर जम्बूद्वीप सम्बन्धी सुदर्शन मेरु जिनालय पूजा, षट्कुलाचल जिनालय पूजा, चार गजदंत जिनालय पूजा, जंबूवृक्ष-शाल्मलिवृक्ष जिनालय पूजा, सोलह वक्षार गिरि जिनालय पूजा एवं चौंतीस विजयार्ध जिनालय पूजा है। पुनः जम्बूद्वीप सम्बन्धी भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा, ऐरावत क्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा, विदेह क्षेत्र के विहरमाण तीर्थंकर पूजा एवं जम्बूद्वीप सम्बन्धी नवदेवता पूजा है।

जम्बूद्वीप के बाद लवण समुद्र है। लवण समुद्र के बाद दूसरा द्वीप धातकीखण्ड द्वीप है। धातकीखण्डद्वीप में इष्वाकार पर्वत के पड़ने से पूर्वधातकीखण्ड एवं पश्चिमधातकीखण्ड दो भाग हो जाते हैं। अतः यहां पर पूज्य माताजी ने जम्बूद्वीप सम्बन्धी समस्त जिनालयों की पूजन के पश्चात् धातकीखण्ड द्वीप इष्वाकार जिनालय पूजा दी है पुनः विजयमेरु पूजा, विजयमेरु सम्बन्धी षट्कुलाचल, चार गजदंत, धातकी-शाल्मली वृक्ष, सोलहवक्षार पर्वत, चौंतीस विजयार्ध पर्वत जिनालयों की पूजा है। इसके बाद पूर्वधातकी खण्ड भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा, ऐरावत क्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा, विहरमाण तीर्थंकर पूजा एवं नवदेवता पूजा है।

पश्चिम धातकीखण्ड में अचलमेरु है। अतः अचलमेरु पूजा, अचलमेरु सम्बन्धी षट्कुलाचल, चार गजदंत, धातकी-शाल्मली वृक्ष, षोडश वक्षार गिरि, चौंतीस विजयार्ध जिनालयों की पूजा है। पश्चिम धातकीखण्ड भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा, विहरमाण बीस तीर्थंकर पूजा एवं नवदेवता पूजा है।

धातकीखण्ड द्वीप के बाद कालोदधि समुद्र आता है। कालोदधि समुद्र के बाद पुष्करार्धद्वीप आता है। इस पुष्करार्ध द्वीप में भी इष्वाकार पर्वत के पड़ने से 2 भाग हो जाते हैं पूर्व पुष्करार्ध एवं पश्चिम पुष्करार्ध। इसमें पुष्करार्धद्वीप सम्बन्धि इष्वाकार जिनालय पूजा है फिर मन्दरमेरु पूजा, मन्दरमेरु सम्बन्धी षट्कुलाचल, चार गजदंत, पुष्करतरु-शाल्मलि तरु, सोलह वक्षार, चौंतीस विजयार्ध जिनालयों की पूजा है। इसके बाद पूर्व पुष्करार्धद्वीप भरतक्षेत्र वर्तमान कालीन तीर्थंकर पूजा, ऐरावत क्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा, विदेह क्षेत्र तीर्थंकर पूजा एवं नवदेवता पूजा है।

पश्चिम पुष्करार्ध द्वीप में विद्युन्माली मेरु है अतः विद्युन्माली मेरु पूजा, विद्युन्माली मेरु सम्बन्धी षट्कुलाचल, चार गजदंत, पुष्करवृक्ष-शाल्मलिवृक्ष, षोडशवक्षार, चौंतीस विजयार्ध जिनालयों की पूजा है। पुनः पश्चिम पुष्करार्ध द्वीप भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा, ऐरावत क्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा, विहरमाण बीस तीर्थंकर पूजा एवं नवदेवता पूजा है।

पुष्करार्ध द्वीप के मध्य में वलयाकार मानुषोत्तर पर्वत के पड़ जाने से पुष्करार्ध

द्वीप आधा ही रह जाता है जो कि ढाईद्वीप की सीमा है। अतः मानुषोत्तर पर्वत के पूर्वदिक्, दक्षिणदिश, पश्चिमदिश, उत्तरदिश जिनालय पूजा है। ढाईद्वीप के अकृत्रिम जिनालयों की पूजा के पश्चात् कृत्रिम जिनालय पूजा है। इसके बाद ढाईद्वीप समवसरण पूजा, पंचकल्याणक तीर्थ पूजा एवं अंत में सिद्धशिला पूजा है। सिद्धशिला की पूजा के बाद बड़ी जयमाला एवं प्रशस्ति है।

इस विधान की बड़ी जयमाला में पूज्य माताजी ने लिखा है–

पैंतालिस लख योजनों, सिद्धशिला का व्यास।
सिद्ध अनंतों को नमूँ, हो लोकांत निवास।।

अर्थात् 45 लाख योजन प्रमाण सिद्धशिला है जहाँ पर अनन्तानंत सिद्ध भगवान विराजमान हैं उन अनंत सिद्धों को नमन करते हुए पूज्य माताजी ने यही भावना भाई है कि एक दिन मेरा भी सिद्धशिला पर निवास हो।

इस विधान की प्रत्येक पूजा के अंत में चार पंक्तियाँ बहुत ही सुन्दर भावों से सहित हैं–

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।

अर्थात् जो भव्यात्मा ढाईद्वीप का विधान करेंगे, वे मनुष्य एवं देव के सुखों को प्राप्त करेंगे। फिर ढाईद्वीप में जन्म लेकर साधु बनकर सिद्धपद को प्राप्त कर लेंगे।

इस विधान की प्रशस्ति में पूज्य माताजी ने लिखा है कि इस ढाईद्वीप विधान में 63 पूजाएं हैं यह विधान मैंने स्वरचित कई विधानों से संकलित किया है–

श्री ढाईद्वीप का यह विधान, ये त्रेसठ पूजायें सुन्दर।
यह सर्वसौख्य प्रद होवेगा, अतिशायी जग में मंगलकर।।
वीराब्द पचीस सौ उनतालिस, वैशाख सुदी द्वादशि तिथि है।
यह विधान मैंने पूर्ण किया, संकलित ग्रंथ सब हितकर है।।।

पूज्य माताजी ने इस विधान को वीर नि. सं. 2539 वैशाख शुक्ला द्वादशी को पूर्ण किया था लेकिन अभी तक इसके छपने का योग नहीं आ पाया। अब इसके छपने का योग आया है। यह विधान सभी भव्यजीवों के लिए मंगलकारी होवे। भगवन्तों की भक्ति करके भक्त एक दिन भगवान बनें, अनंत गुणों को प्राप्त कर सिद्ध स्थान को प्राप्त करें यही मंगल भावना है।

पूज्य गणिनी श्री ज्ञानमती माताजी जिनका हरपल शुभोपयोग में एवं भगवन्तों की भक्ति में लगा रहता है, जिनधर्म की प्रभावना कैसे अधिक हो जिनका चिन्तन

हरक्षण चलता रहता है ऐसी सरस्वती की प्रतिकृति पूज्य माताजी के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना करते हुए कोटि-कोटि नमन करती हूँ।

इस विधान में कुल 63 पूजा हैं। 917 अर्घ्य, 83 पूर्णार्घ्य एवं 64 जयमालाएँ हैं। इस विधान में 39 प्रकार के छन्दों का प्रयोग है। यह विधान एक अतिशयकारी विधान बन गया है क्योंकि इसमें ढाईद्वीप के अन्दर विराजमान जितने भी अकृत्रिम एवं कृत्रिम मन्दिर हैं, नवदेवता हैं, उन सबकी पूजा करते हुए इसमें उन्हें नमन किया गया है।

पूज्य माताजी ने इस विधान में जाप्य करने हेतु तीन मंत्र बनाएं हैं जिनमें से किसी भी मंत्र जाप्य का आप अनुष्ठान कर सकते हैं-

-मंत्र जाप्य-

(1) ऊँ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागम-जिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।

अथवा

(2) ऊँ ह्री सार्द्धद्वयद्वीपसंबंधि-त्रैकालिकनवदेवताभ्यो नमः।

अथवा

(3) ऊँ ह्रीं सार्द्धद्वयद्वीपसंबंधि-कृत्रिमाकृत्रिमजिनालय-जिनबिम्बेभ्यो नमः।

दो शब्द

-आर्यिका सुव्रतमती

स्वदोष-शान्त्यावहितात्मशांतिः शान्तेर्विधाता शरणं गतानाम्।
भूयाद् भवक्लेश-भयोपशान्त्यै शांतिर्जिनो मे भगवान्शरण्यः।।

भगवान महावीर के शासनकाल में बीसवीं, इक्कीसवीं शताब्दी में जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी, युगप्रवर्तिका, चारित्रचन्द्रिका, आर्यिका शिरोमणि, वर्तमान कालीन पिच्छीधारी सभी साधुओं में सबसे प्राचीन दीक्षित, परमपूज्य 105 गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने जिनधर्म, जिनागम की विशेष प्रभावना की है। प्रतिक्षण पूज्य माताजी की यह भावना रहती है कि किस तरह से मैं वर्तमान में सभी भव्य जीवों को आगम के ज्ञान से, पूर्वाचार्यों की वाणी से सिंचित करूँ।

आज के भौतिक युग में लोगों को धर्ममार्ग में लगाने के लिए भगवान की भक्ति, पूजा विधान आदि सशक्त माध्यम हैं। जब लोग पूज्य माताजी द्वारा रचित विधानों की पंक्तियों को पढ़ते हैं तो वे भक्ति में भाव विभोर हो जाते हैं। भक्ति में उनके पैर थिरकने लग जाते हैं और वे भक्ति भाव से पूजा कर असंख्य कर्मों की निर्जरा कर लेते हैं। जब भगवान के दर्शनमात्र से पाप कर्म निर्जीण हो जाते हैं तो उनकी पूजा, भक्ति करने से तो विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है।

धवला पु.-6 में आचार्य श्री वीरसेनस्वामी ने जिनबिम्ब दर्शन के महत्त्व का कितना सुन्दर वर्णन किया है-

दर्शनेन जिनेन्द्राणां पापसंघातकुंजरम्।
शतधा भेदमायाति गिरिर्वज्रहतो यथा।।

अर्थात् जिनेन्द्रों के दर्शन से पापसंघातरूपी कुंजर के सौ टुकड़े हो जाते हैं, जिस प्रकार कि वज्र के आघात से पर्वत के सौ टुकड़े हो जाते हैं।

देव, शास्त्र, गुरु की भक्ति, पूजा विशेष फल को देने वाली है। पूज्य माताजी की वाणी जिनवाणी है। लेखनी में सरस्वती का वास है। जिनागम का सार बताने वाली, ज्ञानामृत का वितरण करने वाली, षट्खण्डागम की 16 पुस्तकों पर 'सिद्धान्तचिन्तामणि' नाम की संस्कृत टीका लिखने वाली, राष्ट्रगौरव, युगनायिका, सिद्धान्तचक्रेश्वरी, वाग्देवी, डी. लिट्, आदि अनेक उपाधियों से अलंकृत पूज्य माताजी इस युग के लिए वरदान हैं। इस विधान की प्रूफ रीडिंग के माध्यम से मुझे जो स्वाध्याय का लाभ प्राप्त हुआ है, वह मेरे भव भ्रमण को दूर कर शीघ्र ही श्रुतज्ञान, केवलज्ञान की प्राप्ति करावे, इन्हीं मंगल भावनाओं के साथ पूज्य माताजी के पावन चरणों में कोटि-कोटि नमन।

ढाई द्वीप विधान-एक अतिशयकारी विधान है

–आर्यिका स्वर्णमती

बीसवीं सदी में मुनि परम्परा को जीवन्त करने वाले युगप्रवर्तक प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के 3 बार दर्शन करने वाली, उनसे अनुभव ज्ञान प्राप्त करने वाली, प्रथम पट्टशिष्य चारित्र चूड़ामणि आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के करकमलों से आर्यिका दीक्षा को प्राप्त कर ज्ञानमती नाम को सार्थक करने वाली, बीसवीं सदी की युगप्रवर्तिका, प्रथम बालब्रह्मचारिणी आर्यिका, चारित्रचन्द्रिका, आर्यिका शिरोमणि गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी हैं।

पूज्य माताजी ने जिनधर्म, जिनागम की विशेष प्रभावना करते हुए अब तक लगभग 400 ग्रंथों की रचना की हैं जिनमें से अभी कुछ ग्रंथ अप्रकाशित हैं। आज के भौतिक युग में लोगों को धर्ममार्ग में लगाने के लिए भगवान की भक्ति, पूजा विधान, स्तुति आदि सशक्त माध्यम है।

माताजी की लेखनी से लिखा गया एक–एक शब्द मोती की माला के समान सुशोभित है। पूज्य माताजी ने भगवान के सहस्रनाम मंत्र से लेखनी का शुभारम्भ किया। अष्टसहस्री ग्रंथ का हिन्दी अनुवाद किया। षट्खण्डागम सूत्र ग्रंथ पर **'सिद्धान्त चिन्तामणि'** नाम से संस्कृत टीका 16 पुस्तकों की 3100 पृष्ठों में लिखकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। नियमसार ग्रंथ पर **'स्याद्वादचन्द्रिका'** नाम से संस्कृत टीका एवं समयसार ग्रंथ पर **'ज्ञानज्योति'** हिन्दी टीका लिखी है।

विधानों में इन्द्रध्वज, कल्पद्रुम, सर्वतोभद्र, तीनलोक, सिद्धचक्र, समवसरण, जम्बूद्वीप आदि बड़े विधानों के साथ–साथ शान्ति विधान आदि छोटे विधानों को मिलाकर 100 की संख्या में विधानों की रचना की है। 365 दिन में प्रतिदिन कहीं न कहीं पूज्य माताजी द्वारा रचित विधान होते ही रहते हैं। जम्बूद्वीप पर प्रतिदिन कोई न कोई विधान होता ही रहता है।

विधानों की श्रृंखला में यह **'ढाई द्वीप विधान'** एक अतिशयकारी विधान है, इसमें ढाई द्वीप के समस्त अकृत्रिम-कृत्रिम जिनबिम्बों की एवं नवदेवताओं की पूजा है।

पूज्य माताजी के ज्ञानगुण की पूजा करते हुए मैं यही भावना करती हूँ कि पूज्य माताजी के गुण मुझमें अवतरित हों। यह विधान मेरे जीवन में श्रुतज्ञान, केवलज्ञान को प्राप्त करावे, इसी मंगल भावना के साथ पूज्य माताजी के पावन चरणों में कोटि–कोटि नमन।

हार्दिक उद्गार

–ब्र. कु. बीना जैन (संघस्थ)

नमः श्री वर्धमानाय, निर्धूत कलिलात्मने।
सालोकानां त्रिलोकानां, यद्विद्या दर्पणायते।।

बीसवीं शताब्दी में मुनि परम्परा को जीवन्त करने वाले युगप्रवर्तक चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शान्तिसागर जी महाराज हुए हैं। जिनकी चर्या चतुर्थकालीन सम मुनियों के समान थी। इनके प्रथम पट्टशिष्य आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के करकमलों से आर्यिका दीक्षा प्राप्त कर, आर्यिका ज्ञानमती नाम पाकर, स्वनाम को सार्थक करते हुए परम पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने चारों अनुयोगों का तलस्पर्शी ज्ञान प्राप्त करके, ग्रंथों का खूब स्वाध्याय करके, अपने ज्ञान को परिपक्व करके 'सहस्रनाम मंत्र' की रचना से अपनी लेखनी का शुभारम्भ करके अब तक छोटे–बड़े सभी ग्रंथों को मिलाकर 400 ग्रंथों की रचना की है।

आज के वैज्ञानिक युग में पारस टी. वी. चैनल के माध्यम से लोग घर बैठे पूज्य माताजी के मुखारविन्द से प्रतिदिन ज्ञानामृत का पान करते हैं। जब वे हस्तिनापुर आकर पूज्य माताजी का दर्शन करते हैं, तो गद्गद् होकर कहते हैं कि माताजी हम तो आपके शुद्ध शास्त्रीय, आगमानुसार प्रवचन सुनकर धन्य हो गए।

वास्तव में पूज्य माताजी ने भगवान महावीर की दिव्यध्वनि से निकली द्वादशांग वाणी को जिन्हें पूर्वाचार्यों ने ग्रंथरूप में लिपिबद्ध किया है उसी को आत्मसात करके, जन–जन के हिताय प्रवचन के द्वारा तथा ग्रंथों के द्वारा प्रदान कर रही हैं। अष्टसहस्री जैसे क्लिष्ट न्याय के ग्रंथ का अनुवाद करके पूज्य माताजी ने एक महान् कार्य किया है। विद्वद्वर्ग, युवावर्ग, बालवर्ग सभी के लिए पूज्य माताजी ने समयसार, नियमसार की टीका, कल्पद्रुम, इन्द्रध्वज आदि विधान, प्रतिज्ञा, परीक्षा, जीवनदान आदि उपन्यास एवं बालविकास के 4 भाग, जैसी पुस्तकें लिखकर सर्वांगीण ज्ञान का प्रचार प्रसार किया है। यह ढाईद्वीप विधान भी बहुत सुन्दर एवं अतिशयकारी विधान है।

मेरा परम सौभाग्य है कि पूज्य माताजी की कुल परम्परा में जन्म लेकर, उन्हें गुरुरूप में पाकर और उनसे ज्ञानामृत को प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य किया है। सच्चे देव, शास्त्र, गुरु के प्रति भक्ति को करते हुए अपनी नारी पर्याय को सफल करूँ यही मंगल भावना है। पूज्य माताजी दीर्घायु हों, स्वस्थ रहें, यही जिनेन्द्रदेव से मंगल प्रार्थना करते हुए, ज्ञान की भण्डार पूज्य माताजी के चरणों में कोटि–कोटि नमन करती हूँ।

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि

श्री ज्ञानमती माताजी का संक्षिप्त-परिचय

-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

जन्मस्थान–टिकैतनगर (बाराबंकी) उ.प्र.

जन्मतिथि–आसोज सुदी 15 (शरदपूर्णिमा) वि. सं. 1991, (22 अक्टूबर सन् 1934)

जाति–अग्रवाल दि. जैन, **गोत्र**–गोयल, **नाम**–कु. मैना

माता-पिता–श्रीमती मोहिनी देवी एवं श्री छोटेलाल जैन

आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत–ई. सन् 1952, बाराबंकी में शरदपूर्णिमा के दिन

क्षुल्लिका दीक्षा–चैत्र कृ. 1, ई. सन् 1953 को महावीरजी अतिशय क्षेत्र (राज.) में आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज से। नाम-क्षुल्लिका वीरमती

आर्यिका दीक्षा–वैशाख कृ. 2, ई. सन् 1956 को माधोराजपुरा (राज.) में चारित्रचक्रवर्ती 108 आचार्य श्री शांतिसागर जी की परम्परा के प्रथम पट्टाधीश आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के करकमलों से।

साहित्यिक कृतित्व–अष्टसहस्री, समयसार, नियमसार, मूलाचार, कातंत्र-व्याकरण, षट्खण्डागम आदि ग्रंथों के अनुवाद/टीकाएं एवं लगभग 300 ग्रंथों की लेखिका।

डी.लिट्. की मानद उपाधि–सन् 1995 में अवध वि.वि. (फैजाबाद) द्वारा एवं तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा 8 अप्रैल 2012 को ''डी.लिट्.'' की मानद उपाधि से विभूषित।

तीर्थ निर्माण प्रेरणा–हस्तिनापुर में जंबूद्वीप, तेरहद्वीप, तीनलोक आदि रचनाओं के निर्माण, शाश्वत तीर्थ अयोध्या का विकास एवं जीर्णोद्धार, प्रयाग-इलाहाबाद (उ.प्र.) में तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ का निर्माण, तीर्थंकर जन्मभूमियों का विकास यथा-भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा-बिहार) में 'नंद्यावर्त महल' नामक तीर्थ निर्माण, भगवान पुष्पदंतनाथ की जन्मभूमि काकन्दी तीर्थ (निकट गोरखपुर-उ.प्र.) का विकास, भगवान पार्श्वनाथ केवलज्ञानभूमि अहिच्छत्र तीर्थ पर तीस चौबीसी मंदिर, हस्तिनापुर में जम्बूद्वीप स्थल पर भगवान शांतिनाथ-कुंथुनाथ-अरहनाथ की 31-31 फुट उत्तुंग खड्गासन प्रतिमा, मांगीतुंगी में निर्माणाधीन 108 फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव की विशाल प्रतिमा, महावीर जी तीर्थ पर महावीर धाम में पंचबालयति मंदिर, शिर्डी में ज्ञानतीर्थ, सम्मेदशिखर में आचार्य श्री शांतिसागर धाम इत्यादि।

महोत्सव प्रेरणा–पंचवर्षीय जम्बूद्वीप महामहोत्सव, भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महामहोत्सव, अयोध्या में भगवान ऋषभदेव महाकुंभ मस्तकाभिषेक, कुण्डलपुर महोत्सव, भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक तृतीय सहस्राब्दि महोत्सव, दिल्ली में कल्पद्रुम महामण्डल विधान का ऐतिहासिक आयोजन इत्यादि। विशेषरूप से 21 दिसम्बर 2008 को जम्बूद्वीप स्थल पर विश्वशांति अहिंसा सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन भारत की तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील द्वारा किया गया।

शैक्षणिक प्रेरणा–'जैन गणित और त्रिलोक विज्ञान' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन, इतिहासकार सम्मेलन, न्यायाधीश सम्मेलन एवं अन्य अनेक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार, ऑनलाइन जैन इनसाइक्लोपीडिया आदि।

रथ प्रवर्तन प्रेरणा–जम्बूद्वीप ज्ञानज्योति (1982 से 1985), समवसरण श्रीविहार (1998 से 2002), महावीर ज्योति (2003-2004) का भारत भ्रमण।

इस प्रकार नित्य नूतन भावनाओं की जननी पूज्य माताजी चिरकाल तक इस वसुधा को सुशोभित करती रहें, यही मंगल कामना है।

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान-संक्षिप्त परिचय

–जीवन प्रकाश जैन (प्रबंध सम्पादक)

ईसवी सन् 1972 में पूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से स्थापित उक्त संस्था के द्वारा जम्बूद्वीप रचना के निर्माण हेतु मेरठ (उ.प्र.) के ऐतिहासिक तीर्थ हस्तिनापुर में नशिया मार्ग पर जुलाई 1974 में एक भूमि क्रय की गई, जहाँ सर्वप्रथम 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की अवगाहना प्रमाण सात हाथ (सवा दस फुट) ऊँची खड्गासन प्रतिमा विराजमान करने हेतु फरवरी 1975 में एक लघुकाय जिनालय का निर्माण किया गया, जो सन् 1990 में एक अनोखे 'कमल मंदिर' के रूप में निर्मित हुआ है। यहाँ विराजमान कल्पवृक्ष भगवान महावीर से यह अतिशय क्षेत्र निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर होता हुआ नित्य नये निर्माणों के द्वारा संसार में अद्वितीय पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध हुआ है। इस प्रतिमा के दर्शन करके भक्तगण अपनी मनोकामनाएँ पूर्ण करते हैं।

जम्बूद्वीप निर्माण का प्रथम चरण–जुलाई सन् 1974 में रखी गई नींव के आधार पर जम्बूद्वीप के बीचोंबीच में सर्वप्रथम आगम वर्णित सुमेरुपर्वत (101 फुट ऊँचा) का निर्माण अप्रैल सन् 1979 में एवं सन् 1985 में जम्बूद्वीप रचना का निर्माण पूर्ण हुआ। सोलह जिनमंदिरों से समन्वित उस सुमेरुपर्वत के अंदर से निर्मित 136 सीढ़ियों से चढ़कर श्रद्धालु भक्त समस्त भगवन्तों के दर्शन करके जब सबसे ऊपर पाण्डुकशिला के निकट पहुँचते हैं, तो नीचे जम्बूद्वीप रचना के सभी नदी, पर्वत, मंदिर, उपवन आदि दृश्यों के साथ-साथ हस्तिनापुर के आसपास के सुदूरवर्ती ग्रामों का भी प्राकृतिक सौंदर्य देखकर फूले नहीं समाते हैं।

यात्री सुविधा–हस्तिनापुर तीर्थ में जम्बूद्वीप स्थल के पूरे परिसर में संस्थान द्वारा कार्यालय का सक्रिय संचालन किया जाता है। वहाँ यात्रियों के ठहरने हेतु आधुनिक सुविधायुक्त 200 कमरे, 50 से अधिक डीलक्स फ्लैट एवं अनेकों गेस्ट हाउस (बंगले) बने हुए हैं। इसके साथ ही यहाँ सुन्दर भोजनालय है जहाँ यात्रियों को सुविधापूर्वक शुद्ध भोजन प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त 2 किमी. दूर हस्तिनापुर सेन्ट्रल टाउन में सरकारी अस्पताल, डाकखाना, बाजार, इंटरकालेज तथा अन्य शिक्षण संस्थाएँ आदि सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

हस्तिनापुर कैसे पहुँचे ?–भारत की राजधानी दिल्ली से 110 किमी. पश्चिमी उत्तरप्रदेश में जिला-मेरठ से 40 किमी. दूर हस्तिनापुर तीर्थ है। राजधानी दिल्ली से हस्तिनापुर के लिए अंतर्राज्यी बस अड्डे अथवा आनंद विहार बस अड्डे से उत्तरप्रदेश रोडवेज तथा डी.टी.सी. बसों की निरंतर सेवा उपलब्ध है। मेरठ से भी प्रति आधे घंटे के अंतराल से जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर पहुँचने हेतु रोडवेज की बसें सुलभता के साथ उपलब्ध रहती हैं। 'जम्बूद्वीप' के नाम से ये बसें चलती हैं जो सीधे जम्बूद्वीप के सामने ही रुकती हैं और जम्बूद्वीप से ही मेरठ, दिल्ली, तिजारा आदि यात्रा हेतु बसें उपलब्ध रहती हैं। दिल्ली और मेरठ के बीच रेल सेवा भी है। देश-विदेश के यात्रीगण हस्तिनापुर पधारकर इस धरती का स्वर्ग मानी जाने वाली 'जम्बूद्वीप रचना' के दर्शन करें और मानसिक शांति का अनुभव करते हुए मनवांछित फल प्राप्त करें, यही मंगलकामना है।

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला के शिरोमणि संरक्षक

1. श्रीमती निर्मला जैन ध.प. स्व. श्री प्रेमचन्द्र जैन, तत्पुत्र प्रदीप कुमार जैन, खारी बावली, दिल्ली-6।
2. श्रीमती सुमन जैन ध.प. श्री दिग्विजय सिंह जैन, इंदौर।
3. श्री महावीर प्रसाद जैन संघपति, जी-19, साऊथ एक्सटेन्शन, नई दिल्ली।
4. श्री महेन्द्र पाल हरेन्द्र कुमार जैन, सूरजमल विहार, दिल्ली।
5. श्रीमती मोहनी जैन ध.प. श्री सुनील जैन, प्रीत विहार, दिल्ली।
6. श्री देवेन्द्र कुमार जैन (धारूहेड़ा वाले) गुड़गाँव (हरि.)।
7. श्रीमती शारदा रानी जैन ध.प. स्व. रिखबचंद जैन, बाहुबली एन्क्लेव, दिल्ली-92।
8. डॉ. देवेन्द्र कुमार जैन, भोपाल (म.प्र.)
9. श्रीमती संगीता जैन ध.प. श्री संजीव कुमार जैन, शेरकोट (बिजनौर) उ.प्र.
10. श्री अनिल कुमार जैन, दरियागंज, दिल्ली
11. श्री बी.डी. मदनाइक, मुम्बई
12. श्री धनकुमार जैन, बाहुबली एन्क्लेव, दिल्ली-92।
13. श्री जितेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती सुनीता जैन कोटड़िया, फ्लोरिडा, यू.एस.ए.
14. श्रीमती विमला देवी जैन ध.प. श्री ओमप्रकाश जैन, स्वालिक नगर, हरिद्वार (उत्तराखंड)।
15. श्री अमित जैन एवं संभव जैन सुपुत्र श्रीमती अनीता जैन ध.प. श्री मूलचंद जैन पाटनी, दिसपुर (कामरूप) आसाम।
16. श्रीमती अजित कुमारी जैन ध.प. श्री महेन्द्र कुमार जैन, ओबेदुल्लागंज (रायसेन) म.प्र.।
17. श्री नाभिकुमार जैन, जैन बुक डिपो, सी-4, पी.वी.आर. प्लाजा के पीछे, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली।

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला के परम संरक्षक

1. श्री माँगीलाल बाबूलाल पहाड़े, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)।
2. डॉ. प्रकाशचन्द्र जैन, 792 विवेकानंदपुरी, सिविल लाइन, सीतापुर (उ.प्र.)।
3. श्री सुमत प्रकाश जैन, गज्जू कटरा, शाहदरा, दिल्ली।
4. श्री सुनील कुमार जैन, द्वारा-सुनील टैक्सटाईल्स, सरधना (मेरठ) उ.प्र.।
5. स्व. श्री प्रकाश चंद अमोलक चंद जैन सर्राफ, सनावद (म.प्र.)।
6. श्री प्रद्युम्न कुमार जवेरी, रोकड़ियालेन, बोरीवली (वेस्ट) मुंबई।
7. श्रीमती उर्मिला देवी ध.प. श्री कान्ती प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
8. श्रीमती उषा जैन ध.प. श्री विमल प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
9. श्री आनन्द प्रकाश जैन (सौरम वाले) , गांधीनगर, दिल्ली।
10. श्रीमती सरिता जैन ध.प. श्री राजकुमार जैन, किदवई नगर, कानपुर।
11. स्व. श्रीमती कैलाशवती ध.प. श्री कैलाश चन्द्र जैन , तोपखाना बाजार, मेरठ।
12. श्री भानेन्द्र कुमार जैन, द्वारा-श्री विद्या जैन, भगत सिंह मार्ग, जयपुर।
13. श्री प्रदीप कुमार शान्तिलाल बिलाला, अनूपनगर, इंदौर, (म.प्र.)।
14. श्री सुरेशचंद पवन कुमार जैन, बाराबंकी (उ.प्र.)।
15. श्री नथमल पारसमल जैन, कलकत्ता-7।
16. श्रीमती स्व. शांताबाई ध.प. श्री कमलचंद जैन, सनावद (म.प्र.)।
17. श्री रूपचंद जैन कटारिया, दिल्ली
18. श्री आशु जैन, कालका जी, नई दिल्ली
19. श्री प्रद्युम्न कुमार जैन छोटी सा., श्री अमरचंद जैन सर्राफ, लखनऊ (उ.प्र.)
20. श्रीमती शशि जैन ध.प. श्री दिनेशचंद जैन, शिवालिक नगर, हरिद्वार (उत्तराखंड)।

विषयानुक्रमणिका

क्र.सं.	पूजन	पृष्ठ सं.
1.	मंगलाचरण	1
2.	चैत्यभक्ति (कृतिकर्म विधि सहित)	3
3.	पंचमहागुरुभक्ति (कृतिकर्म विधि सहित)	7
4.	नवदेवता पूजन	9
5.	ढाईद्वीप पूजा (समुच्चय पूजा)	14
6.	सिद्ध पूजा	19
7.	सुदर्शनमेरु जिनालय पूजा	25
8.	सुदर्शनमेरु संबंधी षट् कुलाचल जिनालय पूजा	33
9.	सुदर्शनमेरु संबंधी चार गजदंत जिनालय पूजा	39
10.	सुदर्शनमेरु संबंधी जंबूवृक्ष शाल्मलिवृक्ष जिनालय पूजा	44
11.	सुदर्शनमेरु संबंधी सोलह वक्षारगिरि जिनालय पूजा	50
12.	सुदर्शनमेरु संबंधी चौंतीस विजयार्ध जिनालय पूजा	58
13.	जम्बूद्वीप भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा	70
14.	जम्बूद्वीप ऐरावत क्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा	77
15.	जम्बूद्वीप विहरमाण तीर्थंकर पूजा	85
16.	जम्बूद्वीपस्थ नवदेवता पूजा	91
17.	धातकीखण्ड द्वीप इष्वाकार जिनालय पूजा	102
18.	विजयमेरु पूजा	107
19.	विजयमेरु संबंधी षट्कुलाचल जिनालय पूजा	115
20.	विजयमेरु संबंधी चार गजदंत जिनालय पूजा	122
21.	विजयमेरु संबंधि धातकी शाल्मलिवृक्ष जिनालय पूजा	127
22.	विजयमेरु के सोलह वक्षार पर्वत जिनालय पूजा	132
23.	विजयमेरु संबंधी चौंतीस विजयार्ध जिनालय पूजा	140
24.	पूर्व धातकीखण्ड भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा	153
25.	पूर्वधातकीखण्डद्वीप ऐरावतक्षेत्र वर्तमानकालीन तीर्थंकर पूजा	161
26.	पूर्वधातकीखण्डद्वीप विहरमाण तीर्थंकर पूजा	169

क्र.सं.	पूजन	पृष्ठ सं.
27.	पूर्व धातकीखण्डद्वीप नवदेवता पूजा	175
28.	पश्चिम धातकीखण्ड अचलमेरु पूजा	187
29.	अचलमेरु सम्बंधी षट्कुलाचल जिनालय पूजा	195
30.	अचलमेरु संबंधि गजदंत जिनालय पूजा	202
31.	अचलमेरु सम्बंधि धातकी वृक्ष शाल्मली वृक्ष जिनालय पूजा	208
32.	अचलमेरु सम्बंधि षोडश वक्षारगिरि जिनालय पूजा	214
33.	अचलमेरु सम्बंधि चौंतिस विजयार्ध जिनालय पूजा	222
34.	पश्चिम धातकीखण्ड भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा	235
35.	पश्चिम धातकीखण्ड ऐरावतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा	243
36.	पश्चिम धातकीखण्ड विहरमाण बीस तीर्थंकर पूजा	250
37.	पश्चिम धातकीखण्ड नवदेवता पूजा	256
38.	पुष्करार्ध द्वीप संबंधि इष्वाकार जिनालय पूजा	268
39.	मंदरमेरु पूजा	274
40.	मन्दरमेरु संबंधि षट् कुलाचल जिनालय पूजा	282
41.	मन्दरमेरु संबंधि चार गजदंत जिनालय पूजा	289
42.	मन्दरमेरु सम्बन्धी पुष्करतरु शाल्मलितरु जिनालय पूजा	295
43.	मन्दरमेरु संबंधि सोलह वक्षार जिनालय पूजा	300
44.	मन्दरमेरु संबंधि चौंतीस विजयार्ध जिनालय पूजा	308
45.	पूर्व पुष्करार्धद्वीप भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा	321
46.	पूर्व पुष्करार्धद्वीप ऐरावतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा	328
47.	पूर्व पुष्करार्ध विदेहक्षेत्र तीर्थंकर पूजा	335
48.	पूर्व पुष्करार्ध नवदेवता पूजा	340
49.	विद्युन्माली मेरु पूजा	351
50.	विद्युन्मालीमेरु संबंधि षट् कुलाचल जिनालय पूजा	358
51.	विद्युन्माली मेरु सम्बन्धी चार गजदंत जिनालय पूजा	365
52.	विद्युन्माली मेरु सम्बन्धी पुष्कर वृक्ष शाल्मलि वृक्ष जिनालय पूजा	371
53.	विद्युन्माली मेरु सम्बन्धी षोडश वक्षार जिनालय पूजा	377
54.	विद्युन्मालीमेरु के चौंतीस विजयार्ध जिनालय पूजा	386

क्र.सं.	पूजन	पृष्ठ सं.
55.	पश्चिम पुष्करार्धद्वीप भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा	397
56.	पश्चिम पुष्करार्धद्वीप ऐरावतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा	405
57.	पश्चिम पुष्करार्ध विहरमाण बीस तीर्थंकर पूजा	412
58.	पश्चिम पुष्करार्ध नवदेवता पूजा	418
59.	मानुषोत्तर पर्वत पूर्वदिक् जिनालय पूजा	431
60.	मानुषोत्तर पर्वत दक्षिण दिश जिनालय पूजा	436
61.	मानुषोत्तर पर्वत पश्चिम दिश जिनालय पूजा	440
62.	मानुषोत्तरपर्वत उत्तरदिश जिनालय पूजा	445
63.	कृत्रिम जिनालय पूजा	450
64.	ढाईद्वीप समवसरण पूजा	458
65.	पंचकल्याणक तीर्थ पूजा	471
66.	सिद्धशिला पूजा	481
67.	बड़ी जयमाला	490
68.	ढाई द्वीप विधान की प्रशस्ति	492
69.	ढाईद्वीप विधान की मंगल आरती	493
70.	ढाईद्वीप विधान का भजन	494
71.	भजन (जन्म मानव का पाया है जो.....)	495
72.	भजन (जिनमंदिर का निर्माण.....)	496

ढाईद्वीप विधान में प्रयुक्त छंदों के नाम

1. चौबोल छंद, 2. दोहा, 3. गीता छंद, 4. सोरठा, 5. शेर छंद, 6. शंभु छंद, 7. उपेन्द्रवज्रा छंद, 8. घत्ता छंद, 9. अडिल्ल छंद, 10. चौबोल छंद, 11. रोला छंद, 12. सुगीतिका छंद, 13.पद्धड़ी छंद, 14. तोटक छंद, 15. नरेन्द्र छंद, 16. त्रिभंगी छंद, 17. सवैया छंद, 18. मद-अवलिप्त कपोल छंद, 19. स्रग्विणी छंद, 20. चाल छंद, 21. लोलतरोल छंद, 22. चौपाई छंद, 23. पृथ्वी छंद, 24. अनंगशेखर छंद, 25. चामर छंद, 26. नाराच छंद, 27. सखी छंद, 28. जोगीरासा छंद, 29. विष्णुपद छंद, 30. काव्य छंद, 31. द्रुतविलम्बित छंद, 32. राग भरतरी, 33. हरिगीतिका छंद, 34. भुजंगप्रयात छंद, 35. लक्ष्मीधरा छंद, 36.कुसुमलता छंद, 37. मोतीदाम छंद, 38. बसंततिलका छंद, 39. अनुष्टुप् छंद।

ढाई द्वीप विधान

-मंगलाचरण-

अर्हन्तो मंगलं कुर्युः, सिद्धाः कुर्युश्च मंगलम्।
आचार्याः पाठकाश्चापि, साधवो मम मंगलम्।।1।।
मंगलं जिनधर्मः स्यात्, जिनवाणी च मंगलम्।
जिनार्चा जिनगेहाश्च, कुर्वन्तु मम मंगलम्।।2।।
कृत्रिमाकृत्रिमाः सर्वे, नरलोके जिनालयाः।
कृताकृता जिनार्चाश्च, ते ताः कुर्वन्तु मंगलम्।।3।।
चतुर्विंशतितीर्थेशा, भरतैरावतोद्भवाः।
विदेहक्षेत्रजाः सर्वे, ते मे कुर्वन्तु मंगलम।।4।।
त्रैलोक्यशिखराग्रे या, भाति सिद्धशिला शुभा।
अनंतानंत-सिद्धेभ्यो, भृता कुर्यात् सुमंगलम्।।5।।

अथ जिनयज्ञप्रतिज्ञापनाय मंडलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-चौबोल छंद-

इन ढाईद्वीप में जितने भी, तीर्थंकर गणधर औ यतिगण।
वर्तमान केवलि श्रुतकेवलि, ऋषिगण आदिक उन्हें नमन।।
पंचकल्याणक भूमि तथा अतिशययुत क्षेत्र सभी प्रणमूँ।
कृत्रिम अकृत्रिम जिन प्रतिमा, जिनगृह को मैं नित्य नमूँ।।1।।

पंच भरत पंचैरावत में, चौबिस जिनवर को प्रणमन।
एक सौ साठ विदेहों के भी, सभी तीर्थकर को वंदन।।
त्रिभुवन के मस्तक पर सिद्ध-शिला पर सिद्ध अनंतानंत।
नमूँ नमूँ मैं सब सिद्धों को, पा जाऊँ मैं सौख्य अनंत।।2।।

-दोहा-

तीन शतक अट्ठानवे, जिनगृह शाश्वत नित्य।
ढाईद्वीप के नित नमूँ, पाऊँ निजसुख नित्य।।3।।
त्रैकालिक नवदेवता, कहे अनंतानंत।
ढाईद्वीप के नमत ही, हों नवलब्धि अनंत।।4।।
ढाईद्वीप से ही हुये, सिद्ध अनंतानंत।
इक सौ सत्तर कर्मभू, यहीं हुए भगवंत।।5।।
इन सबको नित भक्ति से, नमूँ अनंतों बार।
जिन भक्ति ही एकली, करे भवोदधि पार।।6।।
ढाईद्वीप विधान को, करो करावो भव्य।
नवदेवों की भक्ति से, पावो निजसुख नव्य।।7।।

अथ जिनयज्ञप्रतिज्ञापनाय मंडलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

चैत्यभक्ति

(कृतिकर्म विधि सहित)

अथ सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-नवदेववन्दनाक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावन्दनास्तवसमेतं चैत्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहम्।

(पंचांग नमस्कार करें, खड़े होकर तीन आवर्त एक शिरोनति करके मुक्ताशुक्ति मुद्रा के द्वारा सामायिक दंडक पढ़ें।)

सामायिक दंडक

णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं।।

चत्तारि मंगलं—अरहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहु मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा—अरहंत लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि—अरहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहु सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि।

ढाई द्वीप अरु दो समुद्र गत, पन्द्रह कर्म भूमियों में।
जो अर्हत भगवंत आदिकर, तीर्थंकर जिन जितने हैं।।1।।
तथा जिनोत्तम केवलज्ञानी, सिद्ध शुद्ध परि निर्वृतदेव।
पूज्य अंतकृत भवपारंगत, धर्माचार्य धर्मदेशक।।2।।
धर्म के नायक धर्मश्रेष्ठ, चतुरंग चक्रवर्ती श्रीमान्।
श्री देवाधिदेव अरु दर्शन-ज्ञान चरित गुण श्रेष्ठ महान।।3।।
करूँ वंदना मैं कृतिकर्म, विधि से ढाई द्वीप के देव।
सिद्ध चैत्य गुरुभक्ति पठन कर, नमूँ सदा बहुभक्ति समेत।।4।।
भगवन् ! सामायिक करता हूँ, सब सावद्य योग तज कर।
यावज्जीवन वचन कायमन, त्रिकरण से न करूँ दुःखकर।।5।।
नहीं कराऊँ नहिं अनुमोदूँ, हे भगवन् ! अतिचारों को।
त्याग करूं निंदूं गर्हूं, अपने को मम आत्मा शुचि हो।।6।।

जब तक भगवत् अर्हद्देव की, करूँ उपासना हे जिनदेव।
तब तक पापकर्म दुश्चारित, का मैं त्याग करूँ स्वयमेव।।7।।

(तीन आवर्त एक शिरोनति करके 27 उच्छ्वास में **9 बार महामंत्र का जाप्य**, पुनः पंचांग नमस्कार-तीन आवर्त एक शिरोनति करके खड़े होकर मुक्ताशुक्ति मुद्रा द्वारा हाथ जोड़कर 'थोस्सामिस्तव' पढ़ें।)-

थोस्सामि स्तवन

स्तवन करूँ जिनवर तीर्थंकर, केवलि अनंत जिन प्रभु का।
मनुज लोक से पूज्य कर्मरज, मल से रहित महात्मन् का।।1।।
लोकोद्योतक धर्म तीर्थकर, श्रीजिन का मैं नमन करूँ।
जिन चउबीस अर्हंत तथा, केवलि-गण का गुणगान करूँ।।2।।
ऋषभ, अजित, संभव, अभिनन्दन, सुमतिनाथ का कर वंदन।
पद्मप्रभ जिन श्री सुपार्श्व प्रभु, चन्द्रप्रभ का करूँ नमन।।3।।
सुविधि नामधर पुष्पदंत, शीतल श्रेयांस जिन सदा नमूँ।
वासुपूज्य जिन विमल अनंत, धर्मप्रभु शान्तिनाथ प्रणमूँ।।4।।
जिनवर कुन्थु अरह मल्लिप्रभु, मुनिसुव्रत नमि को ध्याऊँ।
अरिष्टनेमि प्रभु श्री पारस, वर्धमान पद शिर नाऊँ।।5।।
इस विध संस्तुत विधुत रजोमल, जरा मरण से रहित जिनेश।
चौबीसों तीर्थंकर जिनवर, मुझ पर हों प्रसन्न परमेश।।6।।
कीर्तित वंदित महित हुए ये, लोकोत्तम जिन सिद्ध महान् ।
मुझको दें आरोग्यज्ञान अरु, बोधि समाधि सदा गुणखान।।7।।
चन्द्र किरण से भी निर्मलतर, रवि से अधिक प्रभाभास्वर।
सागर सम गंभीर सिद्धगण, मुझको सिद्धी दें सुखकर।।8।।

(3 आवर्त 1 शिरोनति करके वंदनामुद्रा के द्वारा)

चैत्यभक्ति

जय हे भगवन् ! चरण कमल तव, कनक कमल पर करें विहार।
इन्द्रमुकुट की कांति प्रभा से, चुंबित शोभें अति सुखकार।।

जातविरोधी कलुषमना, क्रुध मान सहित जन्तूगण भी।
ऐसे तव पद का आश्रय ले, प्रेम भाव को धरें सभी।।1।।

जय हो श्रेयस्कर धर्मामृत, वृद्धिंगत महिमाशाली।
कुगति कुपथ से प्राणीगण को, निकालकर दे सुख भारी।।
नय को मुख्य गौण करने से, बहुत भेदयुत सुखदाता।
ऐसे जिनवचनामृतमय, हे धर्म! करो जग से रक्षा।।2।।

जय हो जैनी वाणी जग में, सप्तभंगमय गंगा है।
व्यय उत्पाद ध्रौव्ययुत द्रव्यों, के स्वभाव को प्रगट करे।।
अनुपम शिवसुख द्वार खोलती, अव्यय सुख को देती है।
विघ्न रहित अरु कर्म धूलि से, रहित मोक्ष को देती है।।3।।

अर्हत सिद्धाचार्य उपाध्याय, सर्व साधुगण सुरवंदित।
त्रिभुवन वंदित पंच परम गुरु, नमोऽस्तु तुमको मम संतत।।4।।

मोहारि के घातक द्वयरज, आवरणों से रहित जिनेश।
विघ्न-रहस विरहित पूजा के, योग्य अर्हत को नमूँ हमेश।।5।।

क्षमादि उत्तम गुणगण साधक, सकल लोक हित हेतु महान्।
शुभ शिवधाम धरे ले जाकर, जिनवर धर्म नमूँ सुख खान।।6।।

मिथ्याज्ञान तमोवृत जग में, ज्योतिर्मय अनुपम भास्कर।
अंगपूर्वमय विजयशील, जिनवचन नमूँ मैं शिर नत कर।।7।।

भवनवासि व्यन्तर ज्योतिष, वैमानिक में नरलोक में ये।
जिनभवनों की त्रिभुवन वंदित, जिनप्रतिमा को वंदूँ मैं।।8।।

भुवनत्रय में जितने जिनगृह,भवविरहित तीर्थंकर के।
भवाग्नि शांति हेतु नमूँ मैं, त्रिभुवनपति से अर्चित ये।।9।।

इस विध प्रणुत पंचपरमेष्ठी, श्री जिनधर्म जिनागम को।
विमल चैत्य चैत्यालय वंदूँ, बुधजन इष्ट बोधि मम दो।।10।।

द्युतिकर जिनगृह में अकृत्रिम, कृत्रिम अप्रमेय द्युतिमान।
नर सुर पूजित भुवनत्रय के, सब जिन बिंब नमूँ गुणखान।।11।।

द्युतिमंडल भासुर तनु शोभित, जिनवर प्रतिमा अप्रतिम हैं।
जग में वैभवहेतु उन्हें, वंदूँ अंजलिकर शिर नत मैं।।12।।

आयुध विक्रिय भूषा विरहित, जिनगृह में प्रतिमा प्राकृत।
कांती से अनुपम हैं कल्मष, शांति हेतु मैं नमूँ सतत।।13।।

परम शांति से कषायमुक्ती, को कहती मनहर अभिरूप।
भव के अंतक जिन की प्रतिमा, प्रणमूँ मन विशुद्धि के हेतु।।14।।

दुष्कृतपथ रोधक मम सिद्ध-भक्ति से हुआ पुण्य जो भी।
भव-भव में जिनधर्म हि में, दृढ़ भक्ति रहे फल मिले यही।।15।।

अंचलिका (बैठकर)

भगवन् ! चैत्यभक्ति अरु कायोत्सर्ग किया उसमें जो दोष।
उनकी आलोचन करने को, इच्छुक हूँ धर मन सन्तोष।।
अधो मध्य अरु ऊर्ध्वलोक में, अकृत्रिम कृत्रिम जिनचैत्य।
जितने भी हैं त्रिभुवन के, चउविध सुर करें भक्ति से सेव।।1।।

भवनवासि व्यंतर ज्योतिष, वैमानिक सुर परिवार सहित।
दिव्य गंध सुम धूप चूर्ण से, दिव्य न्हवन करते नितप्रति।।
अर्चें पूजें वंदन करते, नमस्कार वे करें सतत।
मैं भी उन्हें यहीं पर अर्चूं, पूजूँ वदूँ नमूँ सतत।।2।।

दुःखों का क्षय कर्मों का क्षय, होवे बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुण संपति होवे।।3।।

अथ सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-पंचपरमेष्ठिवंदनाक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावंदनास्तवसमेतं पंचमहागुरुभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहम्।

(पंचांग नमस्कार करके खड़े होकर 3 आवर्त एक शिरोनति करें, मुक्ताशुक्तिमुद्रा से पूर्ववत् 'सामायिक दंडक' पढ़कर 3 आवर्त 1 शिरोनतिपूर्वक कायोत्सर्ग (9 जाप्य) करें पुनः साष्टांग नमस्कार करके खड़े होकर 3 आवर्त 1 शिरोनति कर मुक्ताशुक्तिमुद्रा से 'थोस्सामि स्तवन' पढ़कर पुनरपि 3 आवर्त 1 शिरोनति करके वंदना-मुद्रा से 'पंचमहागुरु भक्ति' पढ़ें।)

पंचमहागुरु भक्ति

(कृतिकर्म विधि सहित)

सुरपति नरपति नागइन्द्र मिल, तीन छत्र धारें प्रभु पर।
पंचमहाकल्याणक सुख के, स्वामी मंगलमय जिनवर।।
अनंत दर्शन ज्ञान वीर्य सुख, चार चतुष्टय के धारी।
ऐसे श्री अर्हंत परमगुरु, हमें सदा मंगलकारी।।1।।

ध्यान अग्निमय बाण चलाकर, कर्मशत्रु को भस्म किये।
जन्म जरा अरु मरणरूप-त्रय नगर जला त्रिपुरारि हुए।।
प्राप्त किये शाश्वत शिवपुर को, नित्य निरंजन सिद्ध बने।
ऐसे सिद्धसमूह हमें नित, उत्तम ज्ञान प्रदान करें।।2।।

पंचाचारमयी पंचाग्नी में जो तप तपते रहते।
द्वादश अंगमयी श्रुतसागर, में नित अवगाहन करते।।
मुक्तिश्री के उत्तम वर हैं, ऐसे श्री आचार्य प्रवर।
महाशीलव्रत ज्ञान-ध्यानरत, देवें हमें मुक्ति सुखकर।।3।।

यह संसार भयंकर दुखकर, घोर महावन है विकराल।
दुखमय सिंह व्याघ्र अति तीक्षण, नख अरु डाढ़ सहित विकराल।।
ऐसे वन में मार्गभ्रष्ट, जीवों को मोक्षमार्ग दर्शक।
हित उपदेशी उपाध्याय गुरु, का मैं वंदन करूँ सतत।।4।।

उग्र-उग्र तप करें त्रयोदश-क्रिया चरित में सदा कुशल।
क्षीण शरीरी धर्मध्यान अरु, शुक्लध्यान में नित तत्पर।।
अतिशय तप लक्ष्मी के धारी, महासाधुगण इस जग में।
महा मोक्षपथगामी गुरुवर, हमको रत्नत्रय निधि दें।।5।।

इस संस्तव से जो जन पंच-परमगुरु का वंदन करते।
वे गुरुतर भव-लता काटकर, सिद्ध सौख्य संपत् लभते।।
कर्मेन्धन के पुंज जलाकर, जग में मान्य पुरुष बनते।
पूर्ण ज्ञानमय परमाह्लादक, स्वात्म सुधारस को चखते।।6।।

–दोहा –

अर्हत् सिद्धाचार्य अरु, पाठक साधु महान।
पंचपरमगुरु हों मुझे, भव - भव में सुखखान।।7।।

अंचलिका (बैठकर)

–दोहा –

भगवन् पंचमहागुरु, भक्ति कायोत्सर्ग।
करके आलोचन विधि, करना चाहूँ सर्व।।1।।

अष्ट महाशुभ प्रातिहार्य, संयुत अर्हंत जिनेश्वर हैं।
अष्ट गुणान्वित ऊर्ध्वलोक, मस्तक पर सिद्ध विराज रहे।।
अठ प्रवचन माता संयुत हैं, श्री आचार्य प्रवर जग में।
आचारादिक श्रुतज्ञानामृत, उपदेशी पाठकगण हैं।।2।।

रत्नत्रय गुण पालन में रत, सर्वसाधु परमेष्ठी हैं।
नितप्रति अर्चूं पूजूँ वंदूँ, नमस्कार मैं करूँ उन्हें।।
दुःखों का क्षय कर्मों का क्षय, होवे बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुण संपति होवे।।3।।

नवदेवता पूजन

–गीता छन्द –

अरिहंत सिद्धाचार्य पाठक, साधु त्रिभुवन वंद्य हैं।
जिनधर्म जिनआगम जिनेश्वर, मूर्ति जिनगृह वंद्य हैं।।
नव देवता ये मान्य जग में, हम सदा अर्चा करें।
आह्वान कर थापें यहाँ, मन में अतुल श्रद्धा धरें।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधीकरणं।

–अथाष्टकं –

गंगानदी का नीर निर्मल, बाह्य मल धोवे सदा।
अंतर मलों के क्षालने को, नीर से पूजूँ मुदा।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर मिश्रित गंध चंदन, देह ताप निवारता।
तुम पाद पंकज पूजते, मन ताप तुरतहिं वारता।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षीरोदधी के फेन सम सित, तंदुलों को लायके।
उत्तम अखंडित सौख्य हेतु, पुंज नवसु चढ़ायके।।

नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

चम्पा चमेली केवड़ा, नाना सुगन्धित ले लिये।
भव के विजेता आपको, पूजत सुमन अर्पण किये।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पायस मधुर पकवान मोदक, आदि को भर थाल में।
निज आत्म अमृत सौख्य हेतू, पूजहूँ नत भाल मैं।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर ज्योति जगमगे, दीपक लिया निज हाथ में।
तुम आरती तम वारती, पाऊँ सुज्ञान प्रकाश मैं।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशगंधधूप अनूप सुरभित, अग्नि में खेऊँ सदा।
निज आत्मगुण सौरभ उठे, हों कर्म सब मुझसे विदा।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अंगूर अमरख आम्र अमृत, फल भराऊँ थाल में।
उत्तम अनूपम मोक्ष फल के, हेतु पूजूँ आज मैं।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंध अक्षत पुष्प चरु, दीपक सुधूप फलार्घ्य ले।
वर रत्नत्रय निधि लाभ यह, बस अर्घ्य से पूजत मिले।।
नवदेवताओं की सदा जो, भक्ति से अर्चा करें।
सब सिद्धि नवनिधि रिद्धि मंगल, पाय शिवकांता वरें।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–दोहा –

जलधारा से नित्य मैं, जग की शांति हेत।
नवदेवों को पूजहूँ, श्रद्धा भक्ति समेत।।10।।

शांतये शांतिधारा।

नानाविध के सुमन ले, मन में बहु हरषाय।
मैं पूजूँ नव देवता, पुष्पांजली चढ़ाय।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य – **ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

सोरठा – **चिच्चिंतामणिरत्न, तीन लोक में श्रेष्ठ हो।**
गाऊँ गुणमणिमाल, जयवंते वर्तो सदा।।1।।

(चाल-हे दीनबन्धु श्रीपति.....)

जय जय श्री अरिहंत देवदेव हमारे।
जय घातिया को घात सकल जंतु उबारे।।
जय जय प्रसिद्ध सिद्ध की मैं वंदना करूँ।
जय अष्ट कर्ममुक्त की मैं अर्चना करूँ।।2।।

आचार्य देव गुण छत्तीस धार रहे हैं।
दीक्षादि दे असंख्य भव्य तार रहे हैं।।
जैवंत उपाध्याय गुरु ज्ञान के धनी।
सन्मार्ग के उपदेश की वर्षा करें घनी।।3।।

जय साधु अठाईस गुणों को धरें सदा।
निज आत्मा की साधना से च्युत न हों कदा।।
ये पंचपरमदेव सदा वंद्य हमारे।
संसार विषम सिंधु से हमको भी उबारें।।4।।

जिनधर्म चक्र सर्वदा चलता ही रहेगा।
जो इसकी शरण ले वो सुलझता ही रहेगा।।
जिन की ध्वनि पीयूष का जो पान करेंगे।
भव रोग दूर कर वे मुक्ति कांत बनेंगे।।5।।

जिन चैत्य की जो वंदना त्रिकाल करे हैं।
वे चित्स्वरूप नित्य आत्म लाभ करे हैं।।
कृत्रिम व अकृत्रिम जिनालयों को जो भजें।
वे कर्मशत्रु जीत शिवालय में जा बसें।।6।।

नव देवताओं की जो नित आराधना करें।
वे मृत्युराज की भी तो विराधना करें।।
मैं कर्मशत्रु जीतने के हेतु ही जजूँ।
सम्पूर्ण ''ज्ञानमती'' सिद्धि हेतु ही भजूँ।।7।।

–दोहा –

नवदेवों को भक्तिवश, कोटि कोटि प्रणाम।
भक्ती का फल मैं चहूँ, निजपद में विश्राम।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतिधारा, पुष्पांजलिः।

–गीता छंद –

जो भव्य श्रद्धाभक्ति से, नवदेवता पूजा करें।
वे सब अमंगल दोष हर, सुख शांति में झूला करें।।
नवनिधि अतुल भंडार ले, फिर मोक्ष सुख भी पावते।
सुखसिंधु में हो मग्न फिर, यहाँ पर कभी न आवते।।1।।

।। इत्याशीर्वादः ।।

ढाईद्वीप पूजा

(समुच्चय पूजा)

-अथ स्थापना-शंभु छंद-

अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय सर्वसाधु परमेष्ठी हैं।
जिनधर्म जिनागम जिनप्रतिमा जिनमंदिर सब जग पूजित हैं।।
इन ढाईद्वीप में इक सौ सत्तर कर्मभूमि में ही ये हैं।
इस ही प्रमाण है सिद्धशिला यहाँ से ही मुक्ती पाते हैं।।1।।

-दोहा-

पंचकल्याणक तीर्थ भी, ढाई द्वीप में मान्य।
नमूँ नमूँ मैं भक्तियुत, पाऊँ निज सुख साम्य।।2।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरणपंचकल्याणकतीर्थसर्वसिद्धसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं श्रीसार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरणपंचकल्याणकतीर्थसर्वसिद्धसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं श्रीसार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरणपंचकल्याणकतीर्थसर्वसिद्धसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथ अष्टकं-शंभु छंद

गंगा नदि का शुचि जल लेकर, प्रभु चरण चढ़ाने आये हैं।
भव भव का कलिमल धोने को, श्रद्धा से अति हरषाये हैं।।
ढाईद्वीपों के नव देवों को, नमें कल्याणकतीर्थ नमें।
अकृत्रिम कृत्रिम जिनप्रतिमा, को सिद्धो को हम कोटि नमें।।1।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरणपंचकल्याणकतीर्थसर्वसिद्धेभ्यः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

हरिचंदन कुंकुम गंध लिये, जिनचरण चढ़ाने आये हैं।
मोहारिताप संतप्त हृदय, प्रभु शीतल करने आये हैं।।ढाई..।।2।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरण-पंचकल्याणकतीर्थ-सर्वसिद्धेभ्यः संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षीराम्बुधि फेन सदृश उज्ज्वल, अक्षत धोकर ले आये हैं।
क्षय विरहित अक्षय सुख हेतु, प्रभु पुंज चढ़ाने आये हैं।।ढाई..।।3।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरण-पंचकल्याणकतीर्थ-सर्वसिद्धेभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

बेला चंपक अरविंद कुमुद, सुरभित पुष्पों को लाये हैं।
मदनारिजयी तव चरणों में, हम अर्पण करने आये हैं।।ढाई..।।4।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरण-पंचकल्याणकतीर्थ-सर्वसिद्धेभ्यः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पूरणपोली खाजा गूझा, मोदक आदिक बहु लाये हैं।
निज आतम अनुभव अमृत हित, नैवेद्य चढ़ाने आये हैं।।ढाई..।।5।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरण-पंचकल्याणकतीर्थ-सर्वसिद्धेभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणिमय दीपक में ज्योति जले, सब अंधकार क्षण में नाशे।
दीपक से पूजा करते ही, सज्ज्ञान ज्योति निज में भासे।।ढाई..।।6।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरण-पंचकल्याणकतीर्थ-सर्वसिद्धेभ्यः मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

दशगंध विमिश्रित धूप सुरभि, धूपायन में खेते क्षण ही।
कटु कर्म दहन हो जाते हैं, मिलता समरस सुख तत्क्षण ही।।
ढाईद्वीपों के नव देवों, को नमें कल्याणकतीर्थ नमें।
अकृत्रिम कृत्रिम जिनप्रतिमा, को सिद्धो को हम कोटि नमें।।7।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरण-पंचकल्याणकतीर्थ-सर्वसिद्धेभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

एला केला अंगूरों के, गुच्छे अतिसरस मधुर लाये।
परमानंदामृत चखने हित, फल से पूजन कर हर्षाये।।ढाई..।।8।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरण-पंचकल्याणकतीर्थ-सर्वसिद्धेभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल चंदन अक्षत पुष्प चरु, वर दीप धूप फल लाये हैं।
निजगुण अनंत की प्राप्ति हेतु, प्रभु अर्घ्य चढ़ाने आये हैं।।ढाई..।।9।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-तीर्थंकरसमवसरण-पंचकल्याणकतीर्थ-सर्वसिद्धेभ्यः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-उपेन्द्रवज्रा छंद-

त्रैलोक्य शांतीकर शांतिधारा, श्री तीर्थंकरों के पदकंज धारा।
निज स्वांत शांतीहित शांतिधारा, करते मिले हैं भवदधि किनारा।।10।।

शांतये शांतिधारा।

सुरकल्पतरु के वर पुष्प लाऊँ, पुष्पांजलि कर निज सौख्य पाऊँ।
संपूर्ण व्याधी भय को भगाऊँ, शोकादि हरके सब सिद्धि पाऊँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य – **ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-त्रैकालिकनवदेवताभ्यो नमः।**

जयमाला

जय ढाईद्वीप के अर्हत्प्रभु, जय सिद्ध आदि नवदेवों की।
जय जय जिनधर्म जिनागम की, जय जिनप्रतिमा जिनमंदिर की।।
जय स्वयं सिद्ध शाश्वत जिनगृह, चिंतामणि चिंतित फलदाता।
जय कामधेनु सुर कल्पवृक्ष, पारसमणि वांछित फलदाता।।1।।

जय पांच मेरू वक्षारगिरी, गजदन्त कुलाचल के मंदिर।
विजयारध, जम्बू शालमली, तरु के इष्वाकृति के मंदिर।।
मनुजोत्तर पर्वत तक ये त्रयशत, अट्ठानवे जिनालय हैं।
इन सबमें इक सौ आठ, एक सौ आठ जैन प्रतिमाएँ हैं।।2।।

स्वात्मानन्दैक परम अमृत, झरने से झरते समरस को।
जो पीते रहते हैं मुनिगण, वे भी उत्कण्ठित दर्शन को।।
वे ध्यान धुरंधर ध्यान मूर्ति, यतियों को ध्यान सिखाती हैं।
भव्यों को अतिशय पुण्यमयी, अनवधि पीयूष पिलाती हैं।।3।।

मेरु के त्रिभुवनतिलक नाम, जिनमंदिर में सुर जाते हैं।
इक सहस आठ घट क्षीरजलधि, पय से अभिषेक रचाते हैं।।
भावनपति दस व्यंतरें आठ, ज्योतिषपति दो कल्पामर के।
बारह सुरपति मिल इंद्र सभी, बत्तीस जजें जिन रुचि धरके।।4।।

इस ढाईद्वीप के पाँच भरत, पंचैरावत में आर्यखंड।
इनमें चौथे कालों में ही, चौबिस चौबिस तीर्थेश वंद्य।।
ये सर्व अनंतानंतों ही, त्रयकालिक तीर्थंकर मानें।
मैं इनको वंदूँ शीश झुका, ये मेरे जन्म मरण हानें।।5।।

पांचों विदेह के सीमंधर, युगमंधर आदि बीस जिनवर।
ये सतत विहार करें वहाँ पर, मैं नमूँ नमूँ नित अंजलिकर।।
सब इक सौ साठ विदेह, भरत, ऐरावत मिल इक सौ सत्तर।
इन कर्मभूमि में अधिक-अधिक, हो सकते इतने तीर्थंकर।।6।।

इन तीर्थंकर को नित्य नमूं, निज आत्म सुखामृत पा जाऊँ।
इन कर्मभूमि में ही अर्हंत, सिद्ध होते उनको ध्याऊं।।

आचार्य उपाध्याय साधूगण, इन कर्मभूमि में होते हैं।
जिनधर्म जिनागम यहीं रहें, इन वंदन अघमल धोते हैं।।7।।
इन कर्मभूमि में ही मानव, जिनबिंब जिनालय बनवाते।
तीर्थंकर पंच परमगुरु की, प्रतिमा बनवाकर पधराते।।
नवदेव बिंब भी बनवाते, जिनयक्ष यक्षिणी बनवाते।
दिक्पाल क्षेत्रपालों से युत, जिनमंदिर अति शोभा पाते।।8।।

सब कत्रिम जिनमंदिर प्रणमूँ, जिनप्रतिमाओं को नित्य नमूं।
हीरा माणिक रत्नादि घटित, पाषाण आदि जिनबिंब नमूँ।।
अर्हंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय, साधु पंच परमेष्ठी को।
मैं नित्य नमूँ जिनधर्म जिनागम, जिनमंदिर जिनमूर्ती को।।9।।

ढाई द्वीपों के मंदिर तक, मानव विद्याधर जाते हैं।
आकाश गमन ऋद्धीधारी, ऋषिगण भी दर्शन पाते हैं।।
आवो आवो हम भी पूजें, ध्यावें वंदे गुणगान करें।
भव-भव के संचित कर्मपुंज, सब नष्ट करें शिव प्राप्त करें।।10।।

त्रिभुवन चूड़ामणि सिद्धशिला, पैंतालिस लाख सुयोजन की।
त्रयकालिक सिद्ध अनंतानंत, इसी पर तिष्ठें नित्य सभी।।
इस सिद्धशिला को नित्य नमूँ, सब सिद्धों की वंदना करूँ।
निज 'ज्ञानमती' ज्योतिर्माला, पहनूँ फिर मुक्त्यंगना वरूँ।।11।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयपंचकल्याणकतीर्थसर्वसिद्धेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नरसुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं.1)

सिद्ध पूजा

अथ स्थापना–शंभु छन्दः

(चाल–श्रीपति जिनवर)

सिद्धी के स्वामी सिद्धचक्र, सब जन को सिद्धी देते हैं।
साधक आराधक भव्यों के, भव-भव के दुःख हर लेते हैं।।
निज शुद्धात्मा के अनुरागी, साधूजन उनको ध्याते हैं।
स्वात्मैक सहज आनंद मगन, होकर वे शिव सुख पाते हैं।।1।।

–दोहा–

सिद्धों का नित वास है, लोक शिखर शुचि धाम।
नमूं नमूं सब सिद्ध को, सिद्ध करो मम काम ।।2।।
मनुज लोक भव सिद्धगण, त्रैकालिक सुखदान।
क्रम से देश 'महावत्सा' में रजताचल है जानो।
गंगा सिन्धू नदियों से भी, छह खंड होते मानो।।मध्य.11।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे महावत्सादेश-स्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'वत्सकावती' वहां नित, कर्मभूमि मन भावे।
भव्य जीवगण कर्म अरी हन, मुक्तिरमा सुख पावें।।मध्य.।।12।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे वत्सकावतीदेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रम्यादेश' आर्यखंड में, असि मषि आदि क्रिया हैं।
क्षत्रिय वैश्य शूद्र त्रयवर्णी, होते सदा जहाँ हैं।।मध्य.।।13।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे रम्यादेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुरम्या' शुभविदेह में, देह नाश कर प्राणी।
हो जाते हैं वे विदेह इस, हेतू सार्थक नामी।।मध्य.।।14।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे सुरम्यादेश-स्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रमणीया' शुभदेश वहाँ पर तीर्थंकर नित होते।
समवशरण में भव्य जीवगण जिनधुनि सुन मल धोते।।मध्य.।।15।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे रमणीयादेश-स्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'मंगलावती' जहां पर, मुनिगण नित्य विचरते।
चिच्चैतन्य चमत्कारी निज, शुद्धातम में रमते।।

मध्य रजतगिरि सिद्धकूट पर, जिनमंदिर अभिरामा।
जिनवर चरण कमल हम पूजें, मिले सर्वसुख धामा।।16।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे मंगलावतीदेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–अडिल्ल छंद–

अपर विदेह सीतोदहिं इधर में।
भद्रसाल वन पास, जु 'पद्मा' नगरि में।।
मध्य रजतगिरि तापे श्री जिनगेह हैं।
जिनगुण संपत्ति हेतु, जजो धर नेह है।।17।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे पद्मादेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अपर विदेह सुमाहिं, नदी के अवर में।
'देश सुपद्मा' मध्य आरज खंड में।।मध्य.।।18।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे सुपद्मादेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महापद्मा' छहखंडों युत सही।
असि मषि आदिक् छह किरिया वहां नित कहीं।।मध्य.।।19।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे महापद्मादेश-स्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पद्मकावती' मनोहर जानिये।
जिन चैत्यालय ठौर ठौर पर मानिये।।मध्य.।।20।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे पद्मकावतीदेश-स्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'शंखा' देशविषैं जिनधर्महि एक है।
अन्य धर्म का नाम जहाँ नहिं लेश है।।मध्य.।।21।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे शंखादेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'नलिनी ' देश विदेह, कर्मभूमी सदा।
मुनिवर आतम ध्याय कर्म से हों जुदा।।
मध्य रजतगिरि तापे श्री जिनगेह हैं।
जिनगुण संपत्ति हेतु, जजो धर नेह है।।22।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे नलिनीदेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'कुमुद' देश के माहिं जिनेश्वर नित रहें।
समवसरण में भविक, धर्म अमृत लहें।।मध्य.।।23।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे कुमुददेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'सरित' देश में सदा मुमुक्षूजन बसें।
मोक्ष प्राप्ति की आश धरे तन को कसें।।मध्य.।।24।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतानदीदक्षिणतटे सरितदेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–लोलतरोल छंद–

सीतोदा के उत्तर दिक् में, देवारण्य निकट 'वप्रा' में।
बीचोंबीच रूप्यगिरि सोहे, तापर जिनगृह मुनि मन मोहे।।25।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतोदानद्युत्तरतटे वप्रादेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुवप्रा' आरज खंड में, ईति भीति दुर्भिक्ष न उनमें।
बीचोंबीच रूप्यगिरि सोहे, तापर जिनगृह मुनि मन मोहे।।26।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतोदानद्युत्तरतटे सुवप्रादेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महावप्रा' सुखदाता, स्वर्ग मोक्ष का सही विधाता।
बीचोंबीच रूप्यगिरि सोहे, तापर जिनगृह मुनि मन मोहे।।27।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतोदानद्युत्तरतटे महावप्रादेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'वप्रकावती' सुहाता, सुर नर किन्नर के मन भाता।
बीचोंबीच रूप्यगिरि सोहे, तापर जिनगृह मुनि मन मोहे।।28।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतोदानद्युत्तरतटे वप्रकावतीदेश-स्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'गंधादेश' विषैं जिनगेहा, उन्हें जजें सुर नर धर नेहा।
बीचोंबीच रूप्यगिरि सोहे, तापर जिनगृह मुनि मन मोहे।।29।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतोदानद्युत्तरतटे गंधादेश-स्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुगन्धा' मुक्ति प्रदानी, मुनि तप करें वरें शिवरानी।
बीचोंबीच रूप्यगिरि सोहे, तापर जिनगृह मुनि मन मोहे।।30।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतोदानद्युत्तरतटे सुगन्धादेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'गंधिला' में जो जन्मे, पूर्वकोटि आयूवर उनमें।
बीचोंबीच रूप्यगिरि सोहे, तापर जिनगृह मुनि मन मोहे।।31।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतोदानद्युत्तरतटे गंधिलादेशस्थित-विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'गंधमालिनी' में होते जो, तनु ऊँचे वर धनुष पांच सौ।
बीचों बीच रूप्यगिरि सोहे, तापर जिनगृह मुनि मन मोहे।।32।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसीतोदानद्युत्तरतटे गंधमालिनीदेश-स्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–चौपाई छंद–

'भरत क्षेत्र' में हैं छह खंड, विजयाद्रि इस आरज खंड।
सिद्धकूट पर श्री जिनधाम, जिनपद पूजूँ करूँ प्रणाम।।33।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिभरतक्षेत्रस्थविजयार्धपर्वतसिद्धकूट-जिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'ऐरावत' मधि रजतगिरीश, तापर सिद्धकूट जिन ईश।
जल गंधादिक अर्घ्य मिलाय, पूजन करूँ मुदित गुण गाय।।34।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थविजयार्धपर्वतसिद्धकूट-जिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-शम्भु छंद-

कनकाचल के पूर्वापर में, बत्तीस रजतगिरि माने हैं।
इक भरत एक ऐरावत के, दो रूप्याचल परधाने हैं।।
इन चौंतिस के सब सिद्धकूट, मणिमय जिनबिंब विराजे हैं।
जल गंधादिक ले पूजत ही, मेरे सब पातक भाजे हैं।।35।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य-**ॐ ह्रीं अर्हं शाश्वतजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यो नमः।**

जयमाला

-शम्भु छन्द-

जय बत्तिस देश विदेहों के, सब रजतमयी विजयार्ध कहें।
जय भरतैरावत के दो हैं, सब तीन कटनियों सहित रहें।।
इक सौ दश नगरी खेचर की, शाश्वत उन सब पर बनी हुईं।
जय नवकूटों युत उन सबमें, इक सिद्धकूट जिनभवन मयी।।1।।

-स्रग्विणी छन्द-

(चाल-नाथ तेरे कभी.....)

देव त्रैलोक्य के पूर्ण चंदा तुम्हें।
मैं नमूँ मैं नमूँ हे जिनन्दा तुम्हें।।
नाथ! मेरी हरो जन्म व्याधी व्यथा।
मैं सुनाऊँ तुम्हें संसरण की कथा।।2।।

मैं निगोदी रहा काल आनन्त्य ना।
एक इन्द्रीय भू अग्नि वायू बना।।
नाथ! मेरी हरो जन्म व्याधी व्यथा।
मैं सुनाऊँ तुम्हें संसरण की कथा।।3।।

कं वनस्पत्य हूआ सहा दुःख हा।
सूक्ष्म तनधार जन्मा मरा नाथ! हा।।
नाथ! मेरी हरो जन्म व्याधी व्यथा।
मैं सुनाऊँ तुम्हें संसरण की कथा।।4।।

केंचुआ शंख चींटी ततैया हुआ।
जन्म धर धर मुआ जन्म धर धर मुआ।।
नाथ! मेरी हरो जन्म व्याधी व्यथा।
मैं सुनाऊँ तुम्हें संसरण की कथा।।5।।

मैं पशू योनि में जो महा दुख सहा।
नाथ! कैसे कहूँ आप जानो हहा।।
नाथ! मेरी हरो जन्म व्याधी व्यथा।
मैं सुनाऊँ तुम्हें संसरण की कथा।।6।।

देवयोनी मनुजयोनि में भी दुखी।
नारकी जो हुआ तो दुखी ही दुखी।।
नाथ! मेरी हरो जन्म व्याधी व्यथा।
मैं सुनाऊँ तुम्हें संसरण की कथा।।7।।

मैं कहूं क्या प्रभो आप हो केवली।
मोह शत्रू मुझे ये भ्रमावे बली।।
नाथ! मेरी हरो जन्म व्याधी व्यथा।
मैं सुनाऊँ तुम्हें संसरण की कथा।।8।।

मोह को नाश मैं आपके पास में।
नाथ आना चहूँ है यही आस में।।

नाथ! मेरी हरो जन्म व्याधी व्यथा।
मैं सुनाऊँ तुम्हें संसरण की कथा।।9।।

–घत्ता छंद–

रूपाचल जिनभवन तनी जिनराज कहे हैं।
देव इन्द्र धरणेन्द्र सभी से वन्द्य कहे हैं।।
मन वच काय लगाय सदा उनके गुण गाऊँ।
पूजन अर्चन नमन, करूँ भव से छुट जाऊँ।।10।।

ॐ ह्रीं श्रीसुदर्शनमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालय-स्थसर्वजिनबिंबेभ्यः जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं.8)

जम्बूद्वीप भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा

स्थापना-गीता छंद

वृषभादि चौबिस तीर्थंकर इस भरत के विख्यात हैं।
जो प्रथित जंबूद्वीप के संप्रति जिनेश्वर ख्यात हैं।।
इन तीर्थंकर के तीर्थ में सम्यक्त्व निधि को पायके।
थापूँ यहाँ पूजन निमित अति चित्त में हरषाय के।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-स्रग्विणी छंद

देवगंगा सलिल स्वर्ण झारी भरूँ।
नाथ पादाब्ज में तीन धारा करूँ।।
श्री वृषभ आदि चौबीस जिनराज को।
पूजते ही लहूँ स्वात्म साम्राज्य को।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

गंध केशर घिसा के कटोरी भरूँ।
आपके पाद पंकज समर्चन करूँ।।श्री वृषभ.।।2।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो चंदनं निर्वपामीतिस्वाहा।

चँद्र की चांदनी सम धवल शालि हैं।
जो जजें पुंज से वे सुकृत शालि हैं।।श्री वृषभ.।।3।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

वुँâद मचवुंâद बेला चमेली लिये।
कामहर नाथ पद में समर्पित किये।।श्री वृषभ.।।4।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पूरिका लड्डुओं से भरूँ थाल मैं।
पूजहूँ आपको क्षुध् व्यथा नाशने।।श्री वृषभ.।।5।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप कर्पूर की ज्योति से पूजते।
ज्ञान उद्योत हो मोह अरि छूटते।।श्री वृषभ.।।6।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशगंध ले अग्नि में खेवते।
आत्म सौरभ उठे नाथ पद सेवते।।श्री वृषभ.।।7।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

आम अंगूर केला अनंनास ले।
नाथ पद पूजते मुक्ति संपति मिले।।श्री वृषभ.।।8।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो फलं निर्वपामीति स्वाहा।

तोय गँधादि वसु द्रव्य ले थाल में।
अर्घ्य अर्पण करूँ नायके भाल मैं।।श्री वृषभ.।।9।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

तीर्थंकर परमेश, तिहुंजग शांती कर सदा।
चउसंघशांती हेतु, शांतीधारा मैं करूँ।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार प्रसून, सुरभित करते दश दिशा।
तीर्थंकर पद पद्म, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

शुद्ध बुद्ध परमात्मा, पाया ज्ञान प्रभात।
परमानंद निजात्म में, मग्न रहें दिन रात।।1।।

इति मंडलोस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

नरेन्द्र छंद –चाल-परं परंज्योति कोटि चंद्रादित्य.....

'वृषभ देव' के चरण कमल को, नित शत इंद्र जजें हैं।
कर्मकालिमा दूर भगा कर, स्वातम तत्त्व भजे हैं।।
मैं भी दृढ़ भक्ती से पूजूँ, कर्म शृंखला टूटे।
प्रभु मुक्ती होने तक मेरा, सम्यक् रत्न न छूटे।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवृषभदेवजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म शत्रु को जीत, 'अजित' जिन, जग में ख्यात हुये हैं।
नाथ आपका आश्रय लेकर बहुजन पार हुये हैं।।मैं.।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअजितनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दृढ़ पुरुषार्थ सफल कर तुमने, भवभय नाश किया है।
इसीलिये इंद्रों ने सार्थक, 'संभव' नाम दिया है।।मैं.।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसंभवनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सब जग को आनंदित करने, 'अभिनंदन' भगवंता।
जो धन ध्यावें हृदय कमल में, भवभय व्याधि हरंता।।मैं.।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअभिनंदननाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कुमति त्याग कर सुमतिवरण कर, 'सुमति' नाम प्रभु पाया।
मुझको भी सुमती दीजे अब, मैं जग से अकुलाया।।मैं.।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसुमतिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मुक्तीपद्मा से आलिंगित, 'पद्मप्रभु' जग नामी।
जो जन पादपद्म तुम सेते, होते शिवश्री स्वामी।।मैं.।।6।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपद्मप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'सुपार्श्व' के पास आय के, मिटे सकल जग फिरना।
प्रभो आप वच नाव पाय के, होय भवोदधि तिरना।।मैं.।।7।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसुपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'चन्द्रनाथ' तुम आस्य चंद्र से, वचनामृत झरता है।
कर्णपुटों से पीते ही तो, हर्षाम्बुधि बढ़ता है।।मैं.।।8।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीचंद्रप्रभनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

गणधर गण भी प्रभु गुण पाकर, पार नहीं पाते हैं।
'पुष्पदंत' तुम नाम मात्र से, निज आनंद पाते हैं।।मैं.।।9।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपुष्पदंतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मोह अग्नि से झुलस रहा जग, 'शीतल' शीतल करिये।
नाथ! शीघ्र ही भाक्तिक जन की, सकल भरम बुधि हरिये।।मैं.।।10।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीशीतलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'श्रेयांस' जगत में सबको, श्रेयस्कर हितकारी।
इंद्र नरेन्द्र सभी मिल पूजें, गुण गावें रुचि धारी।।मैं.।।11।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीश्रेयोजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'वासुपूज्य' वासवगण पूजित, वसुगुण मुख्य धरे हैं।
सुर किन्नरियाँ वीणा लेके, प्रभु गुणगान करे हैं।।मैं.।।12।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवासुपूज्यनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भावकर्ममल द्रव्य कर्ममल, धोकर 'विमल' हुये हैं।
विमल धाम हेतु मुनिगण भी, तुम पदलीन हुये हैं।।मैं.।।13।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीविमलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भव 'अनंत' को सर्वनाश कर, नाथ अनंत सुखी हैं।
तुम पद पंकज जो भवि पूजे, होते पूर्ण सुखी हैं।।मैं.।।14।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअनंतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धर्म चक्रधर 'धर्म' जिनेश्वर, दशविध धर्म प्रदाता।
मुनिगण सुरगण विद्याधर गण, वंदत पावें साता।।
मैं भी दृढ़ भक्ती से पूजूँ, कर्म शृंखला टूटे।
प्रभु मुक्ती होने तक मेरा, सम्यक् रत्न न छूटे।।15।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीधर्मनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'शांतिनाथ' तुम पद आश्रय ले, भविजन शांती पाते।
इसी हेतु जग से अकुला कर, तुम शरणागत आते।।मैं.।।16।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चिच्चैतन्य सुधारस दाता, 'कुंथुनाथ' भगवंता।
जो तुम वंदे भवदुख खंडे, चित्सुख आस धरंता।।मैं.।।17।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकुंथुनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'अरजिनवर' का वंदन करके, सुरनर पुण्य कमाते।
निज कर में निजगुण संपति ले, सब दुख दोष गंवाते।।मैं.।।18।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअरनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

काम मल्ल औ मोह मल्ल को, मृत्यु मल्ल को चूरा।
'मल्लिनाथ' ने भक्तजनों के, मनवांछित को पूरा।।मैं.।।19।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमल्लिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'मुनिसुव्रत' भगवान् स्वयं में, मुनिव्रत धर भवजीता।
उनके पद चिन्हों पर चलके, अगणित ने यम जीता।।मैं.।।20।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नत्रय निधि के स्वामी हैं, 'नमि' तीर्थंकर जग में।
फिर भी सर्व परिग्रह विरहित, मुद्रा नग्न प्रगट में।।मैं.।।21।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'नेमिनाथ' ने राजमती तज, मुक्तिवल्लभा चाही।
सरस्वती माता ने उनकी, अनुपम कीर्ती गाई।।मैं.।।22।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कमठ दैत्य के उपसर्गों से, परम सहिष्णु कहाये।
'पारस' नाम मंत्र मन धारें, सहन शक्ति वे पायें।।मैं.।।23।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'वर्धमान' अतिवीर वीर प्रभु, सन्मति नाम तुम्हारे।
महावीर प्रभु को जो वंदे, सकल अमंगल टारें।।मैं.।।24।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-

वृषभदेव को आदि ले, महावीर पर्यन्त।
श्री चौबीस जिनेश को, पूजत हो भव अंत।।25।।

शांतये शांतिधारा।दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य – **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-दोहा-

चिन्मय चिंतामणि रतन, तीन भुवन के ईश।
गाऊँ तुम जयमालिका, नमूँ नमूँ नत शीश।।1।।

-पृथ्वी छंद-

जिनेन्द्र! तुम शुद्ध बुद्ध अविरुद्ध अविकार हो।
जिनेन्द्र! तुम वर्णहीन बिनमूर्ति साकार हो।।
निराभरण हो तथापि जग के अलंकार हो।
अनंतगुण पुंजभूत फिर भी निराकार हो।।1।।

अनंत शुचिदर्श से सकल लोक अवलोकते।
अनंत वर ज्ञान से सकल भव्य संबोधते।।
अनंत निज शक्ति से श्रम न हो कदाचित् तुम्हें।
अनंत वर सौख्य से अमित काल तृप्ती तुम्हें।।2।।

न चक्षु न हि कर्ण घ्राण न हि स्पर्शनेंद्रिय तुम्हें।
न जीभ अतएव जिन अतीन्द्रिय स्वमुख तुम्हें।।
न शब्द रस गंध वर्ण विषयादि स्पर्श ना।
न क्रोध मद छद्म लोभ रति द्वेष संघर्ष ना।।3।।

न कर्म नोकर्म नाथ न हि भाव कर्मादि हैं।
न बंध न हि आस्रवादि नहि शल्य बाधादि हैं।।
न रोग शोकादि नाथ न हि जन्म मरणादि हैं।
न क्लेश न हि इष्ट निष्ट वीयोग योगादि हैं।।4।।

स्वयं परम तृप्त नाथ परमैक परामातमा।
स्वयं स्वयंभू स्वतः सुख स्वरूप सिद्धातमा।।
अमूर्तिक विभो तथापि चिनमूर्ति चिंतामणी।
अपूर्व तुम कल्पवृक्ष त्रैलोक्य चूड़ामणी।।5।।

अनंत भव सिंधु से तुरत नाथ! तारो मुझे।
अनंत दुःख अब्धि से जिनपते! उबारो मुझे।।
प्रभो मुझ समस्त दोष अब तो क्षमा कीजिये।
स्व 'ज्ञानमति' नाथ शीघ्र करके कृपा दीजिये।।6।।

-घत्ता-

वृषभादि जिनेश्वर, मुक्तिवधूवर, सुखसंपतिकर तुमहिं नमूँ।
निज आतम शुचिकर, सम्यक् निधिधर, फेर न भव वन बीच भ्रमूँ।।7।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्य वर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं.9)

जम्बूद्वीप ऐरावत क्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा

स्थापना-अडिल्ल छंद

ऐरावत के वर्तमान जिनराज हैं।
भव वारिधि से तारण तरण जिहाज हैं।।
भक्ति भाव से करूँ यहाँ उन थापना।
पूजूँ भक्ति बढ़ाय करूँ हित आपना।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-रोला छंद

सुरगंगा को नीर, कंचनकलश भराऊँ।
जिनवर चरण सरोज, पूजत कर्म नशाऊँ।।
चौबीसों जिनराज, तुम पदपद्म जजूँ मैं।
आतम अनुभव पाय, परमानंद भजूँ मैं।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि घनसार, केशर संग घिसाऊँ।
तीर्थंकर पदकंज, पूजत दाह मिटाऊँ।।चौबीसों.।।2।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

क्षीरोदधि के फेन, सम उज्ज्वल तंदुल हैं।
परम पुरुष को पूज, होता सुख मंजुल है।।
चौबीसों जिनराज, तुम पदपद्म जजूँ मैं।
आतम अनुभव पाय, परमानंद भजूँ मैं।।3।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कल्पवृक्ष के पुष्प, सुरभित वरण वरण के।
कामजयी परमेश, चरण जजूँ रुचि धरके।।चौबीसों.।।4।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मधुर सरस पकवान, भर भर थाल लिया मैं।
क्षुधा रोग हर नाथ, पूजत सौख्य लिया मैं।।चौबीसों.।।5।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत दीपक की ज्योति, बाहर तिमिर हरे है।
तुम पद पूजत शीघ्र, मन का मोह टरे है।।चौबीसों.।।6।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागरु वर धूप, अग्नी संग जलाऊँ।
कर्म कलंक विदूर, आतम शुद्ध बनाऊँ।।चौबीसों.।।7।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

पिस्ता पूग बदाम, फल अखरोट चढ़ाऊँ।
फल से जिनवर पूज, सर्वोत्तम फल पाऊँ।।चौबीसों.।।8।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधादिक द्रव्य, लेकर अर्घ्य बनाऊँ।
भवविजयी जिनपाद, पूजत पाप नशाऊँ।।चौबीसों.।।9।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

तीर्थंकर परमेश, तिहुँजग शांतीकर सदा।
चउसंघ शांतीहेत, शांतीधारा मैं करूँ।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार प्रसून, सुरभित करते दश दिशा।
तीर्थंकर पद पद्म, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

कर्म मलीमस आत्मा, प्रभु तुम भक्ति प्रसाद।
शुद्ध बुद्ध होवे तुरत, अतः नमूँ तुम पाद।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-पद्धड़ी छंद-

जिन 'बालचन्द्र' त्रैलोक्यनाथ, गणईस भजें नित नमित माथ।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीबालचन्द्रजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु 'सुव्रत' तीर्थंकर महेश, तुमको ध्यावें मुनिगण अशेष।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसुव्रतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'अग्निसेन' जिनदेव आप, भविजन के हरते सकल ताप।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअग्निसेनजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'नंदिसेन' के पाद कंज, योगी गण वंदत कर्म भंज।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनन्दिसेनजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर 'श्रीदत्त' पदारविंद, जजते ही मिटता सकल द्वंद्व।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीदत्तजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर 'व्रतधर' हो श्रेष्ठ चंद्र, भविमन आल्हादक श्रेष्ठ मंत्र।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीव्रतधरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'सोमचन्द्र' अद्भतु दिनेश, अज्ञान तिमिर को हरें शेष।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसोमचन्द्रजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्रीमन 'धृतिदीर्घ' अपूर्व तेज, जनमन का तत्क्षण हरें खेद।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीधृतिदीर्घजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन 'शतायुष्य' सब कर्मचूर, भक्तों के संकट करें दूर।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीशतायुष्यजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर 'विवसित' अद्भुत महान्, सुरकिन्नर गावें कीर्तिगान।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीविवसितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'श्रेयान' जिनेश्वर मुक्तिकांत, वंदन से हरते मोहध्वांत।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीश्रेयोजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन 'विश्रुतजल' भवजलधिनाव, जो ध्यावें पावें शुद्धभाव।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीविश्रुतजलजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन 'सिंहसेन' तीर्थेश आप, भाक्तिकजन के सब हरो पाप।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसिंहसेनजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'उपशांत' जिनेश्वर सुनो टेर, हरिये भव भव का सकल फेर।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीउपशांतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हे नाथ! 'गुप्तशासन' जिनेश, मेरे हरिये सब रोग द्वेष।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।15।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीगुप्तशासनजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर 'अनंतवीरज' महान्, गुणमणिरत्नों की अतुल खान।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।16।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअनंतवीर्यजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'पार्श्व' जिनेश्वर देवदेव, भवसंकट करिये तुरत छेव।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।17।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपार्श्वजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर 'अभिधान' सुबोध पुंज, इंद्रादि नमें धर रत्नपुंज।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।18।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअभिधानजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'मरुदेव' तीर्थकर सूर्य तुल्य, भविजनमनपंकज करें फुल्ल।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।19।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमरुदेवजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर 'श्रीधर' त्रैलोक्यदेव, शिवलक्ष्मी संयुत परमदेव।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।20।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री-श्रीधरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन 'शामकंठ' की दिव्यवाणि, भव वल्ली काटन को कृपाणि।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीशामकंठजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन 'अग्निप्रभ' भवदाहदूर, भविजन भव अग्नी शमन पूर।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअग्निप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'अग्निदत्त' जिनदेवदेव, शिवकांता इच्छुक करें सेव।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअग्निदत्तजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'वीरसेन' भगवान् आप, निज स्वात्मसुधा पीकर अपाप।
शिवपद के विघ्न विनाश हेत, मैं जजूं सदा श्रद्धा समेत।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवीरसेनजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-

श्री चौबीस जिनेश, सकल अमंगल को हरें।
पूरे सौख्य हमेश, पूजूँ परण अर्घ्य ले।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीबालचन्द्रादिवीरसेनपर्यंततचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-दोहा-

तीनलोक की संपदा, करें हस्तगत भव्य।
तुम गुण माला गाय के, पूरें सब कर्तव्य।।1।।

चाल-हे दीनन्धु.....

जैवंत मुक्तिकंत देवदेव हमारे।
जैवंत भक्त जंतु भवोदधि से उबारे।।
हे नाथ! आप जन्म के छह मास ही पहले।
धनराज रत्नवृष्टि करें मातु के महलें।।1।।

माता की सेव करतीं श्री आदि देवियाँ।
अद्भुत अपूर्व भाव धरें सर्व देवियां।।
जब आप मात गर्भ में अवतार धारते।
तब इंद्र सपरिवार आय भक्ति भार से।।2।।
प्रभु गर्भ कल्याणक महाउत्सव विधि करें।
माता पिता की भक्ति से पूजन विधि करें।।
हे नाथ! आप जन्मते सुरलोक हिल उठे।
इंद्रासनों के कंप के आश्चर्य हो उठे।।3।।
इंद्रों के मुकुट आप से ही आप झुके हैं।
सुरकल्पवृक्ष हर्ष से ही फूल उठे हैं।।
वे सुरतरु स्वयमेव सुमन वृष्टि करे हैं।
तब इंद्र आप जन्म जान हर्ष भरे हैं।।4।।
तत्काल इंद्र सिंहपीठ से उतर पड़ें।
प्रभु को प्रणाम करके बार बार पग पड़े।।
भेरी करा सब देव का आह्वानन करे हैं।
जन्माभिषेक करने का उत्साह भरे हैं।।5।।
सुरराज आ जिनराज को सुरशैल ले जाते।
सुरगण असंख्य मिलके महोत्सव को मनाते।
जब आप हो विरक्त देव सर्व आवते।
दीक्षा विधी उत्सव महामुद से मनावते।।6।।
जब घातिया को घात ज्ञानसंपदा भरें।
तब इंद्र आ अद्भुत समवसरण विभव करें।।
तुम दिव्य वच पियूष को पीते असंख्यजन।
क्रम से करें वे मुक्ति वल्लभा का अलिंगन।।7।।
जब आप मृत्यु जीत मुक्ति धाम में बसे।
सिद्धयंगना के साथ परमानंद सुख चखें।।
सब इंद्र आ निर्वाण महोत्सव मनावते।
प्रभु पंचकल्याणक पती को शीश नावते।।8।।

हे नाथ! आप कीर्ति कोटि ग्रंथ गा रहे।
इस हेतु से ही भव्य आप शरण आ रहे।।।
मैं आप शरण पायके सचमुच कृतार्थ हूँ।
बस 'ज्ञानमती' पूर्ण होने तक ही दास हूँ।।9।।

-दोहा-

पंचमगति के हेतु मैं, नमन करूँ पंचांग।
परमानंद अमृत अतुल, सौख्य भरो सर्वांग।।10।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं.10)

जम्बूद्वीप विहरमाण तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापना-गीता छंद

इस प्रथम जंबूद्वीप बीचे पूर्व अपर विदेह हैं।
इस मध्य बत्तिस देश में शुभ कर्मभूमि सदैव हैं।।
भगवान सीमंधर व युगमंधर व बाहु सुबाहुजी।
ये श्रीविहार करें वहाँ आह्वानन कर मैं जजूँ जी।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-चाल नंदीश्वर पूजा

सीतानदि शीतल नीर, प्रभुपद धार करूँ।
मिट जाये भव भव पीर, आतम शुद्ध करूँ।।
श्री विहरमाण जिनराज, मेरी अर्ज सुनो।
दे दीजे मुझ साम्राज, मैं तुम चरण नमो।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि गंध सुगंध, प्रभु चरणों चर्चूं।
मिल जावे आत्म सुगंध, स्वारथवश अर्चूं।।श्री.।।2।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

कौमुदी शालि के पुंज, नाथ! चढ़ाऊँ मैं।
जिन आत्म सौख्य अखंड, अर्चत पाऊँ मैं।।
श्री विहरमाण जिनराज, मेरी अर्ज सुनो।
दे दीजे मुझ साम्राज, मैं तुम चरण नमो।।3।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

वरमौलसिरी व गुलाब, पुष्प चढ़ाऊँ मैं।
प्रभु मिले आत्मगुण लाभ, आप रिझाऊँ मैं।।श्री.।।4।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

लाडू पेड़ा पकवान, नाथ! चढ़ाऊँ मैं।
कर क्षुधा वेदनी हान, निजसुख पाऊँ मैं।।श्री.।।5।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक की ज्योति अखंड, आरति करते ही।
मिल जावे ज्योति अमंद, निजगुण चमकें ही।।श्री.।।6।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

वर धूप अग्नि में खेय, सुरभि उड़ाऊँ मैं।
प्रभु पद पंकज को सेय, समसुख पाऊँ मैं।।श्री.।।7।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरेभ्यः धूप निर्वपामीति स्वाहा।

केला एला बादाम, फल से पूजूँ मैं।
पाऊँ निज में विश्राम, भव से छूटूँ मैं।।श्री.।।8।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहुचतुस्तीर्थंकरेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

वसु अर्घ रजत के पुष्प, थाल भराय लिया।
रत्नत्रय से मन तुष्ट, आप चढ़ाय दिया।।श्री.।।9।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपस्थपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थितसीमंधरयुगमंधरबाहुसुबाहु-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

नाथ! पाद पंकेज, जल से त्रयधारा करूँ।
अतिशय शांती हेत, शांतीधारा विश्व में।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार गुलाब, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।
मिले आत्मसुखलाभ, जिनपद पंकज पूजते।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ

-दोहा-

जंबूद्वीप विदेह में, विहरमाण जिनराज।
पुष्पांजलि कर पूजते, सरें सर्व जिनकाज।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-शंभु छंद-

श्री मेरु सुदर्शन के पूरब विदेह सीता के ऊपर तट।
है पुंडरीकिणी पुरी पिता, श्रेयांस सती माता विश्रुत।।
वृष चिन्ह सहित श्री सीमंधर, भगवान अभी भी राजे हैं।
मैं उनको अर्घ चढ़ाकर के, पूजूँ आतम सुख भासे हैं।।1।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहक्षेत्रस्थपुण्डरीकिणीपुरीमध्यसमवसरण-स्थित-सीमंधरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री मेरु सुदर्शन के पूरब, विदेह सीता नदि दक्षिण में।
दृढ़रथ पितु मात सुतारा से, जन्में प्रभु विजयानगरी में।।

गज चिन्ह सहित श्री 'युगमंधर' तीर्थंकर समवसरण में हैं।
हम पूजें बहुविध भक्ति लिये, सबके ही लिय शरण ये हैं।।2।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहक्षेत्रस्थविजयनगरीमध्यसमवसरणस्थित-युगमंधरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस जम्बूद्वीप अपर विदेह, सीतोदा नदि के दक्षिण में।
शुभ पुरी सुसीमा के राजा, उन रानी से भगवन् जन्में।।
मृगचिंह सहित 'श्रीबाहु' आप, विहरण कर भविजन हरसाते।
हम पूजें अर्घ चढ़ा करके, प्रभु धर्मामृत तुम बरसाते।।3।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहक्षेत्रस्थसुसीमानगरीमध्यसमवसरण-स्थित-श्रीबाहुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस जंबूद्वीप अपर विदेह, सीतोदा नदि के उत्तर में।
हैं पुरी अयोध्या के नरपति, उनकी रानी से प्रभु जन्में।।
तीर्थेश 'सुबाहु' शतइंद्रों, वंदित कपि चिन्ह सहित राजें।
हम पूजें अर्घ चढ़ा करके, सब रोग शोक दारिद भाजें।।4।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहक्षेत्रस्थअयोध्यापुरीमध्यसमवसरण-स्थित-श्रीसुबाहुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-चौपाई-

पूर्वापर बत्तीस विदेह, चार तीर्थंकर नित विहरेय।
पूजूँ पूरण अर्घ चढ़ाय, सब दुख संकट जांय पलाय।।1।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसम्बन्धिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थसीमंधरादिचतुस्तीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामिति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

अनंगशेखर छंद

नमो नमो जिनेंद्रदेव! आप सौख्यरूप हो,
अनंत दिव्य ज्ञान से समस्त लोक भासते।
नमो नमो जिनेन्द्रदेव आप चित्स्वरूप हो,
अनंत दिव्य चक्षु से समस्त विश्व लोकते।।1।।

नमो जिनेन्द्र देव आप सर्व शक्तिमान हो,
अनंत वस्तु देखते तथापि श्रांत हों नहीं,
नमो जिनेन्द्रदेव! आपमें अनंत गुण भरे,
गणीन्द्र भी गिने तथापि पार पावते नहीं।।2।।

प्रभो असंख्य भव्य जीव आपकी शरण गहें,
अनादि के अनंत दुःख वार्धि से स्वयं तिरें।
असंख्य जीव मन वश न आप पास आवते,
स्वयं हि वे अपार भव अरण्य में सदा फिरें।।3।।

अनेक जीव दृष्टि रत्न पाय के निहाल हों,
अनेक जीव तीनरत्न पाय मालामाल हों।
अनेक जीव आप भक्ति में विभोर हो रहे,
अनेक जीव मृत्यु को पछाड़ पुण्यशालि हो रहे।।4।।

मुनींद्रवृंद हाथ जोड़ शीश नाय नायके,
पुनःपुनः नमें तथापि तृप्ति ना लहें कभी।
सुरेंद्रवृंद अष्ट द्रव्य लाय अर्चना करें,
सुदिव्य रत्न को चढ़ाय तृप्ति ना लहें कभी।।5।।

नरेन्द्रवृंद भक्ति में विभोर नृत्य भी करें,
सुरांगना जिनेन्द्र भक्ति गीत गा रहीं वहाँ।
खगेन्द्रवृंद गीत गा संगीत वाद्य को बजा,
खगांगना के साथ नाथ! अर्चना करें वहाँ।।6।।

जिनेन्द्र! आपकी सभा असंख्य भव्य से भरी,
तथापि क्लेश ना किसी को ये प्रभाव आपका।
निरक्षरी ध्वनी खिरे सभी के कर्ण में पड़े,
सभी समझ रहें स्वयं प्रभो! प्रभाव आपका।।7।।

सुभव्य जीव ही सुनें गुनें निजात्म तत्त्व को,
अपूर्व तेज आपका न कोई पार पा सकें।
जयो जयो जयो प्रभो! अनंत ऋद्धिपूर्ण हो,
करो मुझे निहाल नाथ! आप भक्त जान के।।8।।

-दोहा-

सीमंधर युगमंधरा, बाहु सुबाहु जिनेश।
नमूँ 'ज्ञानमति' हेतु मैं, हरो सर्व भव क्लेश।।9।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थसीमंधरादिचतुस्तीर्थंकरेभ्यः जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं.11)

जम्बूद्वीपस्थ नवदेवता पूजा

अथ स्थापना-गीता छंद

इस प्रथम जंबूद्वीप में सब कर्मभू चौंतीस हैं।
अर्हंत सिद्धाचार्य पाठक साधु यहाँ जगदीश हैं।।
जिनधर्म जिनआगम जिनेश्वर बिंब जिनमंदिर यहाँ।
पूजूँ इन्हें आह्वानन कर त्रयरत्न निधि मिलती यहाँ।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं- नरेन्द्र छंद

सरयू नदि का शीतल जल ले जिनपद धार करूँ मैं।
साम्य सुधारस शीतल पीकर भव भव त्रास हरूँ मैं।।
कर्मभूमि के नवदेवों को पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

काश्मीरी केशर चंदन घिस जिनपद में चर्चूं मैं।
मानस आगंतुक त्रयविध ताप हरो अर्चूं मैं।।कर्म.।।2।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मोती सम उज्जवल अक्षत के प्रभु नवपुंज चढ़ाऊँ।
जिनगुण मणि को प्रगटित करके फेर न भव में आऊँ।।
कर्मभूमि के नवदेवों को पूजत निज सुख पाऊँ।
इष्ट वियोग अनिष्ट योग के सब दुख शीघ्र नशाऊँ।।3।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

जुही मोगरा सेवंती वासंती पुष्प चढ़ाऊँ।
कामदेव को भस्मसात् कर आतम सौख्य बढ़ाऊँ।।कर्म.।।4।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घेवर फेनी लड्डू पेड़ा रसगुल्ला भर थाली।
तुम्हें चढ़ाऊँ क्षुधा नाश हो भरें मनोरथ खाली।।कर्म.।।5।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वर्ण दीप में ज्योति जलाऊँ करूँ आरती रुचि से।
मोह अंधेरा दूर भगे सब ज्ञान भारती प्रगटे।।कर्म.।।6।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप दशांगी अग्निपात्र में खेवत उठे सुगंधी।
कर्म जले सब सौख्य प्रगट हो फैले सुयश सुगंधी।।कर्म.।।7।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

आडू लीची सेव संतरा आम अनार चढ़ाऊँ।
सरस मधुर फल पाने हेतू शत शत शीश झुकाऊँ।।कर्म.।।8।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व-साधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधादिक अर्घ बनाकर सुवरण पुष्प मिलाऊँ।
भक्ति भाव से गीत नृत्य कर प्रभु को अर्घ चढ़ाऊँ।।कर्म.।।9।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

यमुना सरिता नीर, प्रभु चरणों धारा करूँ।
मिले निजात्म समीर, शांतीधारा शं करे।।10।।

शांतये शांतिधारा।

सुरभित खिले सरोज, जिन चरणों अर्पण करूँ।
निर्मद करूँ मनोज, पाऊँ जिनगुण संपदा।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

पहले जंबूद्वीप में, कर्मभूमि चहुँदिक्क।
नवदेवों को नित जजूँ, पुष्पांजलि कर नित्त।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-शंभु छंद-

मेरू पर्वत के पूरब में, वन भद्रशाल की वेदी है।
उस निकट देश 'कच्छा' विदेह, नदि पर्वत से छह भेदी है।।
मधि आर्य खंड में तीर्थंकर, मुनिगण नित विहरण करते हैं।
नव देव वहाँ पर नित्य रहें, पूजत ही नव निधि भरते हैं।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहकच्छादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर देश 'सुकच्छा' छह खंड में, शुभ आर्यखंड सुर मन मोहे।
वहाँ जिनवर मुनिगण नित विहरें, जिनधर्म जिनागम नित होहैं।।

नरपति मानव जिनवर मूर्ती, जिनमंदिर नित बनवाते हैं।
हम पूजें इन नव देवों को, ये नवनिधि रिद्धि दिलाते हैं।।2।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहसुकच्छादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वहाँ देश 'महाकच्छा' छह खंड, उसमें आरज खंड शोभ रहा।
जिनवर के समवसरण दिखते, साधूगण से मन मोह रहा।।
जिनधर्म प्रवर्ते जिनवाणी, जिनमंदिर जिन प्रतिमायें हैं।
हम पूजें अर्घ चढ़ा करके, ये निज संपत्ति दिलाये हैं।।3।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहमहाकच्छादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वहाँ देश 'कच्छावती' दिपे, आरज खंड में तीर्थंकर हों।
श्री पंच परमगुरु पूज्य वहाँ, जिनधर्म जिनागम हितकर हों।।
जिनचैत्य जिनालय रत्नों के, सुर नर बनवातें रहते हैं।
हम पूजें अर्घ चढ़ा करके, ये निज संपत्ति दिलाये हैं।।4।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहकच्छकावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है 'आवर्ता' देश अधिक सुन्दर, वहाँ शाश्वत कर्मभूमि रहती।
वर आर्य खंड में तीर्थंकर, मुनिगण से पूज्य दुःख हरती।।
जिनचैत्य जिनालय अति सुन्दर, सुर नर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।5।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहआवर्तादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है देश 'लांगलावर्ता' शुभ, उस मध्य आर्य खंड शोभे है।
वहाँ पर केवलि श्रुतकेवलि मुनि, जिनधर्म जिनागम शोभे हैं।।जिनचैत्य.।।6।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहलांगलावर्तादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वहाँ देश 'पुष्कला' छह खंडों में, आर्यखंड अति प्यारा है।
तीर्थंकर आदि महापुरुषों से, पूज्य सतत सुखकारा है।।जिनचैत्य.।।7।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहपुष्पकलादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वहाँ देश 'पुष्कलावती' सुखद, उस आर्यखंड में धर्म दिपे।
तीर्थंकर केवलि विहरण नित करते रहते निज कर्म खिपें।।जिनचैत्य.।।8।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहपुष्कलावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सीता नदि के दक्षिण दिश में 'वस्सा' विदेह कहलाता है।
इसके मधि आर्यखंड सुंदर नित धर्मसुधा बरसाता है।।जिनचैत्य.।।9।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहवत्सादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यहाँ देश 'सुवत्सा' पूरब में, छह खंड मध्य आरजखंड है।
तीर्थंकर केवलि मुनि विहरें, जिनधर्म जिनागम संतत हैं।।जिनचैत्य.।।10।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहसुवत्सादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यहाँ देश 'महावत्सा' विदेह, चौथा ही काल सतत वर्तें।
तीर्थंकर विहरें रिद्धिधारि, मुनिगण हैं भवि जिनवर अर्चें।।जिनचैत्य.।।11।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहमहावत्सादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यहाँ देश 'वत्सकावती' मध्य, शुभ आर्यखंड जन मन मोहे।
जिनवर गणधर मुनिगण विहरें, दर्शन से पाप खंड होहैं।।जिनचैत्य.।।12।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहवत्सकावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है 'रम्या' देश विदेह रम्य, छह खंड में आर्य खंड सुंदर।
केवलि चारणऋद्धी मुनिगण, नित विहरें भक्ति करों सुर नर।।जिनचैत्य.।।13।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहरम्यादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वरदेश 'सुरम्या' पूरब में, इक आर्य खंड में कर्मभूमि।
तीर्थंकर मुनिगण नित होते, भवि प्राप्त करें नित मुक्ति भूमि।।
जिनचैत्य जिनालय अति सुन्दर, सुर नर बनवाते रहते हैं।
हम पूजें अर्घ चढ़ा करके, ये साम्य सुधारस भरते हैं।।14।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहसुरम्यादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रमणीया' देश विदेह वहाँ, शाश्वत, ही कर्मभूमि रहती।
तीर्थंकर साधूगण होते, नहिं ईति भीति वहाँ हो सकती।।जिनचैत्य.।।15।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहरमणीयादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वीदेह 'मंगलावती' देश, वहाँ पूर्वकोटि उत्तम आयु।
जिनवर मुनिगण से पावन भू, पणशतक धनू ऊँची काय[1]।।जिनचैत्य.।।16।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपूर्वविदेहमंगलावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चाल-शेर

पश्चिमविदेह भद्रसाल वेदि के निकट।
'पद्मा' विदेहदेश आर्य खंड से प्रगट।।
तीर्थेश आदि पंचगुरु नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भि वहाँ।।17।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहपद्मादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम विदेह देश 'सुपद्मा' सुमान्य है।
इस आर्य खंड में जिनेश विद्यमान हैं।।तीर्थेश.।।18।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहसुपद्मादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

1. शरीर।

वीदेह 'महापद्मा' के आर्य खंड में।
नवदेव देव रहते मुनिवंद्य विश्व में।।तीर्थेश.।।19।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहमहापद्मादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर 'पद्मकावती' विदेह आर्यखंड में।
सुरवृंद से भि पूज्य पुण्य नर वहाँ जन्मे।।तीर्थेश.।।20।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहपद्मकावीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'शंखा' विदेह देश में सम्यक्त्व का झरना।
जिनदेव देव की वहाँ लेते सभी शरना।।तीर्थेश.।।21।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहशंखादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'नलिना' विदेह देश में पाखंड ना दिखे।
भविजन सदा जिनदेव देव रूप को निरखें।।तीर्थेश.।।22।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहनलिनादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'कुमुदा' विदेह देश में श्रावक सदा रहें।
पूजा व दान शील व उपवास रत रहें।।तीर्थेश.।।23।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहकुमुदादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम विदेह 'सरित' देश खंड छह वहाँ।
मधि आर्यखंड में भविक जिनभक्त हैं वहाँ।।तीर्थेश.।।24।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहसरितदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'वप्रा' विदेह देश में जिनअर्चना सदा।
सुरगण भी वहाँ आय के उत्सव करें मुदा।।तीर्थेश.।।25।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहवप्रादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामिति स्वाहा।

पश्चिम विदेह देश 'सुवप्रा' सुशोभता।
छह खंड मध्य आर्यखंड चित्त मोहता।।
तीर्थेश आदि पंचगुरु नित्य वहाँ हैं।
जिनबिंब जिनालय जजूँ जितने भि वहाँ हैं।।26।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहसुवप्रादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विदेह 'महावप्रा' के आर्य खंड में।
नित जैनधर्म वर्ते भवि कर्म को हने।।तीर्थेश.।।27।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहमहावप्रादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर 'वप्रकावती' विदेह आर्य खण्ड में।
मिथ्यात्व वेषधारी नहिं एक भी उनमें।।तीर्थेश.।।28।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहवप्रकावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'गंधा' विदेह देश में छह खंड शोभते।
नित आर्य खंड में वहाँ मुनि कर्म धोवते।।तीर्थेश.।।29।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहगंधादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम विदेह देश 'सुगंधा' महान है।
इस मध्य आर्य खंड सर्व सौख्य खान है।।तीर्थेश.।।30।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहसुगंधादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विदेह 'गंधिला' विषे छह खंड बने हैं।
इस आर्य खण्ड में मुनीन्द्र धर्म भणे हैं।।तीर्थेश.।।31।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहगंधिलादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर 'गंधमालिनी' विदेह देश सुहाना।
छह खंड मध्य एक आर्य खंड बखाना।।तीर्थेश.।।32।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिपश्चिमविदेहगंधमालिनीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-गीता छंद-

इस प्रथम जंबूद्वीप में दक्षिण दिशी वर 'भरत' है।
छह खंड में इक आर्य खंड यहं काल छह वर्तन्त हैं।।
चौथे सुयुग में तीर्थंकर केवलि ऋषीगण विहरते।
युग पांचवे तक धर्म जिनवरधाम प्रतिमा भवि जजें।।33।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिदक्षिणदिग्भरतक्षेत्रस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस द्वीप में उत्तर दिशी है क्षेत्र ऐरावत कहा।
छह खंड आरज खंड में जब काल चौथा हो वहाँ।।
तीर्थेश चारणमुनि तभी विहरें जगत् कलिमल हरें।
युग पांचवे तक धर्म जिनगृह बिंब पूजत सुख भरें।।34।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिउत्तरदिग्ऐरावतक्षेत्रस्थितआर्यखंडेअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-

अर्हंत सिद्धाचार्य पाठक साधु पण परमेष्ठि हैं।
जिनधर्म जिन आगम जिनेश्वर बिंब जिनगृह इष्ट हैं।।
नव देवता ये मान्य जग में हम सदा पूजें इन्हें।
नवनिद्धि रिद्धि समृद्ध दाता नित्यप्रति वंदूँ इन्हें।।1।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितत्रैकालिक-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कच्छा सुकच्छा आदि में नित आर्यिकायें विहरतीं।
इस भरत आरजखंड में बाह्य यादि साध्वी हो चुकीं।।
तबसे व पंचमकाल अंतिम तक श्रमणियां होयेंगी।
ऐरावतारज खंड की साध्वी जजत अघ धोयेंगी।।2।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितत्रैकालिक-आर्यिकाभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस द्वीप में तीर्थंकरों के पंच कल्याणक सदा।
भू पर्वतादी पूज्य पावन तीर्थ होते शर्मदा।।

गणधर मुनीश्वर के यहाँ ज्ञान मुक्ति स्थल हुये।
इन क्षेत्र को मैं नित्य पूजूं नित्य मंगल परिणये।।3।।

ॐ ह्रीं जंबूद्वीपसम्बन्धिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थिततीर्थंकरगणधरमुनिगण-पंचकल्याणकादितीर्थक्षेत्रेभ्यःपूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-नरेन्द्र छंद-

जय जय श्री अरहंतदेव जय सिद्ध प्रभू सुखकारी।
जय जय सूरी पाठक साधू भव भव दुख परिहारी।।
जय जिनधर्म जिनेश्वर वाणी जय जिनबिंब जिनालय।
नव देवों को नित्य नमूँ मैं ये हैं सर्वसुखालय।।1।।

जंबूद्वीप का भरत क्षेत्र है पणशत छब्बिस योजन।
छह खंडों में आर्य खंड इक यहाँ काल परिवर्तन।।
चौथे युग में अर्हंतादिक नवों देव रहते हैं।
पंचम युग में आचार्यादिक सात देव रहते हैं।।2।।

ऐरावत में भरतक्षेत्र सम सर्व व्यवस्था मानी।
बत्तीस क्षेत्र विदेहों में नित वर्ते जिनवर वाणी।।
कच्छादेश विदेह दो सहस दो सौ बारह योजन।
भरतक्षेत्र से चतुर्गुणाधिक सब विदेह हैं उत्तम।।3।।

चौंतिस आर्यखंड में इक-इक उपसागर हैं मानें।
यहाँ भरत के उपसागर उपनदियाँ बहुत बखानें।।
कर्मभूमि में मनुज धर्म कर स्वर्ग मुक्ति पद पाते।
रत्नत्रय से निजनिधि पाकर शाश्वत सुख पा जाते।।4।।

शुभ से पुण्यास्रव पापास्रव अशुभ भाव से होता।
इससे आठ कर्म बंध जाते फल पाते दुख होता।।

कोई ज्ञान प्रशंसा करते उसमें ईर्ष्या होती।
जानबूझ कर ज्ञान छिपावें तब निन्हव का दोषी।।5।।

नहीं बताना ज्ञान अन्य को यह मात्सर्य दुखारी।
ज्ञानध्यान में विघ्न डालना अन्तराय है भारी।।
अन्य प्रकाशित ज्ञान रोककर आसादन कर देना।
सत्यवान में दोष लगा उपघात दोष कर देना।।6।।

ज्ञान विषय में इन कार्यों से ज्ञानावरण बंधे हैं।
दर्शन विषयक इन कार्यों से दर्शनराज चिपके हैं।।
ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थकच्छकावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश रम्य 'आवर्ता' उसमें, रजतगिरी अतिशय महिमा।
उसके सिद्धकूट पर जिनगृह, इक सौ आठ जैन प्रतिमा।।
आर्य खंड 'खड्गा' नगरी के, मुनिगण भी वहाँ दर्श करें।
हम भी अर्घ्य चढ़ाकर पूजें, गर्भवास के दुःख हरें।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थावर्तादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'लांगलावर्ता' उसमें, रजताचल शुभ राज रहा।
इस पर सिद्धकूट मंदिर है, सुर असुरों से पूज्य कहा।।
आर्यखंड 'मंजूषा' नगरी, ताके नर नारी रुचि से।
अकृत्रिम जिनप्रतिमा पूजें, जिनवर गुण गाते मुद से।।6।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थलांगलावर्तादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कला' में रूपाचल, उस पर शुभ नव कूट कहे।
सिद्धकूट पर जिनमंदिर में, अनुपम प्रतिमा शुद्ध रहे।।
आर्यखंड 'औषधि' नगरी के, सब जग भक्ति सहित भजते।
हम सब अर्घ्य चढ़ाकर जिनपद, पूजा कर सब दुःख तजते।।7।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थपुष्कलादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कलावती' मध्य में, रजतगिरी जन मन हरती।
उसके सिद्धकूट जिनगृह की, सुर ललना कीर्तन करती।।
'पुंडरीकिणी' नगरी जन भी, विद्याबल से गमन करें।
हम भी यहीं अर्घ्य अर्पण कर, श्रद्धा से नित नमन करें।।8।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थपुष्कलावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–जोगीरासा छन्द–

'वत्सादेश' विदेह कहाता, तामधि विजयारध है।
उसपे सिद्धकूट चैत्यालय, जिनवरबिंब अनघ[1] हैं।।
इस विदेह में पुरी 'सुसीमा', आर्यखंड मधि मानी।
वहँ के जन पूजें जिनवर को, मैं भी पूजन ठानी।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थवत्सादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुवत्सा' के मधि सुन्दर, रजतगिरी शाश्वत है।
सिद्धकूट जिनमंदिर उस पर, मुनिगण नित ध्यावत हैं।।
इस विदेह में पुरी 'कुंडला' आर्यखंड मधि मानी।
वहँ के जन पूजें जिनवर को, मैं भी पूजन ठानी।।10।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसुवत्सादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महावत्सा' मधि सुन्दर, रूपाचल नव कूटा।
सिद्धकूट में श्री जिनमंदिर, पूजत ही अघ छूटा।।

---

1. निर्दोष।

इस विदेह में 'अपराजितपुरि' आर्यखंड में मानी।
वहँ के जन पूजें जिनवर को, मैं भी पूजन ठानी।।11।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थमहावत्सादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'वत्सकावती' मध्य में, रजताचल मन भावें।
सिद्धकूट में जिनचैत्यालय, पूजन कर सुख पावे।।
इस विदेह में 'प्रभंकरापुरि' आर्यखंड में मानी।
वहँ के जन पूजें जिनवर को, मैं भी पूजन ठानी।।12।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थवत्सकावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रम्यादेश' विदेह तास मधि, रजतगिरी अति सोहे।
सिद्धकूट में जिनप्रतिमा को पूजत ही सुख होहे।।
'अंकावति' नगरी विदेह में, आर्यखंड में मानी।
वहँ के जन पूजें जिनवर को, मैं भी पूजन ठानी।।13।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थरम्यादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुरम्या' तामधि उज्ज्वल' रूपाचल मन भाना।
सिद्धकूट में जिनबिंबों को, जजते पातक हाना।।
'पद्मावती' पुरी क्षेत्तर में, आर्यखंड मधि मानी ।।
वहँ के जन पूजें जिनवर को, मैं भी पूजन ठानी।।।।14।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसुरम्यादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश कहा 'रमणीया' सुन्दर, तामधि रजतगिरी है।
सिद्धकूट की जिनवर प्रतिमा, जजते दुःख हरी हैं।।
इस विदेह में 'शुभापुरी' है, आर्यखंड में मानी।
वहँ के जन पूजें जिनवर को, मैं भी पूजन ठानी।।15।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थरमणीयादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'मंगलावती' अनूपम, रजताचल तामें है।
सिद्धकूट जिनदेव सदा ही, दुख दरिद्र हाने हैं।।
इस विदेह पुरि 'रत्नसंचया' आर्यखंड में मानी।
वहँ के जन पूजें जिनवर को, मैं भी पूजन ठानी।।16।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थमंगलावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

काव्य छंद-(चाल-अहो जगत गुरुदेव.....)

'पद्मादेश' विदेह, तामधि रजत गिरी है।
उस पर श्रीजिनगेह, पूजत पाप हरी है।।
पद्मा आरजखंड, 'अश्वपुरी' नगरी है।
ताके जन से वंद्य, जिनपद पूज करी है।।17।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थपद्मादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुपद्मा' माहिं, रजताचल मन भाना।
उस पर जिनवर धाम, पूजत पाप पलाना।।
आरजखंड सुमध्य, 'सिंहपुरी' नगरी है।
ताके जन से वंद्य, जिनपद पूज करी है ।।18।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसुपद्मादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'महापद्मा है देश, रूपाचल ता माहीं।
उसके श्रीजिनबिंब, जजते पाप नशाहीं।।
आरजखंड सुमध्य, 'महापुरी' नगरी हैं।।
ताके जन से वंद्य, जिनपद पूज करी है।।19।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थमहापद्मादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पद्मकावति', रूपाचल अभिरामा।
सिद्धकूट के माहिं, पूजत हूँ जिनधामा।।

आरजखंड सुमध्य, 'विजयापुरि' नगरी है।।
ताके जन से वंद्य, जिनपद पूज करी है।।20।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थपद्मकावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'शंखादेश' विदेह, विजयारध गिरि माना।
सिद्धकूट जिनगेह, पूजत ही सुख दाना।।
आरजखंड सुमध्य, शुभ 'अरजा' नगरी है।।
ताके जन से वंद्य, जिनपद पूज करी है।।21।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थशंखादेशमध्यविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'नलिनादेश' विदेह, रूपाचल मन भावे।
तापर जिनवरगेह, पूजत शोक नशावे।।
आरजखंड सुमध्य, शुभ 'विरजा' नगरी है।।
ताके जन से वंद्य, जिनपद पूज करी है।।22।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थनलिनादेशमध्यविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'कुमुदादेश' महान, रूपाचल अति सोहे।
तापर श्रीजिनधाम, पूजत ही सुख होवे।।
आरजखंड सुमध्य कही 'अशोकपुरी' है।
ताके जन से वंद्य, जिनपद पूज करी है।।23।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थकुमुदादेशमध्यविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'सरिता' देश महान, रूपाचल वर जानो।
ताके जिनगृह माहिं, जिनपद पूजन ठानो।।
आरजखंड सुमध्य, 'वीतशोक' नगरी है।।
ताके जन से वंद्य, जिनपद पूज करी है।।24।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसरितादेशमध्यविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–गीता छंद–

'वप्रा' विदेह सुमाहिं सुन्दर, रजतगिरि मनभावना।
नवकूट में इक कूट पर है, जिनभवन अति पावना।।
इस देश आरजखंड में, 'विजयापुरी' अति सोहनी।
ताके जनों से पूज्य जिनवर, मूर्ति पूजूँ मोहनी।।25।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थवप्रादेशमध्यविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुविदेह 'सूवप्रा' मधी है, रजतगिरि उत्तम कहा।
तापे जिनालय में रतनमय, बिंब का अतिशय महा।।
इस देश आरजखंड में, पुरि 'वैजयंती'' सोहनी।।
ताके जनों से पूज्य जिनवर, मूर्ति पूजूँ मोहनी।।26।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसुवप्रादेशमध्यविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ देश 'महवप्रा' सुहाता, तास में विजयार्ध है।
उसपे जिनेश्वर मूर्तियों को, महामुनिगण ध्यात हैं।।
इस देश आरजखंड में नगरी 'जयंती' सोहनी।
ताके जनों से पूज्य, जिनवर मूर्ति पूजूँ मोहनी।।27।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थमहावप्रादेशमध्यविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ देश 'वप्रीकावती' में, रूप्यगिरि सुन्दर कहा।
ऋषिगण विचरते हैं सदा, जिनवर सदन मनहर रहा।।
इस देश आरजखंड में, 'अपराजिता' पुरि सोहनी।।
ताके जनों से पूज्य जिनवर, मूर्ति पूजूँ मोहनी।।28।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थवप्रकावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वरदेश 'गंधा' बीच में, विजयार्ध अनुपम शासता।
किन्नरगणों के गीत से, जिनवर भवन नित भासता।।

इस देश आरजखंड में, 'चक्रापुरी' अति सोहनी।।
ताके जनों से पूज्य जिनवर, मूर्ति पूजूँ मोहनी।।29।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थगंधादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ देश 'सूगंधा' मधी है, रजतगिरि रूपामयी।
विद्याधरों की पंक्तियाँ, जिनवर भवन पूजें सही।।
इस देश आरजखंड में, 'खड्गापुरी' है सोहनी।।
ताके जनों से पूज्य जिनवर, मूर्ति पूजूँ मोहनी।।30।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसुगंधादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ देश 'गंधीला' मधी है, रजतगिरि अति सोहना।
गंधर्व सुरगण पूजते हैं, जिनभवन मन मोहना।।
इस देश आरजखंड में, नगरी 'अयोध्या' सोहनी।।
ताके जनों से पूज्य जिनवर, मूर्ति पूजूँ मोहनी।।31।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थगंधिलादेशमध्यविजयार्धपर्वत-स्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ 'गंधमालिनि' देश में, विजयार्ध गिरि सुन्दर कहा।
उस पर जिनेश्वर बिंब को, नित जजें सुर किन्नर अहा।।
इस देश आरजखंड में, नगरी 'अवध्या' सोहनी।
ताके जनों से पूज्य जिनवर, मूर्ति पूजूँ मोहनी।।32।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थगंधमालिनीदेशमध्य-विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–नरेन्द्रछंद–

'भरतक्षेत्र' में हिमगिरि से गंगा सिन्धू उदगमतीं।
रूपाचल की गुफा तले से बाहर होकर बहतीं।।
आर्यखंड के मध्य 'अयोध्या' तीर्थंकर जिन होते।
रजताचल के जिनगृह जिनवर, बिंब जजतसुख होते।।33।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिभरतक्षेत्रस्थविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शिखरी से रक्ता रक्तोदा, नदियाँ निकलें जानो।
विजयारध की गुफा तले से, बाहर आती मानों।।
आर्यखंड के मध्य 'अयोध्या', पुरुष शलाका होते ।
विजयारध के जिनमंदिर को, पूजत ही मल धोते ।।34।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थविजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–पूर्णार्घ्य–

पूरब पश्चिम कहे विदेहा, तिनके बत्तिस जानो।
दक्षिण उत्तर भरतैरावत के, दो रजताचल मानो।।
इन चौंतिस के चौंतिस जिनगृह, रत्नमयी जिनप्रतिमा।
पूरण अर्घ्य चढ़ाकर पूजूँ, इनकी अतिशय महिमा।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिंबेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

*जाप्य–***ॐ ह्रीं अर्हं शाश्वतजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यो नमः।**

जयमाला

–सोरठा–

जय जय गिरि विजयार्ध, जय जिनचैत्यालय नमूँ।
जय जय श्री जिनबिंब, नमूँ सदा भव दुःख हरो।।1।।

–शम्भु छंद–

श्री विजयमेरु पूर्वापर में, बत्तिस शुभ क्षेत्र बखाने हैं।
उन सबमें शाश्वत रचना है, नित करमभूमि ही माने हैं।।
इक क्षेत्र में कोटी छ्यानवें हैं, पुर ग्राम रतनगृहयुत माने।
हैं नगर पछत्तर सहस रम्य, सोलह सु हजार खेट माने।।2।।
कर्वट चौंतीस हजार कहे, और चार हजार मटंब कहे।
पत्तन अड़तालिस सहस तथा, निन्यानवे सहस द्रोणमुख हैं।।

संवाहन चौंतिस सहस दुर्ग-अटवी अट्ठाइस सहस कहीं।
हैं छप्पन अंतरद्वीप सात सौ, कुक्षिनिवास प्रसिद्ध सही।।3।।

रत्नाकर छब्बिस सहस सदा, रत्नों की खान बखाने हैं।
नानाविध उपवन खंड तथा, वापी पुष्करिणी माने हैं।।
त्रयवर्णी क्षत्रिय वैश्य शूद्र, वहाँ सतत जनमते रहते हैं।
ईती भीती दुर्भिक्ष महामारी आदिक नहिं कहते हैं।।4।।

अतिवृष्टि अनावृष्टी नहिं है, वहाँ सुखकर मेघ बरसते हैं।
ब्रह्मा विष्णू चंडी मुंडी शिव के मंदिर नहिं दिखते हैं।।
धर्माभासी मिथ्यादृष्टी, पाखंडी वहँ नहिं होते हैं।
कोई कोई जन वहँ पर भी, बस भाव मिथ्यात्वी होते हैं।।5।।

नर नारी की उत्कृष्ट आयु, इक पूर्व कोटि बरसों तक है।
है आयु जघन अंतर्मुहूर्त, मध्यम में बहुविध भेद रहें।।
तन ऊँचाई कर दो हजार, वे कर्मभूमि के वासी हैं।
कोई दीक्षा ले कर्मकाट, होते शिवपुर के वासी हैं।।6।।

कच्छा आदिक सब क्षेत्रों में, बस यही व्यवस्था मानी है।
हैं सभी क्षेत्र में रजतगिरी, दो दो नदियाँ परधानी हैं।।
इन सबमें छह-छह खंड हुए, हैं पाँच खंड नर म्लेच्छों के।
हों आर्यखंड में तीर्थंकर, चक्री हलधर[1] आदिक होते।।7।।

रजताचल पर खेचर[2] नगरी, पचपन-पचपन द्वय बाजू में।
खेचर खेचरनी विद्या से, नित गमन करे दिश दासू[3] में।।
सब रूपाचल हैं रजतमयी, त्रयकटनी औ नव कूट कहें।
इक सिद्धकूट नदि के सन्निध, उसमें शाश्वत जिनधाम रहें।।8।।

श्री विजयमेरु के दक्षिण में, है भरत क्षेत्र शुभ नाम धरे।
इसमें रजताचल पूर्व सदृश, इक सिद्धकूट जिनधाम खरे।।
छह खंड बीच आरजखंड में, षट्काल परावर्तन होते।
तीर्थंकर आदिक महापुरुष, त्रेसठ चौथे युग में होते।।9।।

1. बलभद्र । 2. विद्याधर। 3. दशों।

श्री विजयमेरु उत्तरदिश में, ऐरावत क्षेत्र कहा जाता।
इसके मधि रजताचल ऊपर, इक शाश्वत जिनगृह सुखदाता।।
इसमें भी काल परावर्तन, बस चौथे में तीर्थंकर हों।
चक्री आदिक त्रेसठ जन सब, चौथे युग में जगमान अहो।।10।।

–घत्ता–

जय जय रूपागिरि, चौंतिस मंदिर, जय जिनवर तुम जयमाला।
जो पढ़े पढ़ावे सो जन पावे, 'ज्ञानमती' श्री गुणमाला।।11।।

ॐ ह्रीं श्रीविजयमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्रजताचलस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थ-सर्वजिनबिंबेभ्यः जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं.19)

पूर्व धातकीखण्ड भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापना-नरेन्द्र छंद

पूर्वधातकी भरतक्षेत्र में, वर्तमान जिनदेवा।
विजयमेरु के दक्षिणदिश में, सुरनरकृत पद सेवा।।
इन चौबीसों तीर्थंकर को, भक्ति भाव से ध्याऊँ।
आह्वाननविधि पूजा करके, निजआतम सुख पाऊँ।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर-समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर-समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर-समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-स्रग्विणी छंद

सिंधु को नीर ले स्वर्ण झारी भरूँ।
नाथ के पाद में तीन धारा करूँ।।
इंद्रशतवंद्य तीर्थेश को नित जजूँ।
रत्न सम्यक्त्व पा भव भ्रमण से बचूँ।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

गंध सौगंध्य चंदन घिसाऊँ सही।
नाथपद पूजते पूर्ण साता लही।।इंद्रशत.।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

शालि सुंदर शशीकांति सम लायके।
पुंज धर पूजहूँ नाथ गण गाय के।।इंद्रशत.।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कुंद मंदार मल्ली सुमन लाइया।
कामजेता प्रभू अर्च सुख पाइया।।
इंद्रशतवंद्य तीर्थेश को नित जजूँ।
रत्न सम्यक्त्व पा भव भ्रमण से बचूँ।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मुद्ग लड्डू इमरती भरे थाल में।
भूख व्याधी रहित नाथ पूजूँ तुम्हें।।इंद्रशत.।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप की लौ बहिर्ध्वांत नाशे सदा।
आपको पूजते भेदविज्ञानदा।।इंद्रशत.।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप ले अग्नि में नित्य खेऊं सही।
आत्मशुद्धी करूँ पाउं निज की मही।।इंद्रशत.।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

आम्र अंगूर अखरोट काजू लिये।
नाथ को पूजते सौख्य संपत् लिये।।इंद्रशत.।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीर गंधादि वसु द्रव्य थाली भरे।
अर्घ्य से अर्चते सर्वव्याधी टरे।।इंद्रशत.।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

तीर्थंकर परमेश, तिहुँजग शांतीकर सदा।
चउसंघ शांतीहेत, शांतीधारा मैं करूँ।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार प्रसून, सुरभित करते दश दिशा।
तीर्थंकर पद पद्म, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

धर्मचक्र के अधिपती, त्रिभुवन पति जिनराज।
सुमन चढ़ाकर पूजहूँ, नमूं नमूं नतमाथ।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-रोला छंद-

नाथ 'युगादीदेव', सब देवन के देवा।
त्रिभुवन के तुम देव, भव्य करें नित सेवा।।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय, प्रभुपद शीश नमाऊँ।
सर्व मनोरथ त्याग, रत्नत्रय निधि पाऊँ।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीयुगादिदेवजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'सिद्धांतजिनेन्द्र', अंतक को चकचूरा।
जो जन पूजें नित्य, पावें सुख भरपूरा।।पूजूँ.।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसिद्धांतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'महाईश' के नाथ, कामजयी बलधरी।
तुम पद पूजें नित्य, वे निजपद अधिकारी।।पूजूँ.।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमहेशनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'परमार्थ' जिनेश, परम पुरुष तुम ध्याते।
भविजन भक्ति समेत, पूजत कर्म नाशते।।पूजूँ.।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपरमार्थनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'समुद्धर' देव, जग उद्धार किया है।
जिनने पूजा आप, सौख्य अपार लिया है।।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय, प्रभुपद शीश नमाऊँ।
सर्व मनोरथ त्याग, रत्नत्रय निधि पाऊँ।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसमुद्धरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'भूधरनाथ' जिनेश, सब जीवन हितकारी।
वाणी मधुर पियूष, पीकर हो सुखकारी।।पूजूँ.।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीभूधरनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'उद्योत' जिनेंद्र, केवल सूर्य तुम्हीं हो।
मुनिमन के प्रद्योत, करते नित्य तुम्हीं हो।।पूजूँ.।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीउद्योतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'आर्जव' जिनवर आप, ऊर्ध्वगती को पाई।
किन्नर गण तुम कीर्ति, गाते हैं सुखदाई।।पूजूँ.।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीआर्जवजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'अभयनाथ' भगवान्, अभयदान दें सबको।
सब जीवन प्रतिपाल, नमूँ नमूँ चरणन को।।पूजूँ.।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअभयनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'अप्रकंप' तीर्थेश, जब तुम जन्म लिया है।
इंद्रासन तत्काल कम्पित हो गया है।।पूजूँ.।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअप्रकंपजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'पद्मनाथ' भगवान्, तुम पद बसती पद्मा।
जो पूजें धर प्रीत, पावें अनुपम सद्मा।।पूजूँ.।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपद्मनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'पद्मनंदि' जिनदेव, तुम पदपद्म जजें जो।
मृत्यु मल्ल को मार, निज शिवसद्म भजें सो।।पूजूँ.।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपद्मनंदिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'प्रियकंर' आप, वाणी प्रियहित करणी।
कर्म पुटों से भव्य, पीते भव दुःखहरणी।।पूजूँ.।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीप्रियकंरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'सुकृतनाथ' जिनेंद्र, अतुल पुण्य निधि तुम हो।
जो जन तुम पद भक्त, उनके भ्रम का क्षय हो।।पूजूँ.।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसुकृतनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'भद्रनाथ' जिनदेव, कर्मबली के जेता।
हित उपदेशी आप, विश्व तत्त्व के वेत्ता।।पूजूँ.।।15।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीभद्रनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनीचंद्र' भगवान्, मुनिगण तुम गुण गावें।
निज आतम का ध्यान, करके शिवपुर जावें।।पूजूँ.।।16।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमुनिचन्द्रजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'पंचमुष्टि' जिनराज, मोह मल्ल को जीता।
पंच परावृत नाश, हुये भविकजन मीता।।पूजूँ.।।17।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपंचमुष्टिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'त्रिमुष्टि' जिनेश, जन्मजरा मृति नाशा।
केवल रवि को पाय, लोकालोक प्रकाशा।।पूजूँ.।।18।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीत्रिमुष्टिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'गांगिक' जिननाथ, शीतल गंगनदीसम।
जो करते तुम सेव, पावें सौख्य अनूपम।।पूजूँ.।।19।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीगांगिकनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'गणनाथ' प्रधान, गणधर वंदन करते।
कर्मअरी को हान, निजपद मंडन करते।।पूजूँ.।।20।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीगणनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'सर्वांग जिनेश', तुम सम रूप न जग में।
इंद्र सहस कर नेत्र, फिर भी तृप्त न मन में।।पूजूँ.।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसर्वांगदेवजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'ब्रह्मेन्द्र' अधीश, आतम गुण में राचें।
ब्रह्मानंद पियूष, पीकर भवदुःख नाशे।।पूजूँ.।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीब्रह्मेन्द्रनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'इंद्रदत्त' भगवान, इंद्र करें तुम भक्ती।
जो तुम आश्रय लेय, पावें अनुपम शक्ती।।पूजूँ.।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीइंद्रदत्तजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'श्री नायक' जिननाथ, करुणासिंधु तम्हीं हो।
करो कृपा मुझनाथ, भवरुज वैद्य तुम्हीं हो।।पूजूँ.।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनायकनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्णार्घ्य-दोहा

धर्मनाथ के नाथ तुम, धर्मचक्रधर धीर।
पूरण अर्घ्य चढ़ायके, पाऊँ मैं भवतीर।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीयुगादिदेवादिनायकनाथपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-शंभु छंद-

जय जय तुम वाणी कल्याणी, गंगाजल से भी शीतल है।
जय जय शमगर्भित अमृतमय, हिमकण से भी अतिशीतल है।।
चंदन औ मोती हार चंद्रकिरणों से भी शीतलदायी।
स्याद्वादमयी प्रभु दिव्यध्वनी, मुनिगण को अतिशय सुखदायी।।1।।

वस्तू में धर्म अनंत कहे, उन एक एक धर्मों को जो।
यह सप्तभंगि अद्भुत कथनी, कहती है सात तरह से जो।।

प्रत्येक वस्तु में विधि निषेध, दो धर्म प्रधान गौण मुख से।
वे सात तरह से हों वर्णित, नहिं भेद अधिक अब हो सकते।।2।।
प्रत्येक वस्तु है अस्ति रूप, औ नास्ति रूप भी है वो ही।
दो ही है उभय रूप समझो, फिर अवक्तव्य है भी वो ही।।
वो अस्तिरूप और अवक्तव्य फिर नास्ति अवक्तव भंग धरे।
फिर अस्ति नास्ति और अवक्तव्य, ये सात भंग हैं खरे खरे।।3।।

स्वद्रव्य क्षेत्र औ काल भव, इन चारों से वस्तु अस्तिमयी।
परद्रव्य क्षेत्र कालादि से, वो ही वस्तू नास्तित्व कही।।
दोनों का क्रम से कहना हो, तब अस्तिनास्ति यह भंग कहा।
दोनों का युगपत कहने से, हो अवक्तव्य यह तुर्य कहा।।4।।

अस्ती औ अवक्तव्य क्रम से, यह पंचम भंग कहा जाता।
नास्ती औ अवक्तव्य छट्ठा, यह भी है क्रम से बन जाता।।
क्रम से कहने से अस्ति नास्ति, और युगपत अवक्तव्य मिलके।
यह सप्तम भंग कहा जाता, बस कम या अधिक न हो सकते।।5।।

इस सप्तभंगमय सिन्धू में, जो नित अवगाहन करते हैं।
वे मोह रागद्वेषादिरूप, सब कर्म कालिमा हरते हैं।।
वे अनेकांतमय वाक्य सुधा, पीकर आतमरस चखते हैं
फिर परमानंद परमज्ञानी, होकर शाश्वत सुख भजते हैं।।6।।

मैं निज अस्तित्व लिये हूँ नित, मेरा पर में अस्तित्व नहीं।
मैं चिच्चैतन्य स्वरूपी हूँ, पुद्गल से मुझ नास्तित्व सही।।
इस विधि निज को निज के द्वारा, निज में ही पाकर रम जाऊँ।
निश्चय नय से सब भेद मिटा, सब कुछ व्यवहार हटा पाऊँ।।7।।

भगवन्! कब ऐसी शक्ति मिले, श्रुतदृग से निज को अवलोकूँ।
फिर स्वसंवेद्य निज आतम को, निज अनुभव द्वारा मैं खोजूँ।।

संकल्प विकल्प सभी तज के, बस निर्विकल्प मैं बन जाऊँ।
फिर केवल 'ज्ञानमती' से ही, निज को अवलोकूँ सुख पाऊँ।।8।।

-दोहा-

वर्तमान चौबीस जिन, नमूँ आप पदपद्म।
हरो अमंगल विघ्नघन, हो मुझ अपुनर्जन्म।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखण्डद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं.20)

पूर्वधातकीखण्डद्वीप ऐरावतक्षेत्र वर्तमानकालीन तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापना-गीता छंद

वर पूर्वधातकि द्वीप में, शुभ क्षेत्र ऐरावत कहा।
तीर्थेश संप्रति काल के, मैं पूजहूँ नितप्रति यहाँ।।
समता रसिक योगीश गण, नित वंदना उनकी करें।
आह्वानना विधि से सतत, हम अर्चना उनकी करें।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकर समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकर समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकर समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-नाराच छंद

सिंधु नीर से जिनेन्द्र पाद पद्म पूजिये।
स्वात्म कर्मपंक धोय पूर्ण शुद्ध हूजिये।।
वर्तमान तीर्थनाथ वंदना सदा करूँ।
धर्मशुक्ल ध्यान हेतु अर्चना मुदा करूँ।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा। निर्वपामीति

चंदनादि गंध से जिनेश चर्ण चर्चिये।
मोहताप ध्वंस के अपूर्व शांति अर्जिये।।वर्तमान.।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

धौत स्वच्छ श्वेत शालि पुंज को रचाइये।
स्वात्म सौख्य ले अखंड पाप को नशाइये।।
वर्तमान तीर्थनाथ वंदना सदा करूँ।
धर्मशुक्ल ध्यान हेतु अर्चना मुदा करूँ।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

मोगरा जूही गुलाब वर्ण वर्ण के लिये।
कामदेव के जयी जिनेश चर्ण में दिये।।वर्तमान.।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

गूझिया इमरतियां बनाय थाल में भरें।
पूर्ण तृप्त आपको चढ़ाय व्याधियों हरें।।वर्तमान.।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपवर्तिका जले समस्त ध्वांत को हरे।
पूजते तुम्हें प्रभो अपूर्व ज्योति को करे।।वर्तमान.।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप गंध युक्त अग्निपात्र में जलाय हूँ।
पाप कर्म को जलाय पुण्यराशि पाय हूँ।।वर्तमान.।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

संतरा अनार सेव औ बदाम भी लिये।
मोक्ष सौख्य हेतु नाथ! आपको चढ़ा दिये।।वर्तमान.।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

तोय गंध शालि पुष्प आदि अष्ट द्रव्य ले।
तीन रत्न हेतु अर्घ्य से जजूँ भले।।वर्तमान.।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

तीर्थंकर परमेश, तिहुँजग शांतीकर सदा।
चउसंघ शांतीहेत, शांतीधारा मैं करूँ।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार प्रसून, सुरभित करते दश दिशा।
तीर्थंकर पद पद्म, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

ज्ञान दरश सुखवीर्यमय, गुण अनंत विलसंत।
सुमन चढ़ाकर पूजहूँ, हरूँ सकल जगफंद।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-दोहा-

नाथ! 'अपश्चिम' आपको, जो पूजें धर प्रीत।
परमानंद स्वरूप को, लहें बने शिवमीत।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअपश्चिमजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'पुष्पदंत जिनराज का, अद्भुत रूप प्रसिद्ध।
इंद्र सहस दृग कर निरख, तृप्ति न पावे नित्त।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपुष्पदंतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'अर्ह' जिनेश्वर आपने, मोह अरी का अंत।
पहुँचे झट शिवधाम में, मैं पूजूँ भगवंत।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअर्हंजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नत्रय को पूर्ण कर, 'श्रीचरित्र' जिनराज।
मुक्तिरमा के पति हुये, पूज लहूँ शिवराज।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीचरित्रनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'सिद्धानंद' जिनेन्द्र को, वंदे त्रिभुवन भव्य।
जजूँ सिद्धि के हेतु मैं, पूरें मुझ कर्त्तव्य।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसिद्धानंदजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सप्त परमस्थान को, पाया 'नंदगदेव'।
परमानंद प्रकाश हित, करूँ आप पद सेव।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनंदगजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'पद्मकूप' जिनदेव हैं, पद्मालिंगित देह।
जो जन पूजें भक्ति से, होते शीघ्र विदेह।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपद्मकूपजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'उदयनाभि' जिनराज ने, जीव समास समस्त।
बतलाकर रक्षा करी, पूजूं उन्हें प्रशस्त।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीउदयनाभिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रूक्मेंदु' जिनराज हैं, षट् पर्याप्ति विहीन।
चिन्मूरति विनमूर्ति को, नमूँ करें दुख क्षीण।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीरूक्मेंदुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'कृपाल' तीर्थेश का, तीर्थ तीर्थ उनहार।
जो नितप्रति अर्चा करें, उतरें भव दधि पार।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकृपालुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री प्रौष्ठिल जिनदेव ने, प्रबल कर्म अरिघात।
भविजन को संबोधिया, पूज भरूँ सुख सात।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीप्रौष्ठिलजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'सिद्धेश्वर' भव्यजन, सिद्धी में सुनिमित्त।
अर्घ्य चढ़ाकर मैं जजूँ, लहूँ स्वात्मसुख नित्त।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसिद्धेश्वरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'अमृतेंदु' जिन आपके, वचनामृत सुखकार।
परमौषधि हैं जन्मरुज, हरें जजूँ पद सार।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअमृतेंदुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'स्वामिनाथ' तीर्थेश की, भक्ति कल्पतरु सिद्ध।
मैं पूजूं नित भाव से, पाऊं सौख्य समृद्ध।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीस्वामिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'भुवनलिंग' जिनवर तुम्हें, पूजें त्रिभुवन भव्य।
त्रिभुवनमस्तक पर पहुँच, हो जाते कृतकृत्य।।15।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीभुवनलिंगजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थंकर श्री 'सर्वरथ', परमारथ सुखदेत।
श्रद्धा से मैं नित जजूँ, सर्वसिद्ध सुखहेत।।16।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसर्वरथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'मेघनंद' जिनराज हैं, परमामृत के मेघ।
मैं पूजूँ नित चाव से, अजर अमर पद हेत।।17।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमेघनंदजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नंदिकेश आनंदघन, गणधर गण सुख हेत।
मैं पूजूँ आनंद से, अनुपम आनंद हेत।।18।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनंदिकेशजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थंकर 'हरिनाथ' के, गुण अनंत श्रुतमान्य।
पूजूँ मैं निज सौख्य हित, सकल विश्व सन्मान्य।।19।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीहरिनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'अधिष्ठ' जिनराज का, केवलज्ञान महान।
दर्पणवत् उसमें सतत, झलके सकल जहान।।20।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअधिष्ठजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'शांतिकदेव' जिनेन्द्र ने, किये स्वदोष प्रशांत।
पूर्णशांति के हेतु मैं, जजूँ मुक्ति के कांत।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीशांतिकदेवजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'नंदीस्वामिन'! जो तुम्हें, नित पूजे धर प्रीत।
अनुपम निज आनंदमय, पावें धाम पुनीत।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनंदीस्वामिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'कुंदपार्श्व' जिनदेव ने, पूर्ण सुयश विस्तार।
भविजन को शिवपथ कहा, जजूँ सार में सार।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकुंदपार्श्वजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'विरोचन' विश्व में, पूजित परम जिनेश।
मैं पूजूँ शुद्धात्म हित, त्रिकरणशुद्धि समेत।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीविरोचनजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-दोहा-

सप्तपरमस्थान गत, चौबीसों जिनराज।
पूजूँ पूरण अर्घ्य ले, लहूँ पूर्ण साम्राज।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअपश्चिमादिविरोचनपर्यन्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-दोहा-

ध्यानामृत पीकर भये, मृत्युंजय प्रभु आप।
गाऊँ तुम जयमालिका, हरो सकल संताप।।1।।

-शंभु छंद-

जय जय तीर्थंकर शिवसुख कर, जय जय अनवधि गुणसार हो।
जय जय सुखज्ञान अतींद्रियधर, जय जय अनुपम रत्नाकर हो।।

तुमने मृत्युंजय बनने का, सबको सुखकर उपदेश कहा।
जिसने तुम आज्ञा को पाला, उसने मृत्यु का क्लेश दहा।।2।।

संन्यास विधी के तीन भेद, जो पंडित मरण कहे जाते।
प्रायोपगमन इंगिनीमरण औ भक्तप्रतिज्ञा कहलाते।।
जिसमें निज से पर के किंचित्, उपकार नहीं वह पहला है।
जिसमें निज से वैयावृत्ती, पर से नहिं हो वह मंझला है।।3।।

जो श्रेष्ठ संहनन के धारी, वे ही इनको कर सकते हैं।
हैं आज हीन संहनन तीन, इसलिये नहीं बन सकते हैं।।
बस भक्तप्रतिज्ञा का आश्रय, इस युग के मुनिगण लेते हैं।
बारह वर्षों की उच्च अवधि, लेकर ही विधिवत् सेते हैं।।4।।

अड़तालिस मुनि परिचर्या रत, निर्यापक बन सेवा करते।
वह क्षपक मुनि संन्यास निरत, होकर जिनवचनों से वरतें।।
क्रम क्रम से भोजन त्याग करे, वह अंत समय जल भी छोड़े।
तन से बिल्कुल निर्मम होकर, आतम से ही नाता जोड़े।।5।।

सबसे ही क्षमा कराकर पुन, स्वयमेव क्षमा परिणाम धरे।
संपूर्ण कषायों को तजकर, उत्तम संन्यास अपूर्व करे।।
इस विध कषाय औ काय उभय, को कृश करते तन को छोड़े।
वह सात आठ भव से ज्यादा, नहिं ले यम की फांसी तोड़े।।6।।

भगवन्! तुम भक्ती से ऐसी, शक्ती मुझ में भी आ जावे।
संन्यासविधी से मरण करूँ, बस पुनर्जनम सब नश जावे।।
मैं मृत्यु को उत्सव समझूँ, समतारस अमृत को पीऊं।
क्षुध आदि व्याधि से खेद न हो, अपने में अनुभव रस पीऊं।।7।।

बचपन से लेकर अब तक जो, मैंने पुण्यार्जित किया सही।
उन सबका फल एकत्रित हो, प्रभु मुझे मिले सब एक यही।।
जब प्राण प्रयाण करें मेरे, मम कंठ अंकुठित बना रहे।
तुम नाम मंत्र अंतिम क्षण तक, मेरी जिह्वा पर चढ़ा रहे।।8।।

-दोहा-

प्रभु मैं याचूं आज, जब तक मुक्ति नहीं मिले।
भव-भव में संन्यास, सम्यग्ज्ञानमती सहित।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं.21)

पूर्वधातकीखण्डद्वीप विहरमाण तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापना-गीता छंद

वरद्वीपधातकीखण्ड में जो पूर्व अपर विदेह हैं।
उनमें सदा विहरें जिनेश्वर चार शिव परमेश हैं।।
उन कर्म भूमी में सदा जिनधर्म अमृत वरसता।
मैं पूजहूँ आह्वानन कर निज आत्म अनुभव छलकता।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकस्वयंप्रभ-ऋषभानन-अनंतवीर्यतीर्थंकरसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकस्वयंप्रभ-ऋषभानन-अनंतवीर्यतीर्थंकरसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकस्वयंप्रभ-ऋषभानन-अनंतवीर्यतीर्थंकरसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-चाल शेर

हे नाथ! आप पाद में त्रयधार मैं करूँ।
निज चित्त ताप शांति हेतु आश मैं धरूँ।।
तीर्थंकरों के पादकमल चित्त में धरूँ।
अनिष्ट के संयोग जन्म दुःख को हरूँ।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

हे नाथ! आप चर्ण में चंदन विलेपते।
संपूर्ण ताप नष्ट हो निजतत्त्व लोकते।।तीर्थं.।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वपरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

हे नाथ! आप अग्र शालि पुंज चढ़ाऊँ।
अक्षय अखंड सौख्य हेतु आश लगाऊँ।।
तीर्थंकरों के पादकमल चित्त में धरूँ।
अनिष्ट के संयोग जन्म दुःख को हरूँ।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वपरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

हे नाथ! आप चर्ण पुष्पमाल चढ़ाऊँ।
सम्पूर्ण सौख्य पाय देह कांति बढ़ाऊँ।।तीर्थं.।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वपरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

हे नाथ! आप सामने नैवेद्य चढ़ाऊँ।
उदराग्नि को प्रशमित करूँ निज शक्ति बढ़ाऊँ।।तीर्थं.।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वपरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हे नाथ! दीप लेय आप आरती करूँ।
अज्ञान तिमिर नाश ज्ञान भारती भरूँ।।तीर्थं.।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वपरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

वर धूपघट में धूप खेय कर्म जलाऊँ।
हे नाथ! आप भक्ति से सम्यक्त्व को पाऊँ।।तीर्थं.।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वपरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

हे नाथ! श्रेष्ठ फल चढ़ाय अर्चना करूँ।
चारित्र लब्धि पाय दुःख रंच ना भरूँ।।तीर्थं.।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वपरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

हे नाथ! अर्घ लेय रजत पुष्प मिलाऊँ।
निजात्म तत्त्व प्राप्ति हेतु अर्घ चढ़ाऊँ।।तीर्थं.।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वपरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

नाथ! पाद पंकेज, जल से त्रयधारा करूँ।
अतिशय शांती हेत, शांतीधारा शं करे।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार गुलाब, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।
मिल आत्म सुखलाभ, जिनपद पंकज पूजते।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

समवसरण में राजते, तीर्थंकर परमेश।
पुष्पांजलि कर पूजते, नशें सर्व मन क्लेश।।1।।

-शम्भु छंद-

धातकी खंड पूरब विदेह, सीतानदि के उत्तर तट पे।
अलकापुरि में पितु देवसेन, प्रभु हुये देवसेना माँ से।।
रविचिन्ह सहित श्री 'संजातक', तीर्थंकर विहरण करते हैं।
उनको हम पूजें भक्ती से, वे सबके पातक हरते हैं।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थअलकापुरीमध्यसमवसरणस्थित-श्रीसंजातकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री विजयमेरु पूरब विदेह, सीतानदि के दक्षिण तट में।
विजया नगरी पितु मित्रभूति, जननी सुमंगला से जन्मे।।
शशिचिन्ह धरें जग उद्योती, तीर्थेश 'स्वयंप्रभ' शिवभर्ता।
वे गणधर मुनिगण से वंदित, उनका अर्चन भव दुखहर्ता।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविजयानगरीमध्यसमवसरणस्थितश्रीस्वयंप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धातकीद्वीप पश्चिम विदेह, सीतोदा के दक्षिण जानो।
है पुरी सुसीमा नृपकीर्ति पितु, मात वीरसेना मानो।।
है सिंह चिन्ह श्री 'ऋषभानन' तीर्थंकर अनुपम सुखधारी।
निज परमानंद सौख्य हेतू, मैं पूजूँ त्रिभुवन गुणधारी।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थसुसीमापुरीमध्यसमवसरण-स्थितश्रीऋषभाननजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री विजयमेरु पश्चिम विदेह, सीतोदा के उत्तर तट में।
है नगरि अयोध्या पिता मेघरथ, प्रसू सुमंगला से जन्मे।।
तीर्थेश 'अनंतवीर्य' भगवन्, गजचिन्ह सहित केवलज्ञानी।
जो पूजें ध्यावें गुण गावें, वे होवें धर्म शुक्लध्यानी।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थअयोध्यानगरीमध्यसमवसरण-स्थितश्रीअनंतवीर्यजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य दोहा-

संजातक अरु स्वयंप्रभ, ऋषभानन जिनराज।
जिनवर अनंतवीर्य को, जजत सरें सब काज।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसम्बन्धिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थसंजातकादिविहरमाण-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-दोहा-

वैभव अतुल अनंतयुत, समवसरण अभिराम।
रत्नत्रय निधि हेतु मैं, शतशत करूँ प्रणाम।।1।।

चाल-शेर.....

हे नाथ! आप तीन लोक में महान हो।
हे नाथ! आप सर्व सौख्य के निधान हो।।
मैं बार-बार आप चरण वंदना करूँ।
सम्यक्त्व रत्न हेतु नाथ अर्चना करूँ।।2।।

हे नाथ! आप भक्ति से सम्पूर्ण दुख टरें।
हे नाथ! आप भक्ति रोग शोक को हरे।।
हे नाथ! आप भक्ति से सब आपदा टलें।
हे नाथ! आप भक्त को सब संपदा मिलें।।3।।

तुम भक्त को कभी भी इष्ट का वियोग ना।
तुम भक्त को कभी अनिष्ट का संयोग ना।।
तुम भक्त के संपूर्ण अमंगल विनश्यते।
तुम भक्त को सर्पादि जंतु डस नहीं सकें।।4।।

गज सिंह व्याघ्र क्रूर जंतु शांतचित बने।
तुम भक्ति के प्रभाव शत्रु मित्र सम बने।।
तुम भक्ति के प्रभाव ईति भीतियाँ टलें।
तुम भक्ति से व्यंतर पिशाच भूत भी टलें।।5।।

हे नाथ! आप पाय मैं निहाल हो गया।
सम्यक्त्व रत्न से ही मालामाल हो गया।।
मैं आप सदृश सिद्ध हूँ चिन्मूर्ति आतमा।
बस आप भक्ति से ही बना अंतरातमा।।6।।

परमात्मा बन जाऊँ नाथ! शक्ति दीजिये।
चारित्र लब्धि पूर्ण करूँ युक्ति दीजिये।।
अपने ही चरण में प्रभो स्थान दीजिये।
'सज्ज्ञानमती' संपदा का दान दीजिये।।7।।

-दोहा-

नाथ! आपकी भक्ति से, भक्त बनें भगवान।
पुनः अनंतों काल तक, रहें पूर्ण धनवान।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थश्रीसंजातकस्वयंप्रभ-ऋषभानन-अनंतवीर्यनामविहरमाणचतुस्तीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं.22)

पूर्व धातकीखण्डद्वीप नवदेवता पूजा

अथ स्थापना-नरेन्द्र छंद

पूर्वधातकीखंडद्वीप में कर्मभूमि चौंतीस हैं।
इनमें अर्हंत् सिद्ध सूरि पाठक साधु मुनिगण हैं।।
जिनवरधर्म जिनागम जिनवर प्रतिमा जिनगृह सोहें।
आह्वानन कर पूजूँ मैं नित ये मुझ अघमल धो हैं।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-द्रुतविलंबित छंद

गगन गंग नदी जल लाइया। जिनपदांबुज धार कराइया।
जजत हूँ नवदेव सुभक्ति से। निज सुधारस हो तुम भक्ति से।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरभि चंदन गंध घिसाइया। जिन पदाम्बुज अग्र चढ़ाइया।
जजत हूँ नवदेव सुभक्ति से। निज सुधारस हो तुम भक्ति से।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

धवल अक्षत पुंज चढ़ाइया। सुख अखंडित आश लगाइया।।
जजत हूँ नवदेव सुभक्ति से। निज सुधारस हो तुम भक्ति से।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कुसुम रंग बिरंग चढ़ाइया। अमल आतम कीर्ति बढ़ाइया।
जजत हूँ नवदेव सुभक्ति से। निज सुधारस हो तुम भक्ति से।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस मिष्ट चरू अर्पण करूँ। उदर व्याधि हरो अर्चन करूँ।
जजत हूँ नवदेव सुभक्ति से। निज सुधारस हो तुम भक्ति से।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अमल दीप शिखा आरति करूँ। हृदय मोह मिटे भारति भरूँ।
जजत हूँ नवदेव सुभक्ति से। निज सुधारस हो तुम भक्ति से।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरभि धूप अगनि में खेवते। अशुभ कर्म नशें तुम सेवते।
जजत हूँ नवदेव सुभक्ति से। निज सुधारस हो तुम भक्ति से।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

मधुर आम अनार भले भले। फल चढ़ाय मनो कलिका खिले।
जजत हूँ नवदेव सुभक्ति से। निज सुधारस हो तुम भक्ति से।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फलादिक अर्घ चढ़ाय के। रतनत्रय की आश लगाय के।
जजत हूँ नवदेव सुभक्ति से। निज सुधारस हो तुम भक्ति से।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

यमुना सरिता नीर, प्रभु चरणों धारा करूं।
मिले निजात्म समीर, शांतिधारा शं करे।।10।।

शांतये शांतिधारा।

सुरभित खिले सरोज, जिन चरणों अर्पण करूँ।
निर्मद करूँ मनोज, पाऊँ जिन गुण संपदा।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

पूर्वधातकी खंड में, कर्मभूमि चौंतीस।
पुष्पांजलि कर पूजहूं, नमूँ नमाकर शीश।।1।।

इति मंडलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-नरेन्द्र छंद-

विजयमेरु के पूर्व दिशा में, भद्रशाल के पासे।
'कच्छा' देश विदेह कहाता, आर्यखंड नदि पासे।।
अर्हत् सिद्धाचार्य उपाध्याय, साधु पंचगुरु नित हैं।
धर्मजिनागम प्रतिमा जिनगृह, जजत मिले निज सुख है।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहकच्छादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुकच्छा' उसमें छहखंड, आर्यखंड अतिसुंदर।
शाश्वत कर्मभूमि वहां मानव, धर्म करें अति सुखकर।।अर्हंत्।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहसुकच्छादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महाकच्छा' छहखंड में, आर्यखंड नदि पासे।
मध्य राजधानी में जिनवर, विहरें मार्ग प्रकाशें।।अर्हत्।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहमहाकच्छादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'कच्छकावती' वहाँ पर, मध्य रजतगिरि सोहे।
रक्ता रक्तोदा से छह खंड, आर्यखंड मन मोहे।।
अर्हत् सिद्धाचार्य उपाध्याय, साधु पंचगुरु नित हैं।
धर्मजिनागम प्रतिमा जिनगृह, जजत मिले निज सुख है।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहकच्छाकावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'आवर्ता' पूरब विदेह में, आर्यखंड मनहारी।
श्रावक गण जिनभक्ती करके, बने सर्वगुणधारी।।अर्हत्।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहआवर्तादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'लांगलावर्ता' उसमें, आर्यखंड सुखकारी।
गगन गमनचारी मुनि विहरें, गुरु वंदन दुख हारी।।अर्हत्।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहलांगलावर्तादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कला' छह खंडों में, बंटा आर्यखंड उसमें।
जिनवर पंचकल्याणक उत्सव, करते सुरगण मुद में।।अर्हत्।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहपुष्कलादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कलावती' सुहाता, आर्यखंड की महिमा।
तीर्थंकर चक्री हलधर हरि, इनसे बढ़ती गरिमा।।अर्हत्।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहपुष्कलावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देवारण्य वेदिका पासे, सीता के दक्षिण में।
'वत्सा' देश विदेह सुहाता, आर्यखंड इस मधि में।।अर्हंत्।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहवत्सादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुवत्सा' पूरब में है, छह खंडों से सोहे।
एक आर्य अरु पाँच म्लेच्छ, खंडों से सुर मन मोहे।।अर्हंत्।।10।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहसुवत्सादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महावत्सा' पूरब में, सुर किन्नर गुण गाते।
तीर्थंकर का जन्म महोत्सव, सुरपति आय मनाते।।अर्हंत्।।11।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहमहावत्सादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'वत्सकावती' सुहाना, मध्य रजतगिरि सोहे।
विद्याधर विद्याधरियों से, सुरगण का मन मोहे।।अर्हंत्।।12।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहवत्सकावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रम्या' देश विदेह पूर्व में, शाश्वत चौथा युग है।
तीर्थंकर केवलि श्रुतकेवलि, विहरें वहाँ सतत हैं।।अर्हंत्।।13।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहरम्यादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुरम्या' आर्यखंड में, कर्मभूमि शाश्वत है।
मुनिगण कर्म काट शिव वरते, सुरनर मन भावन है।।अर्हंत्।।14।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहसुरम्यादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्वविदेह देश 'रमणीया', यथा नाम गुण वैसा।
आर्यखंड में धर्मसुधारस, की करते मुनि वर्षा।।
अर्हत् सिद्धाचार्य उपाध्याय, साधु पंचगुरु नित हैं।
धर्मजिनागम प्रतिमा जिनगृह, जजत मिले निज सुख है।।15।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहरमणीयादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'मंगलावती' वहाँ पर, नित नव मंगल होते।
आर्यखंड में ऋषिगण विहरण, कर्मकालिमा धोते।।अर्हंत्।।16।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहमंगलावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-गीता छंद-

मेरू विजय के अपर दिश, वनवेदिका के निकट में।
'पद्मा' विदेह सुदेश है, उस मध्य आरजखंड में।।अर्हंत्।।17।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहपद्मादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर देश 'सुपद्मा' वहाँ पर, खंड छह में ख्यात है।
तीर्थंकरों के जन्म से पावन धरा खंडार्य है।।अर्हंत्।।18।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहसुपद्मादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम विदेहे 'महापद्मा' खंड विख्यात हैं।
उस मध्य आरजखंड में, सुरगण रमें दिनरात हैं।।अर्हंत्।।19।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहपद्मकावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर 'पद्मकावति' देश में, छहखंड में इक आर्य है।
जिन पंचकल्याणक महोत्सव, इंद्रगण से मान्य हैं।।अर्हंत्।।20।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहपद्मकावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'शंखा' विदेह वहाँ सतत, तीर्थंकरों की अर्चना।
चक्रेश हलधर, खगपती, सुरपति करें जिनवंदना।।अर्हंत्।।21।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहशंखादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'नलिना' विदेह जिनेश्वरों के जन्म तप से वंद्य है।
मुनिगण गगनचारी वहाँ, निज आत्मसुख में मग्न हैं।।अर्हंत्।।22।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहनलिनादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'कुमुदा' विदेह सुअपरदिशि में, खंड छह अति शोभते।
इक खंड आरज में जिनेश्वर, धर्म भवि अघ शोधते।।अर्हंत्।।23।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहकुमुदादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिमविदेह 'सरित्' में, छहखंड में इक आर्य है।
उसमें जिनेश्वर अर्चना, करते भविक शिरधार्य हैं।।अर्हंत्।।24।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहसरितादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दिश अपर भूतारण्य वेदी, निकट 'वप्रा' देश है।
छहखंड में इक आर्य है, उसमें दिगंबर वेष हैं।।अर्हंत्।।25।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहवप्रादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचा-र्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम 'सुवप्रा' देश में, छहखंड में रजताद्रि है।
नदि पास आरजखंड में, सुरवंद्य जिनवर अंघ्रि हैं।।
अर्हत् सिद्धाचार्य उपाध्याय, साधु पंचगुरु नित हैं।
धर्मजिनागम प्रतिमा जिनगृह, जजत मिले निज सुख है।।26।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहसुवप्रादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम 'महावप्रा' मधी, छहखंड में पण म्लेच्छ हैं।
इक आर्यखंड नदी तरफ, उसमें दिगंबर भेष हैं।।अर्हंत्।।27।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखंडद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहमहावप्रादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर 'वप्रकावति' देश में, आकाशगामी ऋषि रहें।
नित आत्म अनुभव लीन हों, निज कर्ममल को धो रहे।।अर्हंत्।।28।।

खीर पूरिका जलेबियाँ भराय थाल में।
आप पाद पूजते क्षुधा महाव्यथा हने।।रूप्य अद्रि.।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप में कपूर ज्योति अंधकार को हने।
आरती करंत अंतरंग ध्वांत को हने।।रूप्य अद्रि.।।6।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप गंध लेय अग्निपात्र में जलाइये।
मोह कर्म भस्म को, उड़ाय सौख्य पाइये।।रूप्य अद्रि.।।7।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

मातुलिंग[2] आम्र सेव सन्तरा मंगाइये।
आप पूजते हि सिद्धि संपदा सुपाइये।।रूप्य अद्रि.।।8।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

1. कामदेव विजयी। 2. विजौरा।

नीर गंध अक्षतादि अर्घ्य को बनाइये।
मुक्ति अंगना निमित्त नाथ को चढ़ाइये।।
रूप्य अद्रि के जिनेन्द्र, गेह पूजते चलो।
रोग शोक नाश के, अखंड सौख्य ले भलो।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–सोरठा–

गंगनदी को नीर, तुम पद में धारा करूं।
शांति करो जिनराज, चउसंघ को सबको सदा।।10।।

शांतये शांतिधारा।।

कमल केतकी फूल, हर्षित मन से लायके।
जिनवर चरण चढ़ाय, सर्व सौख्य संपति बढ़े।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

–अथ प्रत्येक अर्घ्य–सोरठा–

बत्तिस क्षेत्र विदेह, भरतैरावत एक इक।
सब चौंतिस जिनगेह, पुष्पांजलि कर पूजहूँ।।1।।

इति श्रीमंदरमेरुसंबंधिविजयार्धपर्वतस्थाने मंडलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

–गीताछंद-

मंदर सुमेरू पूर्व में सीता नदी के उत्तरे।
वन भद्रसाल समीप 'कच्छा' देश अति सुन्दर शरे।।
तामध्य रूपाचल अतुल नवकूट से मन को हरे।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थकच्छादेशस्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अनुपम 'सुकच्छा' देश में, षट् खंड रचना जानिये।
तामध्य विजयारध अतुल बहुभांति महिमा मानिये।।

विद्याधरी वीणा बजाकर, भक्ति भर पूजा करें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।2।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसुकच्छादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुंदर 'महाकच्छा' कहा, तामध्य रूपाचल सही।
वन वेदिका वापी सुरों के, गेह की अनुपम मही।।
मुनिवृंद करते वंदना, निज कर्म कलिमल को हरें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थमहाकच्छादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'कच्छकवती' सुविदेह में, रचना अकृत्रिम जानिये।
तामध्य रूपाचल अतुल, नवकूट संयुत मानिये।।
आकाशगामी ऋषि मुनी, श्रावक सदा भक्ती करें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।4।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थकच्छकावतीदेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर देश 'आवर्ता' सरस, तामध्य विजयारध गिरी।
गाते जिनेश्वर का सुयश नित, यक्ष किन्नर किन्नरी।।
शाश्वत जिनालय वंदना, करते भविक भक्ती भरें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थआवर्तादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

है क्षेत्र 'लांगलिवर्तिका' भविजन सदा जन्में वहां।
भव बल्लियों को काट कर, शिव प्राप्त कर सकते वहां।।
इस मध्य रजताचल सुखद, बहु भव्य के कल्मष हरें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।6।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थलांगलावर्तादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धन धान्य पूरित संपदा यह 'पुष्कला' वर देश है।
जिस मध्य रूपाचल कहा, हरता भविक मन क्लेश है।।
देवांगनायें नित मधुर संगीत जहँ पर उच्चरें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।7।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थपुष्कलादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर 'पुष्कलावति' देश में, विजयार्ध बीचोंबीच है।
नवकूट में इक जिनसदन[1], नाशे भविक भव कीच है।।
स्वात्मैक परमानंद अमृत, के रसिक गुण विस्तरें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।8।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थपुष्कलावतीदेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'वत्सा' विदेह अतुल्य ता मधि, आर्यखंड निरापदा।
इस देश के बस बीच में है, रूप्यगिरि वर शर्मदा[2]।।
त्रैलोक्यनायक के गुणों की, कीर्ति बुधजन विस्तरें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थवत्सादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुन्दर 'सुवत्सा' देश में शाश्वत रजतगिरि सोहना।
नवकूट रत्नों के बने, सुरसद्म से मन मोहना।।
सुर अप्सरा मर्दल सुवीणा, को बजा नर्तन करें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।10।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसुवत्सादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मनहर 'महावत्सा' विषे, विजयार्ध पर्वत सोहता।
गंधर्व देवों के मधुर संगीत, से मन मोहता।।

---

1. जिनमंदिर। 2. सुखदाता ।

मुनि वीतरागी के तहां, ध्यानाग्नि से भव वन जरें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।11।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थमहावत्सादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर 'वत्सकावति' देश में, रूपादि अनुपम मानिये।
विद्याधरों की पंक्तियों से, भीड़ तहँ पर जानिये।।
इन्द्रादिगण आके वहां, मणिमौलि नत वंदन करें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।12।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थवत्सकावतीदेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर देश 'रम्या' मध्य में, रजताद्रि रत्नों की खनी।
भव के विजेता नाथ की, महिमा जहां अतिशय घनी।।
सौ इन्द्र मिल कर पूजने को, आ रहे भक्ती भरे ।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।13।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थरम्यादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सुंदर 'सुरम्या' देश में, विजयार्ध पर्वत सोहना।
किन्नर गणों की बांसुरी, ध्वनि से मधुर मन मोहना।।
वर ऋद्धिधारी मुनि तहां, बहुभक्ति से विचरण करें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।14।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसुरम्यादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभदेश 'रमणीया' विषे, विजयार्ध गिरि रजताभ[1] है।
विद्याधरों की श्रेणियां, जिनमंदिरों से सार्थ हैं।।
नग तीन कटनी से सहित, बहु भांति की रचना धरें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।15।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थरमणीयादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

1. चाँदी का।

वर 'मंगलावति' देश में, रजताद्रि बीचोंबीच है।
जो जन नहीं श्रद्धा करें, रूलते सदा भव बीच हैं।।
खगपति[1] सदा परिवारयुत, जिनवर सुयश वर्णन करें।
श्री सिद्धकूट जिनेन्द्र मंदिर, पूज शिवलक्ष्मी वरें।।16।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थमंगलावतीदेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–रोला छंद–

मंदरमेरू अपर, नदी के दक्षिण जानो।
भद्रसाल के पास, 'पद्मा' देश बखानो।।
मध्य अचल विजयार्ध जिनगृह से सुखकारी।
पूजूँ अर्घ्यं चढ़ाय, भव भव दुख परिहारी।।17।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थपद्मादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुपद्मा' जान, मधि रजताद्रि बखाना।
अनुपम सुख की खान, खेचरपति से माना।।
सिद्धकूट ता माहिं जिनमंदिर सुखकारी।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय, भव भव दुख परिहारी।।18।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसुपद्मादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'महापद्मा' सुविदेह, रजताचल अभिरामा।
नवकूटों युत श्रेष्ठ, सुर गावें जिन नामा।।
सिद्धकूट ता माहिं जिनमंदिर सुखकारी।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय, भव भव दुख परिहारी।।19।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थमहापद्मादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

1. विद्याधरपति ।

देश 'पद्मकावती' तामधि रजतगिरी है।
कनक रतन से पूर्ण अविचल सौख्यश्री है।।
सिद्धकूट ता माहिं, जिनमंदिर सुखकारी।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय, भव भव दुख परिहारी।।20।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थपद्मकावतीदेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'शंखा' देश विदेह देव असंख्य वहां पे।
आते रहते नित्य प्रमुदित चित्त तहां पे।।
ताके मधि विजयार्ध, जिनगृह से सुखकारी।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय, भव भव दुख परिहारी।।21।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थशंखादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'नलिना' देश विदेह, भव्य नयन मन मोहे।
ताके मधि विजयार्ध नवकूटों युत सोहे।।
सिद्धकूट ता माहिं, जिनमंदिर सुखकारी।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय, भव भव दुख परिहारी।।22।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थनलिनादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'कुमुदा' देश विदेह, मध्य रजतगिरि सोहे।
भविमन कुमुद विकास, चन्द्र किरण सम सोहे।।
सिद्धकूट ता माहिं, जिनमंदिर सुखकारी।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय, भव भव दुख परिहारी।।23।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थकुमुदादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'सरिता' देश सुमध्य, अनुपम रजतगिरी है।
जिनवच सरिता तत्र, भविमन पंक हरी है।।सिद्ध.।।24।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसरितादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सीतोदा नदि जान, ताके उत्तर भागे।
'वप्रा' देश महान, रूपाचल मधि भागे।।
सिद्धकूट ता माहिं, जिनमंदिर सुखकारी।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय, भव भव दुख परिहारी।।25।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थवप्रादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुवप्रा' रम्य, तामधि रजतगिरी है।
सुर ललनायें नित्य, आवें भक्ति भरी हैं।।सिद्ध.।।26।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसुवप्रादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'महावप्रादेश' तामें रहें नगेशा।
जिनगुण गाते नित्य, ब्रह्मा विष्णु महेशा।।सिद्ध.।।27।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थमहावप्रादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'वप्रकावती' रजताचल मधि धारे।
मुनिगण जिनवर दर्श, करते सुयश उचारें।।सिद्ध.।।28।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थवप्रकावतीदेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'गंधा' देश विदेह, रूपाचल से सोहे।
स्वातम रस पीयूष, पीके मुनि शिव जोहें।।सिद्ध.।।29।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थगंधादेशस्थितविजयार्धपर्वत-सिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुगंधा' रम्य, जिनवच सुरभि वहां है।
जन मन होत सुगंध, नग विजयार्ध वहां है।।सिद्ध.।।30।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसुगंधादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'गंधिला' जान, जन मन कमल खिलावे।
मध्य रजत नग सिद्ध, जिनवच सुधा पिलावे।।सिद्ध.।।31।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थगंधिलादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'गंधमालिनी' देश, मधि रजताद्रि तहां है।
श्रद्धावंत मलंत, का सम्यक्त्व वहाँ है।।सिद्ध.।।32।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थगंधमालिनीदेशस्थितविज-यार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-कुसुमलता छंद-

पूरब पुष्कर द्वीप अर्ध में, 'भरतक्षेत्र' दक्षिण दिश जान।
बीचोंबीच कहा विजयारध, तिस ऊपर नव कूट महान।।
इनमें से इक सिद्धकूट पर, जिनमंदिर अविचल अभिराम।
गर्भवास दुख नाशन कारण, अर्घ्य चढ़ाय करूं परणाम।।33।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिभरतक्षेत्रस्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिना-लयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मंरदमेरू के उत्तर दिश, 'ऐरावत' वर क्षेत्र महान।
मध्य रजतगिरि चांदी सम है, त्रय कटनी युत अतुल निधान।।
तिस पर सिद्धकूट में जिनगृह, अकृत्रिम अनुपम सुखकार।
पुनर्जन्म दुःख नाशन हेतू, अर्घ्य चढ़ाय जजूँ रुचि धार।।34।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिना-लयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-

मंदरमेरू के पूरब औ, पश्चिम दिश बत्तीस विदेह।
दक्षिण अरु उत्तर दिश में हैं, भरतक्षेत्र ऐरावत एह।।

इन सबके मधि रजतगिरी हैं, चौंतिस रजतवर्ण उनहार।
सबके इक-इक चैत्यालय को, अर्घ्य चढ़ाय नमूं गुणधार।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरोः पूर्वपश्चिमदक्षिणोत्तरसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

*जाप्य-***ॐ ह्रीं अर्हं शाश्वतजिनालयस्थसर्वजिनबिंबेभ्यो नमः।**

जयमाला

-दोहा-

दर्श ज्ञान सुख वीर्य ये, चार अनंत प्रमाण।
मेरे भी गुण पूरिये, चहुँगति से कर त्राण।।1।।

-सखी छंद-(चाल-आलोचना पाठ)-

पुष्कर वर पूर्व कहावे, मंदरगिरि मध्य सुहावे।
गिरि पूरब अपर दिशा में, बत्तिस विजयारध तामें।।2।।

दक्षिण दिश भरत सुक्षेत्रा, उत्तर ऐरावत क्षेत्रा।
इनके दो रजत गिरीशा, होते सब मिल चौंतीसा।।3।।

इन पे जिनधाम कहे हैं, वे सब भव क्लेश दहे हैं।
उन वंदत सकल सुरेशा, हम पूजत यहीं हमेशा।।4।।

मंदरगिरि पूर्व विदेहे, सीता नदि मध्य बहे हैं।
अठ क्षेत्र नदी उत्तर में, जिन 'भद्रबाहु' उन इक में।।5।।

अठ क्षेत्र नदी दक्षिण में, तीर्थेश 'भुजंगम' उनमें।
मंदरगिरि अपर विदेहे, सीतोदा नदी बहे है।।6।।

अठ क्षेत्र नदी दक्षिण में, 'ईश्वर' तीर्थंकर उनमें।
अठ क्षेत्र नदी उत्तर में, जिनवर 'नेमिप्रभ' उनमें।।7।।

ये चार जिनेश्वर नित ही, विहरें सु विदेहनि बिचहीं।
बत्तीस विदेह कहे हैं, तहं पे षट् खंड रहे हैं।।8।।

सबमें आरजखंड इक है, तीर्थंकर जनम सतत हैं।
ये शाश्वत तीर्थ करंता, नित विहरमाण भगवंता।।9।।

भविजन को नित सुख देते, भवभय संकट हर लेते।
यह सुन मैं शरणे आयो, भव भव दुख से अकुलायो।।10।।

हे नाथ! अरज इक मेरी, सुनिये नहिं करिये देरी।
इस जग में भ्रमण करायो, प्रभु काल अनंत गमायो।।11।।

चिरकाल निगोद निवासा, मुश्किल से हुआ निकासा।
पृथ्वी जल अग्नि पवन में, तनु धर धर किया मरण मैं।।12।।

जब वनस्पती तनु पायो, नाना विध स्वांग धरायो।
कहिं फूल फलों की ढ़ेरी, कहिं कोंपल पत्र घनेरी।।13।।

कोई काटे रौंदे खाये, कोई भाजी साग पकाये।
कहिं दमड़ी मूल्य बिकाये, कहिं करवत चीर दुखाये।।14।।

जो दुःख सहे अनजाने, नहिं मुख से जाय बखाने।
अजि कठिन कठिन त्रस हूवो, लट शंख तनू धर मूवो।।15।।

चिंवटी खटमल तन धारे, बिच्छू आदिक अवतारे।
मधुमक्खी भ्रमर जु हूवो, तन धर धर पुनि पुनि मूवो।।16।।

पंचेन्द्रिय पशु तन धार्यो, कहिं क्रूर पशू बन मार्यो।
संक्लेशभाव से मर्यो, तब नरकगती में पर्यो।।17।।

दुख भोगे तहाँ अनन्ता, तुम जानत हो भगवंता।
नर योनि लई जब मैंने, तहँ भोगे भोग सु मैंने।।18।।

फिर भी नहिं साता पायो, नाना विध कष्ट उठायो।
कहिं इष्ट वियोग सह्यो है, आनिष्ट संयोग भयो है।।19।।

कहिं धन जन नष्ट हुए हैं, कहिं परिजन दुष्ट हुए हैं।
कहिं तन में व्याधि व्यथा है, समरथ अन्याय रचा है।।20।।

सुरयोनि लिया भी दुःखी, समकित बिन कभी न सुक्खी।
भवनत्रिक में मन व्याधी, कर्मनि की आदि उपाधी।।21।।

इस विध चहुँगति दुख पायो, सुख लेश निमित भरमायो।
जिनराज कृपा तुम पाई, समकित निधि हाथ में आई।।22।।

जब तक प्रभु मुक्ति न होवे, यह सम्यक् रतन न खोवे।
बस यह ही अरज सुनीजे, अंतिम सु समाधी कीजे।।23।।

–घत्ता–

जय जय चौंतीसा, रजतगिरीशा, जय जिनगृह चौंतीस जजूँ।
कैवल्य 'ज्ञानमति' शिवसुख संपति, हो मुझ प्रापति तुमहिं भजूँ।।24।।

ॐ ह्रीं श्रीमंदरमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यो जयमाला निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 40)

पूर्व पुष्करार्धद्वीप भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापना-गीता छंद

वर पूर्व पुष्कर द्वीप में, जो भरत क्षेत्र महान् है।
उसमें चतुर्थकाल में हों तीर्थंकर भगवान हैं।।
उन वर्तमान जिनेश्वरों की मैं करूँ इत थापना।
पूजूँ अतुल बहु भक्ति से, चाहूँ सदा हित आपना।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-अडिल्ल छंद

सीतानदि को नीर कलश भर लाइये।
जिनवर पद पंकज में धार कराइये।।
वर्तमान चौबीस जिनेश्वर को जजूँ।
रोग शोक भय नाश सहज सुख को भजूँ।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयज चंदन गंध सुगंधित लाइये।
तीर्थंकर पद पंकज अग्र चढ़ाइये।।वर्तमान.।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

उज्ज्वल अक्षत मुक्ता फल सम लाइये।
जिनवर आगे पुंज चढ़ा सुख पाइये।।वर्तमान.।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

वकुल कमल चंपक बेला सुमनादि ले।
मदनजयी जिनपाद पद्म पूजूँ भले।।
वर्तमान चौबीस जिनेश्वर को जजूँ।
रोग शोक भय नाश सहज सुख को भजूँ।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

कलाकंद मोदक घृत मालपुआ लिये।
क्षुधा व्याधिक्षय हेतू आज चढ़ा दिये।।वर्तमान.।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

घृत दीपक की ज्योति जले जगमग करे।
तुम पूजा तत्काल मोह तक क्षय करे।।वर्तमान.।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर तगर सित चंदन आदि मिलायके।
अग्निपात्र में खेऊँ भाव बढ़ायके।।वर्तमान.।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अनंनास अंगूर आम आदिक लिये।
महामोक्षफल हेतु तुम्हें अर्पण किये।।वर्तमान.।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलगंधादिक अर्घ्य लिया भर थाल मैं।
रत्नत्रय निधि हेतु जजूँ त्रयकाल मैं।।वर्तमान.।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

तीर्थंकर परमेश, तिहुँजग शांतीकर सदा।
चउसंघ शांतीहेत, शांतीधारा मैं करूँ।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार प्रसून, सुरभित करते दश दिशा।
तीर्थंकर पद पद्म, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-सोरठा-

ज्ञान चेतनारूप, परमेष्ठी चिद्रूप हैं।
पुष्पांजलि से पूज, सकल दुःख दारिद हरूँ।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-चौपाई-

श्री 'जगन्नाथ' तीर्थंकर, सुरगणनुत भव्य हितंकर।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीजगन्नाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तीर्थेश 'प्रभास' कहाते, सुरनर मुनिपति यश गाते।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीप्रभासनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'स्वर स्वामी' जिनदेवा, सुर करते तुम पद सेवा।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीस्वरस्वामिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'भरतेश' जिनेश महंता, पूजें भविजन गुणवंता।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीभरतेशजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'दीर्घानन' जिन राजा, वे सिद्ध करें सब काजा।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीदीर्घाननजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'विख्यात कीर्ति' तीर्थंकर, उन वाणी सर्व प्रियंकर।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीविख्यातकीर्तिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'अवसानि' जिनेश्वर जग में, उनका यश है त्रिभुवन में।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअवसानिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिननाथ 'प्रबोध' सुहितकर, उन नाम मंत्र भी दुखहर।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीप्रबोधजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन 'तपोनाथ' जग स्वामी, त्रिभुवन के अंतर्यामी।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीतपोनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिन 'पावक' नाम तुम्हारा, आतम अनुभव दातारा।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपावकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'त्रिपुरेश्वर' जगपति तुम हो, चिन्मूर्ति चिदंबर तुम हो।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीत्रिपुरेश्वरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'सौगत' देव हमेशा, तुम ध्याते विष्णु महेशा।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसौगतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'वासव' नाथ हमारे, भव भव के संकट टारें।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवासवनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनराज 'मनोहर' नामी, सुख दायक त्रिभुवन स्वामी।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमनोहरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'शुभ कर्म ईश' तीर्थंकर, सब भविजन को क्षेमंकर।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।15।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीशुभकर्मईशजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनराज 'इष्टसेवित' तुम, कर इष्ट अनिष्ट हरो तुम।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।16।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीइष्टसेवितजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'विमलेन्द्र' जिनेन्द्र सुखालय, संपूर्ण गुणों के आलय।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।17।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीविमलेन्द्रजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'धर्मवास' सुखदाता, भक्तों के भाग्य विधाता।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।18।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीधर्मवासजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जग मान्य 'प्रसाद' जिनेश्वर, तुम त्रिभुवन के परमेश्वर।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।19।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीप्रसादजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'प्रभामृगांक' जिनेशा, तुम पूजें सकल सुरेशा।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।20।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीप्रभामृगांकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'उज्झित कलंक' जिनराजा, तुमही भव जलधि जहाजा।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीउज्झितकलंकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'स्फटिक प्रभाख्य' जिनेश्वर, सब प्राणिमात्र के ईश्वर।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीस्फटिकप्रभाजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनराज 'गजेन्द्र' महंता, निज आतम सुख विलसंता।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीगजेन्द्रजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनदेव 'ध्यान जय' जिष्णू, तुम पूजक बनें सहिष्णू।
मैं पूजूँ अर्घ्य चढ़ाके, दुख संकट दूर भगाके।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीध्यानजयजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-दोहा-

इंद्रिय विषयों से विरत, परम अतींद्रिय सौख्य।
नमूँ नमूँ तीर्थेश सब, पाऊँ सौख्य मनोज्ञ।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीजगन्नाथादिध्यानजयपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

चाल (हे दीनबंधु.....)

देवाधिदेव आप सकल दोष दूर हो।
देवाधिदेव आप सकल सौख्य पूर हो।।
निज आतमा को आप ही परमात्मा किया।
निज में ही आप मग्न हो निजधाम पा लिया।।1।।
क्रोधादि शत्रुओं का आपने दमन किया।
संपूर्ण कषायों को आपने शमन किया।।
इंद्रिय विषय को जीत अतीन्द्रिय सुखी हुये।
प्रत्यक्ष ज्ञान से ही आप केवली हुये।।2।।
संपूर्ण उपद्रव टले हैं आप जाप से।
संपूर्ण मनोरथ फले हैं आप नाम से।।
प्रभु आपको न इष्ट का वियोग हो कभी।
होवे नहीं अनिष्ट का संयोग भी कभी।।3।।

सबके लिये आराध्य इष्ट आप ही कहे।
सबही अनिष्ट नष्ट हों क्षण मात्र ना रहें।।
संपूर्ण रोग शोक भी तुम भक्त के टलें।
धन धान्य अतुल सौख्य भी होवें भले भले।।4।।
इस जग में मुक्ति अंगना के नाथ आपही।
निजकी अनंत ऋद्धियों के साथ आपही।।
चैतन्य चमत्कार परमसौख्य धाम हो।
चित्पिंड हो अखंड ही त्रिभुवन ललाम हो।।5।।
मैं आपकी शरणागती में आज आ गया।
अपनी अमूल्य ज्ञान कला को भी पा गया।।
ये ज्ञान निधी भवदधी में डूब ना जावे।
करिये कृपा जो मुक्ति तक भी साथ में आवे।।6।।
हे नाथ! मोहराज को अब दूर कीजिये।
निजके अखंड गुण समस्त पूर्ण कीजिये।
मुझ शत्रु जो यमराज उसे चूर्ण कीजिये।
मुझ स्वात्म सुधारस प्रवाह पूर दीजिये।।7।।

-दोहा-

आत्यंतिक सुख शांतिमय, तीर्थंकर भगवान्।
'ज्ञानमती' लक्ष्मी मुझे, दे कीजे धनवान।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 41)

पूर्व पुष्करार्धद्वीप ऐरावतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापना-नरेन्द्र छंद

पूरब पुष्कर ऐरावत के, वर्तमान तीर्थंकर।
चिच्चैतन्य सुधारस प्यासे, भविजन को क्षेमंकर।।
उनको इत आह्वानन करके, पूजूँ मन वच तन से।
आतम अनुभव अमृत हेतु, वंदूँ अंजलि करके।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर-समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर-समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर-समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-गीता छंद

अगणित कुओं का नीर पीया, प्यास फिर भी ना बुझी।
इस हेतु जल से पूजहूँ, अब मेट दो बाधा सभी।।
चौबीस तीर्थंकर जगत में, सर्व सुख दातार हैं।
जो पूजते तुम चरण अंबुज, वे भवोदधि पार हैं।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

भव सिंधु में भी चाह दावानल हमें झुलसा रहा।
इस हेतु चंदन से जजूँ, अब दुःख नहिं जाता सहा।।चौबीस.।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

निज आत्म सुख जो सहज मेरा, खंड खंड हुआ सभी।
उसके अखंडित हेतु अक्षत, पुंज से पूजूँ अभी।।चौबीस.।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

इस मदन ने बस जगत में, जन सर्व को वश में किया।
इसके निमूलन हेतु सुरभित, सुमन तुम अर्पण किया।।
चौबीस तीर्थंकर जगत में, सर्व सुख दातार हैं।
जो पूजते तुम चरण अंबुज, वे भवोदधि पार हैं।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

तन में क्षुधा व्याधी सदा, औषधि न कुछ उसके लिये।
इस हेतु उत्तम सरस व्यंजन, आप ढिग अर्पण किये।।चौबीस.।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अज्ञान तम अति घोर छाया, आप र दीखे नहीं।
इस हेतु दीपक से जजूँ, निज ज्ञान रवि प्रगटे सही।।चौबीस.।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

इन कर्म ने मुझ संपदा को, लूट ली मुझ पास से।
इस हेतु इनको नाश करने, धूप खेऊं चाव से।।चौबीस.।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

वांछित मिले इस हेतु जग में, देव सब पूजे सदा।
पर सफल अब तक ना हुआ, इस हेतु फल तुम अर्पता।।चौबीस.।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरादि में वर रत्न धरके, अर्घ्य सुंदर ले लिया।
अनमोल निज संपत्ति हेतु, अर्घ्य तुम अर्पण किया।।चौबीस.।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

तीर्थंकर परमेश, तिहुँजग शांतीकर सदा।
चउसंघ शांतीहेत, शांतीधारा मैं करूँ।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार प्रसून, सुरभित करते दश दिशा।
तीर्थंकर पद पद्म, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-सोरठा-

सिद्धि वधू भरतार, निज में ही रमते सदा।
भुक्ति मुक्ति करतार, इसी हेतु भविजन जजें।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-चौपाई-

श्री 'शंकर' जिनदेवजी, जग में शं करतार।
अर्घ्य चढ़ाकर मैं जजूँ, होवे निज पद सार।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीशंकरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'अक्षवास' जिनराज को, मिला सौख्य निर्वाण।
हृदय कर्णिका में सदा, मुनिजन करते ध्यान।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअक्षवासजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'नग्नाधिप' देव तुम, बहिरंतर निर्ग्रंथ।
नग्न दिगम्बर रूप तुम, सत्य मोक्ष का पंथ।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनग्नाधिपजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'नग्नाधिपतीश' हो, नमन करें सुरवृंद।
मैं पूजूँ नित अर्घ्य ले, हरो सकल दुख द्वंद।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनग्नाधिपतीशजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'नष्टपाखंड' को, विश्व नमाता माथ।
मैं भी अर्घ्य चढ़ाय के, फिर ना होऊँ अनाथ।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनष्टपाखंडजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'स्वप्नदेव' जिननाथ को, नमूँ नमूँ तन शीश।
हरो अमंगल विश्व के, भरो सकल सुख ईश।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीस्वप्नदेवजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आप 'तपोधन' आत्मधन, पाकर भये सुतृप्त।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय के, पाऊँ सौख्य प्रशस्त।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीतपोधनजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'पुष्पकेतु' जिनराज हैं, मुक्तिरमा भरतार।
पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय के, पाऊँ सौख्य अपार।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपुष्पकेतुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'धार्मिक' जिनराज का, धर्मचक्र हितकार।
जो भविजन शरणा गहें, नाशें निज संसार।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीधार्मिकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'चंद्रकेतु' भगवान को, नमते नाग नरेश।
स्याद्वाद अम्भोधि के, वर्धन हेतु महेश।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीचंद्रकेतुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'अनुरक्त' सुज्योति को, नमन करूँ शतवार।
तुम में जो अनुरक्त जन, वे उतरें भव पार।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअनुरक्तसुज्योतिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'वीतराग' जिनदेव के, चरण कमल का ध्यान।
जो जन करते भाव से, पावें सौख्य निधान।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवीतरागजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'उद्योत' जिनेश तुम, ज्ञान भानु तमहार।
पूजूँ सकल विभाग तज, लहूँ ज्ञान भंडार।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीउद्योतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'तमोपेक्ष' भगवान के, गुणगण अपरंपार।
गणधर भी नहिं गा सकें, मैं पूजूं सुखसार।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीतमोपेक्षजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'मधुनाद' जिनेन्द्र को, सुरनर खगपति आय।
पूजें भक्ति बढ़ाय के, मैं पूजूँ हरषाय।।15।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमधुनादजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'मरुदेव' महान हो, अद्भुत तुम माहात्म्य।
मैं पूजूँ नित भक्ति से, होऊँ सब जन मान्य।।16।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमरुदेवीजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'दमनाथ' जिनेश को, नमें जितेन्द्रिय साधु।
मैं भी पूजूँ अर्घ्य ले, हरूँ सकल दुःख वाघ।।17।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीदमनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'वृषभस्वामि' आनंदघन, चिन्मय ज्योति स्वरूप।
जो पूजें श्रद्धान धर, पावें सौख्य अनूप।।18।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवृषभस्वामिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अहो 'शिलातन' तीर्थपति, व्रतगुणशील निधान।
तुम्हें जजें जो भक्ति से, करें अमंगल हान।।19।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीशिलातनजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'विश्वनाथ' के ज्ञान में, झलके विश्व समस्त।
त्रैकालिक पर्याययुत, सकल वस्तु प्रत्यक्ष।।20।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीविश्वनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'महेन्द्र' भगवान हैं, त्रिभुवनपति महनीय।
मैं पूजूँ नित आप मुझ, हरो दशा दयनीय।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमहेन्द्रजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जिनवर 'नंद' जगत प्रभो, परमानंद निमग्न।
तुमको पूजें जो मुदित, वे नर सदा प्रसन्न।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनंदजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सकल 'तमोहर' आप हैं, भविजन कमल दिनेश।
जो पूजें तुम प्रीति धर, हरें सकल दुख क्लेश।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीतमोहरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'ब्रह्मज' जिनदेव को, बंदूँ बारंबार।
हरूँ मोक्ष पथ विघ्न सब, लहूँ सकल सुखकार।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीब्रह्मजजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-गीता छंद-

जो आप में ही रत हो, आपको वश पा लिया।
उन चरण में शत इंद्र ने, भी आप शीश झुका दिया।।
मैं पूजहूँ उनको सदा वे, सौख्य के भण्डार हैं।
वे काम मोह व मृत्यु तीनों मल्ल के हंतार हैं।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्री शंकरादिब्रह्मजपर्यंतचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-सोरठा-

जय जय श्री जिनराज, पृथ्वीतल पर आवते।
बरसें रत्न अपार, सुरपति मिल उत्सव करें।।1।।

-शंभु छंद-

प्रभु तुम जब गर्भ बसे आके, उसके छह महिने पहले ही।
सौधर्म इंद्र की आज्ञा से, बहुरत्नवृष्टि धनपति ने की।।
मरकतमणि इंद्र नीलमणि औ, वरपद्मरागमणियां सोहें।
माता के आंगन में बरसें, मोटी धारा जनमन मोहे।।1।।

प्रतिदिन साढ़े बारह करोड़, रत्नों की वर्षा होती है।
पंद्रह महीने तक यह वर्षा, सब जन का दारिद खोती है।।
जिनमाता पिछली रात्री में, सोहल स्वप्नों को देखे हैं।
प्रातः पतिदेव निकट जाकर, उन सबका शुभ फल पूछे हैं।।2।।

पतिदेव कहें हे देवि! सुनो, तुम तीर्थंकर जननी होंगी।
त्रिभुवनपति शत इंद्रों वंदित, सुत को जनि भवहरणी होंगी।।
ऐरावत हाथी दिखने से, तुमको उत्तम सुत होवेगा।
उत्तुंग बैल के दिखने से, त्रिभुवन में जेष्ठ सु होवेगा।।3।।

औ सिंह देखने से अनंत, बल युक्त मान्य कहलायेगा।
मालाद्वय दिखने से सुधर्ममय, उत्तम तीर्थ चलायेगा।।
लक्ष्मी के दिखने से सुमेरु गिरि, पर उसका अभिषव होगा।
पूरण शशि से जिन आनंदे, भास्कर से प्रभामयी होगा।।4।।
द्वयकलशों से निधि का स्वामी, मछली युग दिखीं सुखी होगा।
सरवर से नाना लक्षण युत, सागर से वह केवलि होगा।।
सिंहासन को देखा तुमने, उससे वह जगद्गुरू होगा।
सुर के विमान के दिखने से, अवतीर्ण स्वर्ग से वह होगा।।5।।
नागेन्द्र भवन से अवधिज्ञान, रत्नों से गुण आकर होगा।
निर्धूम अग्नि से कर्मेधन, को भस्म करे ऐसा होगा।।
फल सुन रोमांच हुई माता, हर्षित मन निज घर आती है।
श्री ह्री धृति आदिक देवी मिल, सेवा करके सुख पाती हैं।।6।।
पति की आज्ञा से शची स्वयं, निज गुप्त वेश में आती है।
माता की अनुपम सेवा कर, बहु अतिशय पुण्य कमाती हैं।।
जब गूढ़ प्रश्न करती देवी, माता प्रत्युत्तर देती हैं।
त्रयज्ञानी सुत का ही प्रभाव, जो अनुपम उत्तर देती हैं।।7।।
इसविध से माता का माहात्म्य, प्रभु तुम प्रसाद से होता है।
तुम नाम मंत्र भी अद्भुत हैं, भविजन का अघ मल धोता है।।
मैं इसीलिये तुम शरण लिया, भगवन्! अब मेरी आश भरो।
निज 'ज्ञानमती' संपति देकर, स्वामिन् अब मुझे कृतार्थ करो।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 42)

पूर्व पुष्करार्ध विदेहक्षेत्र तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापना-गीता छंद

वर पूर्व पुष्कर अर्ध में जो पूर्व अपर विदेह हैं।
उनमें सदा तीर्थेश विहरें भव्यजन सुखदेय हैं।।
चंद्रबाहु श्रीभुजंगमय ईश्वर व नेमीप्रभ जिना।
पूजूँ इन्हें आह्वानन कर पाऊँ अतुल सुख आपना।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहुभुजंग-म-ईश्वर-नेमिप्रभनामचतुस्तीर्थंकर समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहुभुजंग-म-ईश्वर-नेमिप्रभनामचतुस्तीर्थंकर समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहुभुजंग-म-ईश्वर-नेमिप्रभनामचतुस्तीर्थंकर समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-नरेन्द्र छंद

पद्म सरोवर का जल लेकर कंचन झारी भरिये।
तीर्थंकर पद धारा देकर जन्ममरण को हरिये।।
विहरमाण चारों तीर्थंकर त्रिभुवन मंगलकारी।
मैं पूजूं नित सत्त्व हितंकर आतम गुण भंडारी।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहु-आदिचतु-स्तीर्थंकरेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

मलयागिरि चंदन काश्मीरी केशर संग घिसायो।
जिनवर चरण सरोरुह चर्चत अतिशय पुण्य कमायो।।वि.।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहु-आदिचतु-स्तीर्थंकरेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मोतीसम तंदुल उज्ज्वल ले धोकर थाल भराऊँ।
तीर्थंकर पद पुंज चढ़ाकर अक्षय सुख को पाऊँ।।वि.।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहु-आदिचतु-स्तीर्थंकरेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

चंपा हरसिंगार चमेली माला गूँथ बनाई।
तीर्थंकरपद कमल चढ़ाकर काम व्यथा विनशाई।।वि.।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहु-आदिचतु-स्तीर्थंकरेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

फेली गुझिया पूरणपोली बरफी और समोसे।
प्रभु के सन्मुख अर्पण करते क्षुधा डाकिनी नाशे।।वि.।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहु-आदिचतु-स्तीर्थंकरेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

रत्नदीप की ज्योती जगमग करती तिमिर विनाशे।
प्रभु तुम आरति करते करते ज्ञान ज्योति परकाशे।।वि.।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहु-आदिचतु-स्तीर्थंकरेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूपदशांगी धूपघटों में खेवत उठे सुगंधी।
पापपुंज जलते इक क्षण में फैले सुयश सुगंधी।।वि.।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहु-आदिचतु-स्तीर्थंकरेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

सेव अनार आम सीताफल ताजे सरस फलों से।
पूजूँ चरणकमल जिनवर के मिले मोक्षफल सुख से।।वि.।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहु-आदिचतु-स्तीर्थंकरेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल फल अर्घ सजाकर उसमें चाँदी पुष्प मिलाऊँ।
वाद्य गीत संगीत नृत्य कर प्रभु को अर्घ चढ़ाऊँ।।वि.।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणचंद्रबाहु-आदिचतु-स्तीर्थंकरेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

नाथ! पादपंकज, जल से त्रयधारा करूँ।
अतिशय शांतीहेत, शांतीधारा विश्व में।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार गुलाब, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।
मिले आत्मसुख लाभ, जिनपदपंकज पूजते।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

पूरब पुष्कर द्वीप में, विहरमाण तीर्थेश।
पुष्पांजलि कर पूजते, मिले चिदानंद वेश।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-चौपाई-

पूरब पुष्कर पूरब विदेह, सीता नदि के उत्तर तट में।
पितु-देवनंदि रेणुका मात, जनमें प्रभु नगरि विनीता में।।
तुम पद्मचिन्ह है 'चंद्रबाहु', मैं तुम चरणांबुज को ध्याऊँ।
जब तक नहीं मुक्ति मिले प्रभु जी, तुम चरणों में ही रम जाऊँ।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीचंद्रबाहुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूरब पुष्कर पूरब विदेह, सीतानदि के दक्षिण दिश में।
विजयानगरी में पिता महाबल, माता जिनमति से जन्मे।।
तुम चंद्र चिन्ह है जनवत्सल, तीर्थेश 'भुजंगम' दया करो।
मैं सम्यग् रत्नत्रय बल से, निजको पालूँ यह कृपा करो।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीभुजंगमजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मंदरमेरू पश्चिम विदेह, सीतोदा नदि के दक्षिण में।
है नगरि सुसीमा माँ ज्वाला, गलसेन पिता पावन तुमसे।।
तुम चिन्ह सूर्य है 'ईश्वर' जिन, भविजन मन कमल खिलाते हो।
मैं पूजूँ आप मुमुक्षु को, मुक्ती से शीघ्र मिलाते हो।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीईश्वरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मंदर मेरू पश्चिम विदेह, सीतोदा नदि के उत्तर में।
हैं नगरि अयोध्या के स्वामी, उनकी रानी से प्रभु जन्में।।
वृष लांछन युत हे 'नेमीप्रभु', सद्धर्भ ध्वजा को फहराते।
जो तुमको वंदन करते हैं, वे आतम सौरभ लहराते।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपश्चिमविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीनेमिप्रभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्णार्घ्य-दोहा

नित्य निरंजन ज्योतिमय, परमपिता परमेश।
पूजूँ अर्घ चढ़ाय के, जिनवर चरण हमेश।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीचंद्रबाहुभुजंगम ईश्वरनेमिप्रभनामचतुस्तीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-नरेन्द्र छंद-

जय जय तीर्थंकर क्षेमंकर गणधर मुनिगण वंदे।
जय जय समवसरण परमेश्वर वंदत मन आनंदे।।
जय जय चंद्रबाहु तीर्थंकर जय तीर्थेश भुजंगम।
जय जय ईश्वर तीर्थंकर प्रभु जय नेमीनाथ अनुपम।।1।।

प्रभु तुम समवसरण अतिशायी धनपति रचना करते।
बीस हजार सीढ़ियों ऊपर शिला नीलमणि धरते।।
धूलिसाल परकोटा सुंदर पंचवर्ण रत्नों के।
मानस्तंभ चार दिश सुंदर अतिशय ऊँचे चमकें।।2।।

इनके चारों दिशी बावड़ी जल अति स्वच्छ भरा है।
आस पास के कुंडनीर में पग धोती जनता है।।

प्रथम चैत्यप्रासाद भूमि में जिनगृह अतिशय ऊँचे।
खाई लताभूमि उपवन में पुष्प खिले अति नीके।।3।।
वनभूमती के चारों दिश में चैत्यवृक्ष में प्रतिमा।
कल्पभूमि सिद्धार्थवृक्ष को नमूँ नमूँ अति महिमा।।
ध्वजाभूमि की उच्च ध्वजायें लहर लहर लहरायें।
भवनभूमि के जिनबिंबों को हम नित शीश झुकायें।।4।।
श्री मंडप में बारह कोठे मुनिगण सुर नर बैठे।
पशुगण भी उपदेश श्रवण कर शांतचित्त वहाँ बैठे।।
गणधर गुरु के पावन चरणों झुक झुक शीश नमाऊँ।
सर्व रिद्धि के स्वामी गुरु को वंदत विघ्न नशाऊँ।।5।।
गंधकुटी के मध्य सिंहासन जिनवर अधर विराजें।
प्रातिहार्य की शोभा अनुपम कोटि सूर्य शशि लाजें।।
सौ इंद्रों से पूजित जिनवर त्रिभुवन के गुरु मानें।
नमूँ नमूँ मैं हाथ जोड़कर मेरे भव दुख हाने।।6।।

-दोहा-

चिन्मय चिंतामणि प्रभो, चिंतित फल दातार।
'ज्ञानमती' सुख संपदा, दीजे निज गुण सार।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थचंद्रबाहुभुजंगम-ईश्वरनेमि-प्रभनाम-विहरमाणचतुस्तीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 43)

पूर्व पुष्करार्ध नवदेवता पूजा

अथ स्थापना-नरेन्द्र छंद

पूरब पुष्कर द्वीप अर्ध में, कर्मभूमि चौंतिस हैं।
एक भरत इक ऐरावत है देश विदेह बत्तिस हैं।।
अर्हत्सिद्धाचार्य उपाध्याय साधु परमगुरु माने।
जिनवृष श्रुत जिनबिंब जिनालय पूजत भवदुख हाने।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-नाराच छंद

नाथ! आप पादपद्म तीन धार दे जजूँ।
ताप त्रय विनाश हेतु बार बार मैं भजूँ।।
तीर्थनाथ सिद्ध साधु जैनधर्म को जजूँ।
जैनबिंब धाम अर्च सर्व सौख्य को भजूँ।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ! आप चर्ण में सुगंधि गंध चर्चते।
देह व्याधि नष्ट हो निजात्म कीर्ति वर्धते।।तीर्थ.।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ! आप के निकट में शालि पुंज को धरूँ।
पूर्ण सौख्य दीजिये समस्त कर्म को हरूँ।।
तीर्थनाथ सिद्ध साधु जैनधर्म को जजूँ।
जैनबिंब धाम अर्च सर्व सौख्य को भजूँ।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

मल्लिका गुलाब मोगरा चुनाय के लिये।
नाथ! आप चर्ण में चढ़ाय हर्ष हो हिये।।तीर्थ.।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

घेवरादि थाल में भराय के चढ़ावते।
भूख व्याधि नष्ट हो असीम शक्ति पावते।।तीर्थ.।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीप ज्योति को प्रजाल आरती करूँ अबे।
मोह ध्वांत दूर हो सुज्ञान सूर्य भी उगे।।तीर्थ.।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप खेय अग्नि में समस्त कर्म भस्म हों।
स्वात्म सौख्य हो भले अपूर्व ज्ञानरश्मि हो।।तीर्थ.।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

आम संतरा अनार आपको चढ़ाय के।
मुक्ति वल्लभा निमित्त आपको मनाय के।।तीर्थ.।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अर्घ में सुवर्ण पुष्प लेय के चढ़ाय के।
आत्मगुण अनंत शीघ्र नाथ! दीजिये अबे।।तीर्थ.।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

यमुना सरिता नीर, प्रभु चरणों धारा करूँ।
मिले निजात्म समीर, शांतीधारा शं करें।।10।।

शांतये शांतिधारा।

सुरभित खिले सरोज, जिनचरणों अर्पण करूँ।
निर्मद करूँ मनोज, पाऊँ जिनगुण संपदा।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

पूरब पुष्कर द्वीप में, कर्मभूमि चौंतीस।
पुष्पांजलि कर पूजहूँ, नमूँ नमूँ नत शीश।।1।।

इति मंडलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-नरेन्द्र छंद-

'कच्छा' देश विदेह मेरु मंदर के पूरब में है।
छह खंडों में आर्यखंड इक, क्षेमापुर उसमें है।।
आर्यखंड में कर्मभूमि नित, जिनवर सदा विहरते।
मुनिगण धर्म जिनालय प्रतिमा, जजत भव्य सुख भरते।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहकच्छादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुकच्छा' छह खंडों में, आर्यखंड सुखभूमी।
क्षेमपुरी नगरी है मधि मे, पुण्यपुरुष की भूमी।।आर्य.।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहसुकच्छादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महाकच्छा' में आरजखंड कर्मभूमी है।
वहाँ अरिष्टा है रजधानी, शाश्वतकी भूमी है।।
आर्यखंड में कर्मभूमि नित, जिनवर सदा विहरते।
मुनिगण धर्म जिनालय प्रतिमा, जजत भव्य सुख भरते।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहमहाकच्छादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'कच्छकावती' मध्य में, रक्ता रक्तोदा हैं।
मध्य रजतगिरि आर्यखंड मधि, नगरि अरिष्टपुरी है।।आर्य.।।4।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहकच्छकावतीदेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सीता नदि के उत्तर में, 'आवर्ता' देश विदेहा।
आर्यखंड में नगरी खड्गा, वहाँ बनें गतदेहा।।आर्य.।।5।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहआवर्तादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'लांगलावर्ता' शाश्वत, पूर्वविदेह कहाता।
आर्यखंड में पुरी मंजूषा, वहाँ न लेश असाता।।आर्य.।।6।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहलागंलावर्तादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कला' के छहखंड में, आर्यखंड मनहारी।
'औषधि' नगरी है रजधानी, पुण्य पुरुष अवतारी।।आर्य.।।7।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहपुष्कलादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कलावती' वहाँ पर, छह खंड बने सदा से।
आर्यखंड में पुंडरीकिणी पुरी सुमुक्ति वहाँ से।।आर्य.।।8।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहपुष्कलावतीदेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सीता नदि के दक्षिण दिश में, देवारण्य समीपे।
'वत्सादेश' सुआर्य खंड में, नगरि 'सुसीमा' दीपे।।आर्य.।।9।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहवत्सादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुवत्सा' आर्यखंड में, पुरी 'कुंडला' सोहे।
तीर्थंकर चक्री हलधर नर, मुनिगण भी मन मोहे।।आर्य.।।10।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहसुवत्सादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महावत्सा' में छह खंड, आर्यखंड के बीचे।
'अपराजिता' पुरी में मुनिगण, भव्यखेत को सींचे।।आर्य.।।11।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहमहावत्सादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्यो-पाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'वत्सकावती' वहाँ पर, जन वात्सल्य भरे हैं।
'प्रभंकर' पुरि आर्यखंड में, जिनवर जन्म धरे हैं।।आर्य.।।12।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहवत्सकावतीदेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रम्या' देश विदेह कहाता, 'अंका' है रजधानी।
आर्यखंड में जन्मे मानव, वरें स्वयं शिवरानी।।आर्य.।।13।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहरम्यादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुरम्या' छह खंडों में, आर्यखंड सुखकारी।
'पद्मावति' नगरी रजधानी, तीर्थंकर की प्यारी।।आर्य.।।14।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहसुरम्यादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धा-चार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रमणीया' है देश विदेहा, आर्यखंड के मधि में।
नगरी 'शुभा' शोभती सुंदर, तीर्थंकर हों उसमें।।आर्य.।।15।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहरमणीयादेशस्थितआर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्यो-पाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'मंगलावती' सुहाता, आर्यखंड के बीचे।
'रत्नसंचया' है शुभ नगरी, जिनवच भविजन सींचे।।
आर्यखंड में कर्मभूमि नित, जिनवर सदा विहरते।
मुनिगण धर्म जिनालय प्रतिमा, जजत भव्य सुख भरते।।16।।

सुरगिरि पंचम के उभय, पूर्व अपर दिश जान।
सोलहगिरि वक्षार के, जिनगृह जजूँ महान।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिषोडशवक्षारपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थ-जिनबिम्बेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य-**ॐ ह्रीं अर्हं शाश्वतजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यो नमः।**

जयमाला

-सोरठा-

जिनवर के गुण रत्न, अतुल अनंत अपार हैं।
गिनने की नहिं शक्ति, लेश कहूं गुणमालिका।।1।।

-गीता छन्द-

जय जय गिरी वक्षार के, सोलह जिनालय गुण भरे।
जय जय विदेहों में सतत, बत्तीस की रचना करें।।

इन एक-इक के मध्य में, बहती विभंगा नदि तहां।
जो कुलगिरी तल कुंड से, निकली मिले सीतादिमा।।2।।

प्रत्येक पर्वत नीलगिरि, सीता-सितोदा स्पर्शते।
उत्तर दिशी वक्षार गिरि, निषधाद्रि नदि स्पर्शते।।
सब हैं सुवर्णिम कांतिमय, औ चार कूटों से दिपे।
पर्वत निकट के कूट पर, दिक्कन्यका के गृह दिपें।।3।।

सरिता निकट के कूट पे, जिनगेह अकृत्रिम कहे।
मधि-मध्य के दो कूट पे, व्यंतर सुरों के गृह रहें।।
वन वेदिका तोरण अतुल, पुष्करिणियां जल से भरीं।
सब कूट के चहुंदिश बगीची, शोभतीं शाश्वत खरी।।4।।

जो भव्य भय भयभीत हैं, वे ही जिनालय वंदते।
जो भव्य भवदधि तीर हैं, वे दर्श कर अघ खंडते।।
जो मोह राग अरु द्वेष शत्रू, मारने को चाहते।
वे ही जिनेश्वर पादपंकज चित्त में नित धारते।।5।।

जो तुम शरण में आ गये, यमराज भी उनसे डरें।
जो तुम वचन में दृढ़ रहें, मोहारि उनसे भय करें।।
तुम नाम अक्षर जो जपें, वो आत्म अनुभव पावते।
तुम वच सुधारस[1] जो चखें, वो परम आनंद पावते।।6।।

बहु विघ्नकर रोगादि भय, शोकादि मानस व्याधियां।
तुम भक्ति करते शीघ्र ही भग जांय आधि उपाधियां।।
व्यंतर पिशाचादिक भयंकर, चोर क्रूर ग्रहादि भी।
बाधा न किंचित कर सकें, जिनको शरण है आपकी।।7।।

सब ग्रन्थ में गाया सुयश, यति में वृषभ[1] सब साधु ने।
सुनकर प्रभो तुम कीर्ति को, अब आ गया हूँ पास में।।
रक्षा करो या ना करो, बस नाथ! आप प्रमाण हैं।
जो आपका कर्तव्य हो, वह कीजिये बस मान्य है।।8।।

1. अमृत। 2. यतिवृषभाचार्य तिलोयपण्णत्ति कर्ता।

–दोहा–

भवहर जिनवर मूर्तियां, हरें सकल भवजाल।
शिवलक्ष्मी हित 'ज्ञानमति', वंदन करे त्रिकाल।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिवक्षारपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

1. यतिवृषभाचार्य तिलोयपण्णत्तिकर्ता।

(पूजा नं. 49)

विद्युन्मालीमेरु के चौंतीस विजयार्ध जिनालय पूजा

–अथ स्थापना–दोहा–

पश्चिम पुष्कर द्वीप में, पूर्व अपर सुविदेह।
दक्षिण-उत्तर में भरत-ऐरावत वर नेह।।
बत्तिस क्षेत्र विदेह औ, भरतैरावत जान।
चौंतिस रूपाचल विषे, जिनगृह पूजूँ आन।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थसर्वजिनबिम्बसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थसर्वजिनबिम्बसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थसर्वजिनबिम्बसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्।

–अथाष्टकं–बसंततिलका छंद–

गंगानदी सलिल शीतल कुंभ में है,
धारा करूं मुझ मनोगत मल हरे है।
चौंतीस रूप्यगिरि के जिनमंदिरों की,
पूजा करूँ जगत वंद्य जिनेश्वरों की।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूरवासित सुगंधित गंध लाके,
पूजूँ तुम्हें हृदय ताप व्यथा मिटाके।।चौंतीस.।।2।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

कामोद वासमति तंदुल शुभ्र लाया,
अक्षय अखंड पद हेतु तुम्हें चढ़ाया।
चौंतीस रूप्यगिरि के जिनमंदिरों की,
पूजा करूँ जगत वंद्य जिनेश्वरों की।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

जाती कदंब अरविंद प्रसून लाया,
शृंगारहार मदनारि[1] तुम्हें चढ़ाया।।चौंतीस.।।4।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

मैसूरपाक[2] बरफी पकवान लाऊँ,
पीयूष पिंडसम स्वातम स्वाद पाऊँ।।चौंतीस.।।5।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर वर्त्तिक[3] शिखामय दीप लाऊँ,
पूजूं तुम्हें हृदय मोह सभी मिटाऊँ।।चौंतीस.।।6।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कृष्णागरू सुरभि धूप जलाय करके,
आत्मा विशुद्ध मुझ होत जु कर्म जलके।।चौंतीस.।।7।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अंगूर आम अमरूद अनार लाया,
सर्वार्थसिद्धि फल हेतु तुम्हें चढ़ाया।।चौंतीस.।।8।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

---

1. शृंगार है हार जिसका ऐसा मदन-उसके शत्रु-जिनेन्द्रदेव। 2. मैसूर प्रांत की बरफी। 3. बत्ती।

नीरादि द्रव्य कर अर्घ्य सुवर्ण थाली,
पूजूं तुम्हें नहिं मनोरथ जाय खाली।
चौंतीस रूप्यगिरि के जिनमंदिरों की,
पूजा करूँ जगत वंद्य जिनेश्वरों की।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतस्थितसिद्धकूट-जिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–सोरठा–

गंगनदी को नीर, तुम पद धारा मैं करूं।
शांति करो जिनराज, चउसंघ को सबको सदा।।10।।

शांतये शांतिधारा।

कमल केतकी फूल, हर्षित मन से लायके।
जिनवर चरण चढ़ाय, सर्व सौख्य संपति बढ़े।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

–अथ प्रत्येक अर्घ्य–सोरठा–

विद्युन्माली मेरू चउदिश चौंतिस रूप्यगिरि।
उनके श्री जिनगेह, पृथक् पृथक् पूजन करुँ।।1।।

इति श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिविजयार्धपर्वतस्थाने मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

–दोहा–

सीतानदि उत्तर तरफ, भद्रसाल वन पास।
'कच्छादेश' रजतगिरी, जिनगृह जजूँ हुलास।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थकच्छादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुकच्छा' मध्य में रूपाचल मनहार।
सिद्धकूट में जिनभवन, जजूँ सदा सुखकार।।2।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसुकच्छादेशस्थितविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महाकच्छा' मधी, रूपाचल अभिराम।
सिद्धकूट का जिनभवन, पूजूँ करूँ प्रणाम।।3।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थमहाकच्छादेशस्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'कच्छकावति' विषे, विजयारध सुखकार।
भवविजयी के जिनभवन, पूजूँ भव दुःख टार।।4।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थकच्छकावतीदेशस्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'आवर्ता' सुविदेह में, रूपाचल रजताभ।
ताके श्री जिनगेह को, पूजूँ करो कृतार्थ।।5।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थआवर्तादेशस्थितविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'लांगलावति' विषे, रजताचल सुखकार।
सिद्धकूट पर जिनभवन, पूजूँ सुयश उचार।।6।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थलांगलावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कला' में अचल, विजयारध मनहार।
ताके श्रीजिनगेह को, पूजूँ शिव सुखकार।।7।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थपुष्कलादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कलावती' मधि, रूपाचल सुखधाम।
जिनगृह के जिनबिंब को, पूजूँ नित शिवधाम।।8।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थपुष्कलावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सीता के दक्षिण तरफ, देवारण्य समीप।
'वत्सा' के विजयार्ध का, जिनगृह जजूँ पुनीत।।9।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थवत्सादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुवत्सा' मध्य में, विजयारध गुणधाम।
उस पे जिनमंदिर जजूँ परमानन्द प्रदाम्[1]।।10।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसुवत्सादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महावत्सा' मधी, रूपाचल मनहार।
जिनमंदिर के बिंब को, पूजूँ शिव करतार।।11।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थमहावत्सादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'वत्सकावति' विषे, रूपाचल सुखकाम।
तापे जिनगृह जिनकृती[2], पूजूँ भुवन ललाम।।12।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थवत्सकावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रम्या' देश विदेह में, रजताचल गुणमाल।
जिनगृह के जिनबिंब को, पूजूँ जग प्रतिपाल।।13।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थरम्यादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुरम्या' मध्य में, रूपाचल अभिराम।
जिनचैत्यालय को जजूँ, पाऊँ मोक्ष निधान।।14।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थसुरम्यादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रमणीया' सुविदेह में, रूप्यगिरी[3] रूपाभ[4]।
जिनगृह की जिनमूर्ति को, जजूँ नमाऊँ माथ।।15।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थरमणीयादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'मंगलावति' तहाँ, खग पर्वत सुखमाल।
जिनमंदिर में मूर्ति की, पूजा करूँ त्रिकाल।।16।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वविदेहस्थमंगलावतिदेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

---

1. देने वाले। 2. प्रतिमा। 3. विजयार्ध पर्वत। 4. चांदी का ।

–रोला छन्द–

भद्रसालवन पास, सीतोदा नदि दायें।
'पद्मादेश' विदेह, मधि रूपाद्रि कहाये।।
तापे श्रीजिनगेह, सब भवचक्र[1] विनाशें।
जो पूजें धर नेह, केवल ज्ञान प्रकाशें।।17।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थपद्मादेशमध्यविजयार्ध-पर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुपद्मा' माहिं, रजताचल मन मोहे।
तापे श्रीजिनधाम, सुर किन्नर मन मोहे।।
ताके श्री जिनबिंब, भवि भव चक्र विनाशें।
जो पूजें धर प्रीति, केवल ज्ञान प्रकाशें।।18।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसुपद्मादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'महपद्मा' सुविदेह, तामे रजतगिरी है।
उसपे श्री जिनवेश्म, अद्भुत सौख्यसिरी है।। ताके.।।19।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थमहापद्मादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पद्मकावति' मधि में रूप्यगिरी है।
त्रय कटनी युत रम्य, जिनगृह अतुल श्री है।।ताके.।।20।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थपद्मकावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'शंखा' देश विदेह, शंख ध्वनी जहँ गूँजे।
बीच रजतगिरि एक, जिनमंदिर सुर पूजें।।ताके.।।21।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थशंखादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

1. संसार भ्रमण।

'नलिनादेश' अपूर्व, शाश्वत सिद्ध कहा है।
बीच रजतगिरि शीश, जिनगृह नित्य कहा है।।
ताके श्री जिनबिंब, भवि भव चक्र विनाशें।
जो पूजें धर प्रीति, केवलज्ञान प्रकाशें।।22।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थनलिनादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'कुमुदा' देश अनूप, शिव का मार्ग प्रकासे।
बीच रजतगिरि श्रेष्ठ, जिनगृह अनुपम भासे।।ताके.।।23।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थकुमुदादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'सरिता' देश विदेह, छह खण्डोंयुत सोहे।
बीच कहा विजयार्ध, जिनगृह से मन मोहे।।ताके.।।24।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसरितादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नदि के उत्तर माहिं, भूतारण्य समीपे।
'वप्रादेश' विदेह, बीच रजतगिरि दीपे।।ताके.।।25।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थवप्रादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुवप्रा' मध्य, रूपाचल अविकारी।
नव कूटों में एक, जिनमंदिर सुखकारी।।ताके.।।26।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसुवप्रादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'महावप्रा' देश, अगणित विभव धरे हैं।
बीच रजतगिरि श्वेत, जिनवर सद्म धरे हैं।।ताके.।।27।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थमहावप्रादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'वप्रकावति' देश, बीच रजतगिरि धारे।
नव कूटों में एक, जिनगृह भवदधि तारे।।
ताके श्री जिनबिंब, भवि भव चक्र विनाशें।
जो पूजें धर प्रीति, केवलज्ञान प्रकाशें।।28।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थवप्रकावतीदेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'गंधा' देश विदेह, रौप्य अचल से सोहे।
त्रय कटनीयुत रम्य, ऊपर जिनगृह सोहे।।ताके.।।29।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थगंधादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'सुगंधा' मध्य, खग पर्वत मन मोहे।
इन्द्रादिक से वंद्य, जिनमंदिर इक सोहे।।ताके.।।30।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थसुगंधादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'गंधिला' बीच, रजतगिरी रजताभा।
नव कूटों में एक, जिनमंदिर मणि आभा।।ताके.।।31।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थगंधिलादेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'गंधमालिनी' देश, रूप्यगिरी मधि धारे।
रत्नमयी इक कूट, जिनमंदिर को धारे।।ताके.।।32।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपश्चिमविदेहस्थगंधमालिनीदेशमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–नरेन्द्र छन्द–

पश्चिम पुष्कर अर्ध द्वीप में, सुरगिरि दक्षिण जानो।
भरत क्षेत्र के मध्य रूप्यगिरि, नव कूटों युत मानो।।

सिद्धकूट के जिनमंदिर में, रतनमयी प्रतिमा हैं।
जो जन अर्घ्य चढ़ाकर पूजें, लहें अतुल महिमा हैं।।33।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिभरतक्षेत्रमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विद्युन्माली के उत्तर में, ऐरावत शुभ जानो।
मध्य रजतगिरि पे इक सौ दश, खग नगरी सरधानो।।
सिद्धकूट के जिनमंदिर में, रतनमयी प्रतिमा हैं।
जो जन अर्घ्य चढ़ाकर पूजें, लहें अतुल महिमा हैं।।34।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिऐरावतक्षेत्रमध्यविजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–पूर्णार्घ्य–

विद्युन्माली मेरु उभय में, बत्तिस क्षेत्र विदेह कहे।
दक्षिण-उत्तर उभय भाग में, भरतैरावत क्षेत्र रहें।।
इन चौंतीस क्षेत्र के मधि में, एक एक विजयारध हैं।
सबके चौंतिस जिनभवनों को पूजूं शिवसुखकारक हैं।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिपूर्वपश्चिमदक्षिणोत्तरदिक्चतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

*जाप्य–***ॐ ह्रीं अर्हं शाश्वतजिनालयस्थसर्वजिनबिम्बेभ्यो नमः।**

जयमाला

–दोहा–

चौंतीसों विजयार्ध के, अकृत्रिम जिनधाम।
तिनकी गुणमाला कहूँ, होय सफल मम काम।।1।।

–शम्भु छन्द–

जय जय विद्युन्माली सुरगिरि, जो शत इन्द्रों से वंदित हैं।
जय जय उसके पूरब पश्चिम, बत्तीस अचल विजयारध हैं।।

जय जय सुरगिरि दक्षिण-उत्तर भरतैरावत दो क्षेत्र कहे।
जय जय इनके मधि रूपाचल, ये सब मिलके चौंतीस कहे।।1।।
इन गिरि की पहली कटनी पर, अभियोग्य देव के भवन बने।
दूजी कटनी पे विद्याधर, उन नगर एक सौ दश गिननें।।
तीजी कटनी पे नव कूटोंयुत, सिद्धकूट इक है उनमें।
अठ कूटों पे सुरगृह जानो, जो सिद्धकूट जिनगृह उसमें।।2।।
सब रूपाचल चांदी सम है, सबमें विद्याधर रहते हैं।
सब पर वन उपवन वेदी हैं, रत्नों की रचना कहते हैं।।
जो हैं विदेह के बत्तिस गिरि, हैं शाश्वत कर्मभूमि उनमें।
भरतैरावत के रजताचल, बस अन्तर पड़ता इन द्वय में।।3।।
यहं पर हैं चौथे काल सदृश, आदी औ अन्त सदृश रचना।
विद्याधर में जाती कुल औ, साधित त्रय[1] विद्या को धरना।।
त्रय कारण से विद्या पाकर, खे गमनादिक[2] बहु रूप धरें।
इस हेतू से ये जन मानव, विद्याधर सार्थक नाम धरें।।4।।
ये खग अकृत्रिम चैत्यालय, में जाते वंदन करते हैं।
कोई कोई दीक्षा लेकर, तहँ कर्म काट शिव वरते हैं।।
विजयारध के जिनमंदिर में, बहु रत्नमयी जिनप्रतिमा हैं।
सुर नर विद्याधरगण पूजें, ये मृत्युंजयि की उपमा हैं।।5।।
जो मनोयोग से बंधे कर्म, वे उदय आय के फलते हैं।
जो वचन योग से बंधे कर्म, भी उदयागत हो खिरते हैं।।
जो काययोग से बंधे कर्म, वे भी सबको दुखदायक हैं।
ये अशुभ कर्म के उदय सभी, को रोग शोक भयदायक हैं।।6।।
जिन चरणों की पूजा करते, उन अशुभ कर्म सब झड़ते हैं।
अतिशयकारी हों पुण्य बंध, उनके मनवांछित फलते हैं।।
वे क्रम से इन्द्र चक्रवर्ती, बन महापुण्य रस चखते हैं।
पुन मोह अरी का शीश काट, वे मुक्ति रमापति बनते हैं।।7।।

1. जाति, कुल और साधना से सिद्ध। 2. आकाश में।

–दोहा–

तुम भक्ती पीयूष पी, जन जन हुये निहाल।
'ज्ञानमती' निज संपदा, भुगते शाश्वत काल।।8।।

ॐ ह्रीं श्रीविद्युन्मालीमेरुसंबंधिचतुस्त्रिंशत्विजयार्धपर्वतसिद्धकूटजिनालयस्थजिनबिम्बेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 50)

पश्चिम पुष्करार्धद्वीप भरतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापना-गीता छंद

पुष्कर अपर के भरत में संप्रति जिनेश्वर जो हुये।
समरस सुधास्वादी मुनी उनके चरण में नत हुये।।
उन वीतरागी सौम्य मुद्रा देख जन मन मोदते।
उनकी करूँ मैं अर्चना वे सफल कल्मष धोवते।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर समूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर समूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकर समूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-भुजंगप्रयात छंद

मुनी चित्त सम स्वच्छ जल को लिया है।
प्रभू पाद में तीन धारा किया है।।
जजूँ तीर्थकर के चरण पंकजों को।
मिटाऊँ सभी जन्म के संकटों को।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

घिसा गंध कर्पूर मिश्रित किया है।
प्रभू चर्ण में चर्च समसुख लिया है।।जजूँ.।।2।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

पयोराशि के फेन समश्वेत शाली।
धरूँ पुंज सन्मुख बनूँ भाग्यशाली।।जजूँ।।3।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

जुही मोगरा कुंद की माल लेके।
चढ़ाऊँ तुम्हें स्वात्म सुख आश लेके।।जजूँ।।4।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

जलेबी इमरती भरे थाल लाऊं।
महातृप्तिकर आप चर्णों चढ़ाऊँ।।जजूँ।।5।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शिखा दीप की बाह्य का ध्वांत नाशे।
करूँ आरती ज्ञान की ज्योति भासे।।जजूँ।।6।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

जले धूप अग्नी विषे गंध फैले।
जलें कर्म वो जो सदा हैं विषैले।।जजूँ।।7।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

पनस आम अंगूर गुच्छे भले हैं।
तुम्हें अर्पते सत्फलों को फले हैं।।जजूँ।।8।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलादी मिला अर्घ्य चरणों चढ़ाऊँ।
निजात्मीक संपत्ति मैं शीघ्र पाऊँ।।जजूँ।।9।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

तीर्थंकर परमेश, तिहुँजग शांतीकर सदा।
चउसंघ शांतीहेत, शांतीधारा मैं करूँ।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार प्रसून, सुरभित करते दश दिशा।
तीर्थंकर पद पद्म, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

अलंकार भूषण रहित, फिर भी सुन्दर आप।
आयुध शस्त्र विहीन हो, नमूँ नमूँ निष्पाप।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-नरेन्द्र छंद-

श्री 'सर्वांगस्वामि' तीर्थंकर, अतिशय रूप सुहावे।
इंद्र हजार नेत्रकर निरखे, तो भी तृप्ति न पावे।।
मैं पूजूँ श्रद्धा उर धर के, समकित ज्योति जगाऊं।
निज आतम अनुभव रस पीकर, फेर न भव में आऊँ।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसर्वाङ्गस्वामिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'पद्माकर' जिनवर तुमही, भव्यकमल विकसाते।
केवल ज्ञानमयी किरणों से, तम अज्ञान भगाते।।मैं.।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपद्माकरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'प्रभाकर' निजकांती से, दश दिश को नहलाते।
निज भामंडल में भव्यों को, सात जनम दिखलाते।।मैं.।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीप्रभाकरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हे 'बलनाथ' आप बल पाके, भक्त बने बलशाली।
मन वच काय बली ऋद्धी पा, हो जाते गुणशाली।।मैं.।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीबलनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'योगीश्वर' जिनराज आपने, मुनि को योग सिखाया।
वृक्ष मूल अभ्रावकाश, आतापन आदि बताया।।मैं.।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीयोगीश्वरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'सूक्ष्मांग' वर्णगंधादिक, रहित अमूर्तिक चिन्मय।
इंद्रिय देहरहित हो फिर भी, परम अतीन्द्रिय सुखमय।।मैं.।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसूक्ष्मांगजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'व्रतचलातीत' जिनवर जी, कभी न व्रत से डिगते।
सर्व शीलव्रत गुण के भर्ता, सबको व्रत में धरते।।मैं.।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीव्रतचलातीतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'कलंबक' निष्कलंक हैं, कर्मकलंक विनाशी।
भव्यों के कलिमल को धोकर, करें स्वच्छ अविनाशी।।मैं.।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकलंबकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'परित्याग' जिनेश्वर तुमने, सर्वजगत को त्यागा।
पूर्ण दिगंबर हो तप कीना, धरा न किंचित् धागा।।मैं.।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपरित्यागजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'निषेधिक' पाप क्रिया को, तुमने पूर्ण निषेधा।
स्वयं क्षपक श्रेणी पर चढ़कर, घाति शत्रु को बेधा।।मैं.।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनिषेधिकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'पापापहारि' जिनवरजी, पाप समूह विनाशा।
भव्यों ने भी तुम भक्ती से, अंतर्मल को नाशा।।मैं.।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीपापापहारिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'सुस्वामी' जगके नामी, त्रिभुवन अंतर्यामी।
जो पूजें तुम चरण सरोरुह, वे होते शिवधामी।।मैं.।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसुस्वामिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'मुक्तिचंद' तीर्थंकर तुमने, मुक्ति धाम को पाया।
तुम पद भक्त जनों ने भी तो, मुक्ती पथ अपनाया।।
मैं पूजूँ श्रद्धा उर धर के, समकित ज्योति जगाऊं।
निज आतम अनुभव रस पीकर, फेर न भव में आऊँ।।13।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमुक्तिचंदजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'अप्राशिक' भगवान तुम्हीं हो, भवि जीवन सुखदाता।
जो जन पूजें भक्ति भाव से, हरते कर्म असाता।।मैं.।।14।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअप्राशिकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'जयचंद' करम अरि जेता, भविजन को उपदेशें।
जो जन आते चरण शरण में, उनको शिवपुर भेजें।।मैं.।।15।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीजयचंदजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'मलाधारि' मलमूत्र पसीना, रहित देह तुम धारा।
भक्तों का मन निर्मल करने, तुम धुनि अमृत धारा।।मैं.।।16।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमलाधारिजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'सुसंयत' संयमियों के, आश्रयभूत तुम्हीं हो।
सभी असंयत को संयत, करने में एक तुम्हीं हो।।मैं.।।17।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसुसंयतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'मलयसिंधु' जिन नाथ आपको, सुरपति खगपति पूजें।
नरपति मुनिपति भी नित वंदें, कर्म अरी से छूटें।।मैं.।।18।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमलयसिंधुजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभू 'अक्षधर' तीर्थंकर हैं, सर्व हितंकर जग में।
उनके वचन परम प्रीतिंकर, भविजन रमते उसमें।।मैं.।।19।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअक्षधरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नाथ 'देवधर' किंकर है नित, सौधर्मेन्द्र तुम्हारा।
त्रिभुवन के भव्यों ने मिलकर, लीना आप सहारा।।मैं.।।20।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीदेवधरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभू 'देवगण' द्वादश गण के, अधिपति आप बखाने।
समवसरण में दिव्यध्वनी सुन, सबजन निजहित ठाने।।मैं.।।21।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीदेवगणजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'आगमिक' तीर्थंकर जग में, आ वृष तीर्थ चलाया।
भविजन खेती सिंचन हेतू, धर्मामृत बरसाया।।मैं.।।22।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीआगमिकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री 'विनीत' तीर्थेश्वर तुमने, विनय धर्म उपदेशा।
दर्शन ज्ञान चरित तप औ, उपचार सहित निर्देशा।।मैं.।।23।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीविनीतजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'रतानंद' तीर्थंकर निज में, रत हो जिनके द्वारा।
परमानंद सुखामृत पीते, शतशत नमन हमारा।।मैं.।।24।।
ॐ ह्रीं अर्हं श्रीरतानंदजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्णार्घ्य-दोहा

क्रोध बिना भी आपने, कर्म शत्रु को घात।
निर्भय पद को पा लिया, नमूँ नमा कर माथ।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसर्वाङ्गस्वाम्यादिरतानंदपर्यन्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-रोला छंद-

जै जै श्री जिनदेव, अद्भुत अतिशय धारी।
जै जै श्री जिनदेव, सब जन को सुखकारी।।
जै जै श्री जिनदेव, गणपति तुम गुण गावें।
चार ज्ञान से युक्त, फिर भी पार न पावें।।1।।

तुम तन में मलमूत्र, नाहिं पसेव नहीं है।
रुधिर दुग्ध सम श्वेत, अतिशय रूप सही है।।
अति सुगंधमय देह, लक्षण सहस रु आठा।
प्रियहित वचन अपूर्व, अतुल वीर्य तन में था।।2।।

समचतुष्क आकार, वज्र वृषभ नाराचे।
ये दश अतिशय नाथ, जन्म समय से साथे।।
तुम सौंदर्य समुद्र, निरख निरख सुख पावे।
इंद्र नहीं हो तृप्त, नेत्र हजार बनावे।।3।।

इंद्र सहस्रों नाम, ले स्तवन उचारे।
निज जिह्वा औ वाणि, को पवित्र कर डारे।।
प्रभू आप श्रीमान, और स्वयंभू नामा।
नाम स्तवन जिनेश, करते शिवसुख कामा।।4।।

नाथ आप प्रतिबिंब, जो स्तवन करे हैं।
स्थापन संस्तवन, कर सब सौख्य भरे हैं।।
मल विरहित तुम देह, रूप अनूप तुम्हारा।
द्रव्य स्तवन जिनेश, भविजन एक सहारा।।5।।

तुम जन्मादिक भूमि, की स्तुती करें जो।
क्षेत्र स्तवन करंत, भव भव पाप हरें वो।।
गर्भादिक तिथिकाल, का स्तवन उचारें।
काल स्तवन हमेश, करके निज अघ टारें।।6।।

दर्शन ज्ञान अनंत, सुख औ वीर्य अनंते।
तुम गुण गान करंत, भाव स्तवन धरंते।।
नाम स्थापन द्रव्य, क्षेत्र काल भावों से।
छह विध से त्रयकाल, करते स्तुति जो रुचि से।।7।।

भक्ति नाव में बैठे, भवरारिधि वे तरते।
करें कर्म नग चूर, मुक्ति रमा को वरते।।

मैं भी तुम स्तोत्र, करूँ सदा मुद मन से।
पूजा अर्चा और, वंदन भी कर करके।।8।।

पाऊँ शक्ति अपूर्व, यम को मार भगाऊँ।
जिन आतम रस पूर, परमानंद उपाऊं।।
करो कृपा अब नाथ, पुनः नहीं कुछ मांगूँ।
'ज्ञानमती' सुख आश, पूर्ण करो पग लागूँ।।9।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 51)

पश्चिम पुष्करार्धद्वीप ऐरावतक्षेत्र वर्तमान तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापना-गीता छंद

पुष्कर अपर में उत्तरी दिश, क्षेत्र ऐरावत कहा।
उस मध्य आरजखंड में, षट्काल परिवर्तन कहा।।
तीर्थेश चक्री आदि चौथे काल में होते वहाँ।
चौबीस जिनवर वर्तमानिक, को सदा पूजूँ यहाँ।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-नाराच छंद

शुक्लध्यान के समान स्वच्छ नीर लाइये।
नाथ के पदारविंद धार को कराइये।।
धर्मतीर्थनाथ की सदैव अर्चना करें।
पूर्ण हो स्वतंत्र वे यहाँ पे जन्म ना धरें।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थं-करेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

स्वर्णकांति के समान पीतगंध लाइये।
नाथ के पदारविंद अर्च सौख्य पाइये।।धर्म.।।2।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशतितीर्थं-करेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

दुग्धफेन के समान श्वेत शालि लाइये।
नाथ के पदाब्ज पास पुंज को रचाइये।।धर्म.।।3।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

कुंद मोगरा गुलाब पुष्प भांति-भांति के।
नाथ पाद पूजते हि हो न वश्य काम के।।धर्म.।।4।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

लड्डूकादि मिष्ट खाद्य चित्त को लुभावते।
भख वेदना निमूल हेतु ही चढ़ावते।।धर्म.।।5।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपज्योति सर्व अंधकार ना विनाशती।
आप पूजते स्वचित्त ज्ञान लौ प्रकाशती।।धर्म.।।6।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

धूप खेवते दशांग पाप भस्म हो रहे।
आतमा विशुद्ध होय साम्य सौख्य को लहे।।धर्म.।।7।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

आम्र आदि सत्फलों को अर्पिये जिनेन्द्र को।
मोक्ष सौख्य प्राप्ति हेतु अर्चिये जिनेन्द्र को।।धर्म.।।8।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन लोक संपदा जिनेश भक्त को मिले।
अर्घ्य को चढ़ावते निजात्म की कली खिले।।धर्म.।।9।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-ऐरावतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

तीर्थंकर परमेश, तिहुँजग शांतीकर सदा।
चउसंघ शांतीहेत, शांतीधारा मैं करूँ।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार प्रसून, सुरभित करते दश दिशा।
तीर्थंकर पद पद्म, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

समवसरण प्रभु आपका, दिव्य सभा का रूप।
मध्य कमल आसन उपरि, राजें तिहुँजग भूप।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-रोला छंद-

श्री 'गांगेयक' देव, सोलह कारण भाके।
तीर्थंकर पद पाय, बसे मोक्ष में जाके।।
मैं पूजूँ धर प्रीति, कर्म कलंक नशाऊँ।
पंचम गति को पाय, फेर न भव में आवूँ।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीगांगेयकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

'नल्लवासव' जिनराज, वासव शत तुम वंदे।
अनुपम सुख की आश, धरके तुम अभिनंदे।।मै.।।2।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनल्लवासवजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

श्रीमत् 'भीम' जिनेन्द्र, भवभयभीत जनों को।
आप एक आधार, अतः नमें जन तुमको।।मै.।।3।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीभीमजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

नाथ 'दयाधिक' आप, कर्म हनें निर्दय हो।
भक्तों के प्रति आप, पूरणसदय हृदय हो।।मै.।।4।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीदयाधिकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

श्री 'सुभद्र' जिनराज, भद्रजीव तुम पूजें।
करें आत्म कल्याण, ऐसी युक्ती सूझे।।मै.।।5।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसुभद्रजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

श्री 'स्वामी' का नित्य, जो जन आश्रय लेते।
पाते शिवपथ शुद्ध, भवजल को जल देते।।मै.।।6।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीस्वामीजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

नाथ 'हनिक' ने घाति, कर्म हने शांती से।
किया भुवन परकाश, अनुपम निजकांती से।।मै.।।7।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीहनिकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

'नंदिघोष' का धर्म-घोष जगत में व्यापा।
भविजन हर्षित चित्त, पूजत हों निष्पापा।।मै.।।8।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीनन्दिघोषजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

'रूपबीज' जिन आप, वचनामृत जो पीते।
नष्ट करें भवबीज, मृत्युमल्ल भी जीते।।मै.।।9।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीरूपबीजजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

'वज्रनाभ' जिनदेव, तुम पदकी भक्ती से।
पाऊँ ऐसी युक्ति, मुक्ति वरूँ शक्ती से।।मै.।।10।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवज्रनाभजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

श्री 'संतोष' जिनेश, तृष्णा नदी सुखाते।
अतिशय निस्पृह चित्त, फिर भी मार्ग दिखाते।।मै.।।11।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसंतोषजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

नाथ 'सुधर्म' महान, धर्मामृत की वर्षा।
करते करुणावान, भवि को हर्षा हर्षा।।मै.।।12।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसुधर्मजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

नाथ 'फणीश्वर' आप, मोह सर्प विष हरते।
जो पूजें तुम पाद, सब सुख सपंत्ति भरते।।मै.।।13।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीफणीश्वरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

'वीरचंद' जिनचंद्र, कर्म अरी के जेता।
जो तुम आश्रय लेय, वे होते दुःख भेत्ता।।
मैं पूजूँ धर प्रीति, कर्म कलंक नशाऊँ।
पंचम गति को पाय, फेर न भव में आवूँ।।14।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीवीरचंदजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

श्री 'मेधानिक' नाथ, इंद्रिय सुख सब त्यागा।
निज आतम में वास, करके शिव सुख साधा।।मै.।।15।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीमेधानिकजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

'स्वच्छनाथ' जिनराज, पूर्ण विशुद्ध हुए हो।
त्रिविध करम मल धोय, अनुपम शुद्ध हुये हो।।मै.।।16।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीस्वच्छनाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

नाथ 'कोपक्षय' आप, क्रोधादिक क्षय करके।
फिर भी जीता आप, कर्म अरी शमदम से।।मै.।।17।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकोपक्षयजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

जो 'अकाम' जिन आप, चरण कमल जो ध्यावें।
कामदेवमद नाश, निज समरस सुख पावें।।मै.।।18।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीअकामजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

'धर्मधाम' जिन नाम, जो नित मुख से बोलें।
निज में लें विश्राम, वे संसार न डोलें।।मै.।।19।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीधर्मधामजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

'सूक्तिसेन' जिनदेव, द्वादश गण संबोधें।
निज निज भाषा माहिं, सब जनमन प्रतिबोधें।।मै.।।20।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीसूक्तिसेनजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

'क्षेमंकर' जिननाथ, सब जग क्षेम करे हैं।
सब जन पूजें आप, सर्व अनिष्ट हरे हैं।।मै.।।21।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीक्षेमंकरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

'दयानाथ' जिनदेव, अगणित गुणगण धारें।
सुरनर मुनिगण आय, भक्ति स्तवन उचारें।।मै.।।22।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीदयानाथजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

श्री 'कीर्तिप' प्रभु आप, कीर्ति लता जग व्यापी।
जो गुण गावें नित्य, पावें यश अविनाशी।।मै.।।23।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकीर्तिपजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

नाथ 'शुभंकर' आप, सर्व अशुभ परिहारी।
करके शुभ तत्काल, हरो अमंगल भारी।।मै.।।24।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीशुभंकरजिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

पूर्णार्घ्य-दोहा

पूजूँ अर्घ्य चढ़ाय के, प्रभु तुम हो निर्दोष।
जन तुम भक्ति प्रभाव से, व्रत करते निर्दोष।।1।।

ॐ ह्रीं अर्हं गांगेयकादिशुभंकरपर्यन्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-कुसुमलता छंद-

जय जय तीर्थंकर इस जग में, अभयंकर क्षेमंकर नाथ।
जय जय जिनवर मुक्ति वधूवर, त्रिभुवनजन को किया सनाथ।।
समवसरण में अद्भुत वैभव, हुआ आपका जो भगवान्।
वैसा अब तक किसी अन्य को, नहीं मिला है विभव महान्।।1।।
मरकत पद्मरागमणियों के, पत्ते फूल अमल अभिराम।
ऐसा तरु अशोक है हरता, भव्य जनों का शोक तमाम।।
मुक्ताफल लटके हैं जिनमें, तीनछत्र शशि बिंब समान।
प्रभु के तीन लोक की प्रभुता, सूचित करते महिमावान।।2।।

नाना रत्न जटित सिंहासन, मणिस्फटिक विनिर्मित जान।
उस पर आप अधर चतुरंगुल, राजें कमलापति भगवान।।
गाढ़ भक्तियुत अंजलि जोड़े, विकसित मुख सब गण के जीव।
चारों तरफ घेरकर प्रभु को, बैठे हैं जिन भक्ति अतीव।।3।।
दुंदुभि बाजे बजें उच्च ध्वनि, मानों कहते झट आवो।
विषय कषायों को छोड़ो अब प्रभु की चरण शरण आवो।।
गुंजे भ्रमर जिन्हों पे सुरतरु, के सुमनों की हो वर्षा।
डंठल नीचे कर ऊरध मुख, खिले कुसुम जनमन हर्षा।।4।।
सूर्य करोड़ों की द्युति लज्जित करता तुम भामंडल नाथ।
जिसके दर्शन से भाक्तिकगण, उसमें देखें निज भव सात।।
कुंद पुष्पसम श्वेत मनोहर, चौंसठ चामर ढुरें सदैव।
जो तुमको नमते ऊरधगति, पाते मानों कहें अतीव।।5।।
प्रातिहार्य ये आठ आपकी, बाहर लक्ष्मी करें बखान।
अंतर लक्ष्मी जैसा तुम में, वैसी ही तुम में भगवान।।
नहिं ऐसा कोई इस जग में, जिससे उपमा हो तुम आन।
प्रभो स्वयं उपमेय आप ही, और आप ही है उपमान।।6।।

-दोहा-

आप विभव जो वर्णते, वे हों विभव सनाथ।
'ज्ञानमती' सुखसंपदा, मिले उन्हें निज हाथ।।7।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिभरतक्षेत्रस्थवर्तमानकालीनचतुर्विंशति-तीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 52)

पश्चिम पुष्करार्ध विहरमाण बीस तीर्थंकर पूजा

अथ स्थापन-गीता छंद

वर अपर पुष्कर द्वीप में जो पूर्व अपर विदेह हैं।
उनमें जिनेश्वर विहरते भविजन धरें मन नेह हैं।।
उन चार तीर्थंकर जिनेश्वर की करूँ इत थापना।
पूजूँ अतुल भक्ती लिये पाऊँ अचल पद आपना।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्री-वीरसेनमहाभद्र-देवयशोऽजितवीर्यनामचतुस्तीर्थंकरसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्री-वीरसेनमहाभद्र-देवयशोऽजितवीर्यनामचतुस्तीर्थंकरसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्री-वीरसेनमहाभद्र-देवयशोऽजितवीर्यनामचतुस्तीर्थंकरसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-चालनंदीश्वर पूजा

मुनि मन सम पावन नीर, कंचन भृंग भरूँ।
मिट जावे भव भव पीर, जिनपद धार करूँ।।
श्री विहरमाण जिनराज, पूजूँ मन लाके।
मिल जावे निज साम्राज, समरस सुख पाके।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेनादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

काश्मीरी गंध सुगंध, चंदन संग किया।
जिन पादाम्बुज चर्चंत, आतम सौख्य लिया।।श्री.।।2।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेनादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

शशि किरणों सम अति श्वेत, तंदुल पुंज धरूँ।
निज अक्षत पद के हेतु, पूजत हर्ष भरूँ।।
श्री विहरमाण जिनराज, पूजूँ मन लाके।
मिल जावे निज साम्राज, समरस सुख पाके।।3।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेनादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

बेला चंपक की माल, चरणों अर्पत हूँ।
मिल जावे निजगुणमाल, तुम पद अर्चत हूँ।।श्री.।।4।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेनादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पेड़ा बरफी पकवान, तुम ढिग भेंट करूँ।
हो क्षुधा वेदनी हान, आतम सौख्य भरूँ।।श्री.।।5।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेनादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

दीपक की ज्योति उद्योत, बाह्य तिमिर नाशे।
तुम आरति से प्रद्योत, ज्ञानमणी भासे।।श्री.।।6।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेनादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

वर धूप सुगंधित खेय, कर्म जलाऊँ मैं।
तुम चरण कमल को सेय, निजसुख पाऊँ मैं।।श्री.।।7।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेनादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अंगूर सेव बादाम, तुम ढिग अर्पत हूँ।
मिल जावे निज विश्राम, तुम पद अर्चत हूँ।।श्री.।।8।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेनादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जल गंधादिक वसु अर्घ, आप चढ़ाऊँ मैं।
नवनिधि सुख होय अनर्घ, आप रिझाऊँ मैं।।श्री.।।9।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेनादि-चतुस्तीर्थंकरेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

नाथ! पाद पंकेज, जल से त्रयधारा करूँ।
अतिशय शांती हेत, शांतीधारा विश्व में।।10।।

शांतये शांतिधारा।

हरसिंगार गुलाब, पुष्पांजलि अर्पण करूँ।
मिले आत्मसुख लाभ, जिनपद पंकज पूजते।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

पश्चिम पुष्कर द्वीप में, विहरमाण तीर्थेश।
पुष्पांजलि कर पूजते, मिटे सर्व मन क्लेश।।1।।

इति मंडलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-शंभु छंद-

पश्चिम पुष्कर पूरब विदेह, सीता नदि के उत्तर जानो।
पुरि पुंडरीकिणी भानुमती, माता भूपाल पिता मानो।।
ऐरावत चिन्ह कहा श्रीमन्, जिन 'वीरसेन' त्रिभुवन विश्रुत।
मैं पूजूं भक्ति बढ़ा करके, तुम भाक्तिक हो गुणमणि मंडित।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेन-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विद्युन्माली मेरू पूरब, सुविदेह नदी के दक्षिण में।
विजयानगरी पति देवराज, हैं जनक उमा माता सच में।।

शशिचिन्ह सहित हे 'महाभद्र', तुम शरणागत के रक्षक हो।
मैं पूजूँ स्वातम निधि हेतु तुम धर्मचक्र के वर्तक हो।।2।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीमहाभद्र-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम पुष्कर पश्चिम विदेह, सीतोदा के दक्षिण दिश में।
श्रीभूपति पिता गंगादेवी मां नगरि सुसीमा में जन्में।।
तुम स्वस्तिक चिन्ह 'देवयश' जिन तुम घाति चतुष्टय के घाती।
मैं पूजूँ श्रद्धा से तुममें, सुअनंत चतुष्टय अविनाशी।।3।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीदेवयश-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विद्युन्माली मेरू पश्चिम, सुविदेह नदी के उत्तर में।
पितु श्री सुबोध हैं प्रसू कनकमाला सु अयोध्या नगरी में।।
प्रभु 'अजितवीर्य' तुम कमल चिन्ह' भविजन भवदाह शमन करते।
मैं पूजूँ भक्ती से नित प्रति, मेरे भवक्लेश न क्यों हरते।।4।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीअजितवीर्य-जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्णार्घ्य-दोहा

पश्चिम पुष्कर दीप में, शाश्वत चार जिनेश।
नमूँ नमूं नित भक्ति से, करो सर्व दुख शेष।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाणश्रीवीरसेन-महाभद्रदेवयशोऽजितवीर्यनामचतुस्तीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य- **ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धिअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यो नमः।**

जयमाला

-स्रग्विणी छंद-

नाथ! त्रैलोक्य में पूर्ण चंदा तुम्हें।
मैं नमूँ मैं नमूँ हे जिनंदा तुम्हें।।
पूरिये नाथ मेरी यही कामना।
फेर होवे न संसार में आवना।।1।।

सोलहों भावना भाय जिनपाद में।
तीर्थंकर हो गये आप ही आप में।।
मात के गर्भ में आप जब आ गये।
इंद्र उत्सव किये मातघर आ गये।।2।।

जन्मते आपके इंद्र आसन कंपे।
शंख ध्वनि वाद्य घंटा स्वयं बज उठे।।
इंद्र के मौलि शेखर स्वयं झुक गये।
कल्पतरु भी स्वयं पुष्प वर्षा रहे।।3।।

जै जया जै जया जै जया ध्वनि उठी।
इंद्र आदेश पा इंद्रसेना सजी।।
इंद्र ऐरावतारूढ़ हो चल पड़े।
इंद्र इंद्राणियां देव गण चल पड़े।।4।।

मेरु गिरि पर न्हवन आपका हो रहा।
जन्म कल्याण उत्सव अनोखा कहा।।
इंद्र हज्जार भुज कर न्हवन कर रहा।
नेत्र हज्जार कर रूप निरखे अहा।।5।।

तीर्थकर देव माहात्म्य त्रैलोक्य में।
ना हुआ अन्य का भी कभी लोक में।।
तीर्थकर पुण्य माहात्म्य मुनि गावते।
देव गणधर कहें पार ना पावते।।6।।

धन्य मैं धन्य मैं आज गुण गा रहा।
धन्य है ये घड़ी नाथ पूजूँ अहा।।
प्रार्थना नाथ मेरी ये सुन लीजिये।
'ज्ञानमती' पूर्ण हो युक्ति ये दीजिये।।7।।

-घत्ता-

जय जय जिनराजा, शिवतिय राजा, भविहित काजा, तुमहिं नमूँ।
जय जय जिन संपति, दीजे मुझ प्रति, अविचल गति हित नित प्रणमूँ।।8।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वापरविदेहक्षेत्रस्थविहरमाण-श्रीवीरसेनमहाभद्रदेवयशोऽजितवीर्यनामचतुस्तीर्थंकरेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 53)

पश्चिम पुष्करार्ध नवदेवता पूजा

अथ स्थापना-नरेन्द्र छंद

पश्चिम पुष्कर अर्ध द्वीप में कर्मभूमि हैं चौंतिस।
इनके आर्य खंड में नित प्रति जिनवर विहरें शिवप्रद।।
मुनिगण धर्म जिनालय जिनवर बिंब जजूँ मन लाके।
आह्वानन कर थापूँ इत मैं चिन्मय ज्योति जगाके।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-वसंततिलका छंद

गंगानदी सलिल से त्रयधार देऊँ।
हे नाथ! जन्म मृति को अब दूर कर दो।।
अर्हंत सिद्ध मुनिवृंद जजूँ रुची से।
जैनेंद्रगेह जिनबिंब नमूँ नमूँ मैं।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर चंदन घिसा चरणों समर्चूं।
हे नाथ! तापत्रय दूर करो हमारे।।
अर्हंत सिद्ध मुनिवृंद जजूँ रुची से।
जैनेंद्रगेह जिनबिंब नमूँ नमूँ मैं।।2।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मोती समान धवलाक्षत पुंज धरके।
पूजूँ तुम्हें प्रभु अखंड गुणानुरागी।।अर्हंत.।।3।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

बेला गुलाब मचकुंद चढ़ाय चरणों।
हे नाथ! स्वात्मसुख शांति बढ़ाय दीजे।।अर्हंत.।।4।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

लड्डू पुआ इमरती हलुआ चढ़ाऊँ।
हे नाथ! भूख रुज शांत करो अनादी।।अर्हंत.।।5।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्पूर ज्योति जलती हरती अंधेरा।
हे नाथ! आरति करूँ निज ज्ञान दीजे।।अर्हंत.।।6।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

खेऊँ दशांग वर धूप सु अग्नि में मैं।
हे नाथ! कर्म निर्मूल करो सभी ही।।अर्हंत.।।7।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

अंगूर आम अखरोट चढ़ाय पूजूँ।
हे नाथ! मोक्षफल आश फले हमारी।।अर्हंत.।8।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरादि अर्घ कनकाब्ज[1] तुम्हें चढ़ाऊँ।
हे नाथ! रत्नत्रय पूर्ण करो हमारे।।अर्हंत.।।9।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-सोरठा-

यमुना सरिता नीर, प्रभु चरणों धारा करूँ।
मिले निजात्म समीर, शांतीधारा शं करे।।10।।

शांतये शांतिधारा।

सुरभित खिले सरोज, जिन चरणों अर्पण करूँ।
निर्मद करूँ मनोज, पाऊँ जिनगुण संपदा।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-सोरठा-

पश्चिम पुष्कर द्वीप में, जिनवर मुनिगण नित्य।
जिनगृह जिन प्रतिमा जजूँ, पुष्पांजलि कर इत्य[2]।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

---

1. स्वर्णकमल। 2. यहाँ।

-नरेन्द्र छंद-

विद्युन्माली के पूरब में, सीता नदि उत्तर में।
'कच्छादेश' छहों खंडों युत, आर्यखंड मधि उसमें।।
तीर्थंकर मुनिगण नित विहरें, जिनवर धर्म प्रवर्ते।
जिनगृह जिनप्रतिमा को पूजूँ, ये भव भव दुख हर्ते।।1।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहकच्छादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्कर के पूरब विदेह में, देश 'सुकच्छा' सोहे।
आर्यखंड में कर्मभूमि है, तीर्थंकर ध्वनि होहे।।तीर्थं.।।2।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहसुकच्छादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'महाकच्छा' अतिसुंदर, सुरललनायें आतीं।
आर्यखंड में जिनवर के गुण, गातीं नहीं अघातीं।।तीर्थं.।।3।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहमहाकच्छादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'कच्छकावती' मनोहर, मधि विजयार्ध रजत का।
आर्यखंड में विद्याधरियां, जिनगुण गातीं नीका।।तीर्थं.।।4।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहकच्छकावतीदेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश वहाँ 'आवर्ता' सुंदर, इंद्र इंद्राणी आते।
आर्यखंड में जिन जन्मोत्सव, करते मोद मनाते।।तीर्थं.।।5।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहआवर्तादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'लांगलावर्ता' मनहर, आर्यखंड की शोभा।
चक्रवर्ति हलधर नारायण, राज्य करें मन लोभा।।तीर्थं.।।6।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहलांगलावर्तादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कला' धर्म पूर्ण है, जन जन सर्व सुखी हैं।
आर्यखंड में साधु तपस्वी, रहते स्वात्ममुखी हैं।।तीर्थं.।।7।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधिपूर्वविदेहपुष्कलादेशस्थित-आर्यखंडे अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालयेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

देश 'पुष्कलावती' आर्य में, पुंडरीकिणी नगरी।
तीर्थंकर की दिव्यध्वनी सुन, जन जन की मति सुधरी।।तीर्थं.।।8।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितश्रीपद्मप्रभजिन-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभु सुपार्श्व का समवसरण है, नव योजन का सुन्दर।
मानस्तंभ चार दिश में हैं, रचना करें पुरंदर।।
भामंडल में दर्शक भविजन, सात निजी भव देखें।
पूजूँ ध्याऊँ जिनगुण गाऊँ, आत्मनिधी तब दीखे।।7।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितसुपार्श्वनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चंद्र प्रभू का समवसरण था, साढ़े आठ सुयोजन।
चंद्रकिरण सम कांति मनोहर, हरती भव्यों का मन।।
घातिकर्म हन केवलज्ञानी, त्रिभुवन सूर्य कहाये।
चंद्रसूर्य सम सौख्य तेज हो, तुम गुणमणि को गायें।।8।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितचंद्रप्रभनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्पदंत का समवसरण है, योजन आठ कहाया।
फिर भी असंख्यात भव्यों को, अपने मध्य समाया।।
देव-देवियाँ असंख्य रहते, नर पशु संख्याते हैं।
समवसरण की महिमा अनुपम, पूजत सुख पाते हैं।।9।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितपुष्पदंतजिन-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शीतल जिनका समवसरण था, साढ़े सात सुयोजन।
उन प्रभु का बस नाम स्मरण ही, कर देता शीतल मन।।
देव देवियाँ गीत नृत्य से, जिनगुण गान उचरते।
जो पूजें नित भक्ति भाव से, वे भव वारिधि तरते।।10।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितशीतलनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री श्रेयांस का समवसरण था, योजन सात सुविस्तृत।
इन्द्रनील मणि भूमि मनोहर, हरता सुर नर का चित।।
पशु गण भी सब वैर छोड़कर, दिव्य ध्वनि को सुनते।
दो त्रय भव में तर जाते हैं, मैं पूजूँ तन मन से।।11।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितश्रेयांसजिन-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वासुपूज्य का लाल कमल सम, सुरभित तनु अति सुंदर।
समवसरण साढ़े छह योजन, इन्द्र बना प्रभु किंकर।।

प्रातिहार्य मंगल द्रव्यादिक, शोभे समवसरण में।
चक्रवर्ति भी निज वैभव को, तुच्छ गिने उस क्षण में।।12।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितवासुपूज्य-जिनसमवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

विमलनाथ का समवसरण था, छह योजन गोलाकृति।
चारों तरफ चार मुख प्रभु के, देख रहे सब जन इत।।
वापी में जलभरा वहाँ जो, उसमें निज भव देखें।
अतिशय प्रभु का कहा अनूपम, पूजत ही निज पेखें।।13।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितविमलनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समवसरण था अनंत जिनका, साढ़े पाँच सुयोजन।
चैत्य भूमि के चैत्य वृक्ष में, जिन प्रतिमाएं अनुपम।।
सम्यग्दृष्टी प्रभु वंदन कर, भव अनंत हरते हैं।
अनंतदर्शन ज्ञान प्राप्त हो, जो पूजन करते हैं।।14।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितअनंतनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समवसरण श्री धर्मनाथ का, योजन पाँच कहाया।
भविजन खेती को धर्मामृत, वर्षाकर हरसाया।।
सागार रु अनगार धर्म दो, भेद रूप माना है।
जिनवर समवसरण जो पूजें, पावें शिवथाना है।।15।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितश्रीधर्मनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

समवसरण था शांतिनाथ का, साढ़े चार सुयोजन।
आत्यन्तिक सुख शांति हेतु, उन वाणी जन मनमोहन।।
मिथ्यादृष्टी अभव्य जन प्रभु, दर्शन नहिं कर पावे।
सम्यग्दृष्टी दर्शन करके, भव जलधी तर जावे।।16।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितश्रीशांतिनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कुंथुनाथ का समवसरण था, योजन चार विख्याता।
प्राणि मात्र पर दया करो सब, यह उपदेश सुनाता।।
जहाँ प्रभू का श्रीविहार हो, रोग उपद्रव टलते।
सब जन परमानंद प्राप्त कर, सुख से प्रभु को भजते।।17।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितश्रीकुंथुनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अर जिनवर का समवसरण था, साढ़े तीन सुयोजन।
मोह अरी को जीत लिये तव, मिला विभव सर्वोत्तम।।
ज्ञान दर्शनावरण रजों को, अन्तराय को नाशें।
हम पूजें उन तीर्थंकर को, अंतर ज्योति प्रकाशें।।18।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितश्रीअरनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मल्लिनाथ का समवसरण था, योजन तीन कहाया।
कर्ममल्ल के विजयी प्रभु का, सुरनर मिल गुण गाया।।
आर्यखंड में श्रीविहार से, क्षेत्र पवित्र कहाये।
नाम लेत ही आपद टलती, शत्रु मित्र बन जायें।।19।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितमल्लिनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिसुवत का समवसरण था, ढाई योजन सुन्दर।
गणधर मुनिगण ऋषिगण सुरगण, नरगण पशुगण मनहर।।
द्वादश सभा मध्य सब बैठे, निज निज के कोठे में।
वंदन कर उपदेश श्रवण कर, निज आतम पोषें वे।।20।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितमुनिसुव्रतजिन-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नमि जिनवर का समवसरण था, दो योजन मन भाया।
सरवर पुष्प वाटिका वापी, महलों से मन भाया।।

नृत्य करें बहु देव अप्सरा, नाटक शालाओं में।
पूजन से भव भ्रमण दूर हो, पाप नशें इक क्षण में।।21।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितनमिजिन-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नेमिनाथ का समवसरण था, योजन डेढ़ बताया।
वरदत्तादिक गणधर गुरु ने, सबको बोध कराया।।
सभी आर्यिकाओं में मान्या, राजमती थीं गणिनी।
उस अचिन्त्य वैभव को जजते, मिले स्वात्म निर्झरणी।।22।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितनेमिनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पार्श्वनाथ का समवसरण था, एक कोश इक योजन।
कमठ शत्रु ने भी वहँ आकर, किया वैर का मोचन।।
पद्मावति धरणेन्द्र भक्त प्रभु, संकट मोचन विश्रुत।
चिंतामणि पारस की महिमा, कलियुग में भी अद्भुत।।23।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितपार्श्वनाथ-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

महावीर का समवसरण था, इक योजन अतिशायी।
ढाई हजार वर्ष के पहले, सुरनर गण सुखदायी।।
उन प्रभु की ध्वनि गौतम ने चुनि, आज मिली हम सबको।
पूजूँ ध्याऊँ भक्ति बढ़ाऊँ शीघ्र नशाऊँ भव को।।24।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थभरतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितश्रीमहावीरस्वामि-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जम्बूद्वीप के ऐरावत में, आर्यखंड में नामी।
वर्तमान तीर्थंकर चौबिस, पंचकल्याणक स्वामी।।
बालचंद्र से वीरसेन तक, जिनवर समवसरण को।
श्रद्धा रुचि से पूजन करके, उनकी गहूँ शरण को।।25।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपऐरावतक्षेत्रार्यखंडे अचिन्त्यविभूतिसहितश्रीबालचंद्रसुव्रत-अग्निसेननंदिसेनश्रीदत्तव्रतधरसोमचंद्रधृतिदीर्घशतायुष्यविवसितश्रेयानविश्रुत-जलसिंहसेन-उपशांतगुप्तशासन-अनंतवीर्यपार्श्वअभिधानमरुदेवश्रीधरशामकंठ-अग्निप्रभअग्निदत्तवीरसेननामचतुर्विंशतितीर्थंकरसमवसरणेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्व विदेह देश में सोलह, आर्यखण्ड उन दो में।
सीमंधर युगमंधर जिनके, समवसरण हैं शोभें।।
उनको अगणित सुरनर मिलकर, भक्तिभाव से पूजें।
तीर्थंकर प्रभु के दर्शन कर, सर्व कर्म अरि धूजें।।26।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थषोडशपूर्वविदेहदेशसंबंधिसीमंधरयुगमंधरजिन-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अपर विदेह देश में सोलह, आर्यखंड उन दो में।
बाहु सुबाहु तीर्थंकर के, समवसरण हैं शोभें।।
उनमें असंख्यात सुरगण हैं, नर पशु सब संख्यातें।
जिनभक्ती से आत्मशुद्ध कर, भव भव दुःख नशाते।।27।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थषोडशपश्चिमविदेहदेशसंबंधिबाहु-सुबाहुतीर्थंकर-समवसरणाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-

चौंतिस कर्म भूमि में जो हों, भूत भावि संप्रति में।
तीर्थंकर के समवसरण थे, होते अरु होवेंगे।।
उन सबको पूर्णार्घ समर्पित, करके जिन पद पाऊँ।
चौंतिस अतिशय सहित देव, तीर्थंकर के गुण गाऊँ।।1।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपस्थचतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिसंजातत्रैकालिकानन्तानंततीर्थंकर-समवसरणेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

धातकीखण्ड-पुष्करार्धद्वीप के समवसरण के अर्घ्य

-दोहा-

द्वीप धातकीखण्ड में, भरतक्षेत्र दो मान।
त्रैकालिक तीर्थेश सब, जजूँ अनंत प्रमाण।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वापरधातकीखण्डद्वीपसंबंधि-द्वयभरतक्षेत्रार्यखण्डयोः त्रैकालिका-नन्तानन्ततीर्थंकरसमवसरणेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वीप धातकीखण्ड में, ऐरावत दो सिद्ध।
त्रैकालिक तीर्थेश प्रभु, जजूँ अनंत प्रसिद्ध।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वापरधातकीखण्डद्वीपसंबंधि-द्वयैरावतक्षेत्रार्यखंडयोः त्रैकालिका-नन्तानंततीर्थंकरसमवसरणेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वीपधातकीखण्ड में, चौंसठ क्षेत्र विदेह।
त्रैकालिक तीर्थेश प्रभु, जजूँ अनंत सनेह।।3।।

ॐ ह्रीं पूर्वापरधातकीखण्डसंबंधिचतुःषष्टिविदेहक्षेत्रार्यखण्डेषु त्रैकालिकानन्तानंततीर्थंकरसमवसरणेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-दोहा-

पुष्करार्ध में दो भरत, तिनमें चौथे काल।
त्रैकालिक तीर्थेश प्रभु, जजूँ अनंत त्रिकाल।।4।।

ॐ ह्रीं पुष्करार्धद्वीपसंबंधि-द्वयभरतक्षेत्रार्यखण्डयोः त्रैकालिकानन्तानन्ततीर्थंकरसमवसरणेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्करार्ध में दो कहे, क्षेत्रैरावत जान।
त्रैकालिक तीर्थंकरा, जजूँ अनंत प्रमाण।।5।।

ॐ ह्रीं पुष्करार्धद्वीपसंबंधि-द्वयैरावतक्षेत्रार्यखंडयोः त्रैकालिकानन्तानंततीर्थंकरसमवसरणेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्करार्ध में चौंसठे, क्षेत्र विदेह महान्।
त्रैकालिक तीर्थेश प्रभु जजूँ अनंत प्रमाण।।6।।

ॐ ह्रीं पुष्करार्धद्वीपसंबंधि-चतुःषष्ठिविदेहक्षेत्रार्यखण्डेषु त्रैकालिकानन्तानंततीर्थंकरसमवसरणेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-

इस जम्बूद्वीप में भरतैरावत विदेह माने चौंतिस है।
पूर्व व पश्चिम धातकि में, चौंतिस-चौंतिस मिल अड़सठ हैं।।
ऐसे ही पूर्व व पश्चिम पुष्करार्ध में सब मिल अड़सठ हैं।
ये इक सौ सत्तर कर्मभूमि, इनमें तीर्थंकर विहरत हैं।।

-दोहा-

इक सौ सत्तर तीर्थंकर, समवसरण अभिराम।
जजूँ यहीं पूर्णार्घ्य ले, मिले स्वात्म विश्राम।।1।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-सप्तत्यधिक-एकशततीर्थंकरसमवसरणेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-दोहा-

इक सौ सत्तर कर्मभू, त्रैकालिक तीर्थेश।
कहे अनंतानंत ही, जजत मिटे भवक्लेश।।2।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकएकशतकर्मभूमिष्वार्यखंडेषु त्रैकालिकानन्तानन्ततीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य मंत्र-**ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-त्रैकालिकानन्तानन्ततीर्थंकरेभ्यो नमः।**

जयमाला

-दोहा-

समवसरण तीर्थेश के, जिनमंदिर सत्यार्थ।
गाऊँ गुणमाला अबे, सिद्ध करें सर्वार्थ।।1।।

छंद-हे दीनबंधु.....

जय जय जिनेन्द्र तीर्थ नाथ, गुण मणी भरें।
जय जय जिनेन्द्र तीर्थ नाथ, जग सुखी करें।।
जब घाति कर्म को हना, तब केवली हुये।
तुम ज्ञान में तब लोक वा, अलोक दिख गये।।2।।

तब इन्द्र की आज्ञा से, धनपती यहाँ आया।
अद्भुत अपूर्व रम्य, समवसरण बनाया।।
रवि बिम्ब सदृश गोल, इंद्र नील मणी का।
इस भूमि से वह बीस, सहस हाथ था ऊँचा।।3।।

चारों दिशा में सीढ़ियाँ हैं, बीस सहस ही।
वे एक एक हाथ ऊँची, सर्व सुखमयी।।
चारों दिशा में चार, मानस्तंभ बने हैं।
जो दर्श से ही मानियों का, मान हने हैं।।4।।

पहला है धूलिसाल कोट, सर्व रत्न का।
फिर चैत्य के प्रासाद की, मानी है भूमिका।।

फिर नाट्यशाला फेर मान, स्तंभ की भूमी।
फिर वेदिका प्रथम है पुनः खातिका बनी।।5।।

वेदी लता भूमी के बाद कोट दूसरा।
उपवन वनी व नाट्यशाला वेदि ध्वज धरा।।
परकोट तृतीय कल्पभूमि नाट्य शालिका।
वेदी भवन धरा स्तूप कोट चतुर्था।।6।।

पश्चात् श्रीमंडप की भूमि जो फटिकमयी।
वेदी के बाद प्रथम द्वितीय तृतीय पीठ ही।।
इसके उपरि है गंधकुटी मध्य सिंहासन।
उस पर सहस्रदलमयी स्वर्णिम कमल आसन।।7।।

चतुरंगुल अधर तीर्थनाथ इसपे राजते।
निज दिव्यध्वनि से असंख्य भव तारते।।
बालक व वृद्ध अंध वधिर, पंगु आदि भी।
मुहूर्त में ही चढ़ते लोग, सीढ़ियाँ सभी।।8।।

नाटक गृहों में अप्सरा, अभिनय विविध करें।
तीर्थंकरों के पंचकल्याणक को विस्तरें।।
गणधर व चक्रवर्ती पुण्य पुरुष चरित का।
नाटक करें सब लोक का, मन हर रहीं नीका।।9।।

मिथ्यादृशी पाखंडि शूद्र जन वहाँ नहीं।
जो दर्श करें नाथ का, वे भव्य हैं सही।।
बाधा बिना बैठें सभी, निज निज के हि कोठे।
मुनिगण व आर्यिका व देव देवि असंख्ये।।10।।

नर पशु सभी निज निज के वैर भाव छोड़ के।
प्रभु का सुने उपदेश, रुचि से हाथ जोड़ के।।
प्रभु वीर का समवसरण, योजन सु एक था।
फिर भी असंख्य देव का, निवास वहाँ था।।11।।

अतिशय जिनेन्द्र देव की, अवगाहना शक्ती।
जो भव्य हैं वे ही वहाँ, कर सकते हैं भक्ती।।
भव्यों के पुण्य से प्रभू का, श्रीविहार हो।
दुर्भिक्ष रोग शोक उपद्रव वहाँ न हो।।12।।

सब कर्मभूमियों में ये समवसरण बने।
ये भूत भावि काल के अनन्त हैं गिनें।।
ये सार्वभौम नाथ की हैं धर्म सभायें।
इनको नमें वे निज को सर्व गुण से सजायें।।13।।

-दोहा-

जो तीर्थंकर को नमें, समवसरण पूजंत।
सकल 'ज्ञानमति' संपदा, वे पा लेत तुरंत।।14।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-सप्ततिशतकर्मभूमिसंजातत्रैकालिकसर्वतीर्थंकर-समवसरणेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 60)

पंचकल्याणक तीर्थ पूजा

अथ स्थापना (गीता छंद)

वर पंचकल्याणक जगत में, इंद्रगण से वंद्य हैं।
त्रैलोक्यपति तीर्थंकरों की, चरणरज से धन्य हैं।।
मैं स्वात्मसिद्धी प्राप्ति हेतू, सर्व तीर्थों को जजूँ।
आह्वाननादी विधि करूँ, सम्पूर्ण कल्याणक भजूँ।।1।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकरपंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्र-सर्व-अतिशयक्षेत्रसमूह! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकरपंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्र-सर्व-अतिशयक्षेत्रसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकरपंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं स्थापनं।

अथ अष्टकं (भुजंगप्रयातछंद)

पयोसिंधु को नीर झारी भराऊँ।
प्रभो! आपके पाद धारा कराऊँ।।
महापंचकल्याण तीर्थादि पूजूँ।
महापंच संसार से शीघ्र छूटूँ।।1।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकरपंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

सुगंधीत चंदन कपूरादि वासा।
चढ़ाते तुम्हें सर्व संताप नाशा।।
महापंचकल्याण तीर्थादि पूजूँ।
महापंच संसार से शीघ्र छूटूँ।।2।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकर-पंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

पयोराशि के फेन सम तंदुलों को।
चढ़ाऊँ तुम्हें सौख्य अक्षय मिले जो।।
महापंचकल्याण तीर्थादि पूजूँ।
महापंच संसार से शीघ्र छूटूँ।।3।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकर-पंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

जुही केवड़ा चंपकादी सुमन हैं।
तुम्हें पूजते काम व्याधी शमन है।।
महापंचकल्याण तीर्थादि पूजूँ।
महापंच संसार से शीघ्र छूटूँ।।4।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकर-पंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

कलाकंद लाडू भरा थाल लाऊँ।
क्षुधा डाकिनी नाश हेतू चढ़ाऊँ।।
महापंचकल्याण तीर्थादि पूजूँ।
महापंच संसार से शीघ्र छूटूँ।।5।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकर-पंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मणी दीप ज्योती भुवन को प्रकाशे।
करूँ आरती ज्ञान ज्योती प्रकाशे।।
महापंचकल्याण तीर्थादि पूजूँ।
महापंच संसार से शीघ्र छूटूँ।।6।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकर-पंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अग्निपात्र में धूप खेऊँ दशांगी।
करम धूम्र फैले चहूँ दिक् सुगंधी।।

महापंचकल्याण तीर्थादि पूजूँ।
महापंच संसार से शीघ्र छूटूँ।।7।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थित-तीर्थंकर-पंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

नरंगी मुसम्बी अनन्नास लाऊँ।
महामोक्ष फल हेतु आगे चढ़ाऊँ।।
महापंचकल्याण तीर्थादि पूजूँ।
महापंच संसार से शीघ्र छूटूँ।।8।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थित-तीर्थंकर-पंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

जलादी वसू द्रव्य से थाल भर के।
चढ़ाऊँ तुम्हें अर्घ्य रत्नादि धर के।।
महापंचकल्याण तीर्थादि पूजूँ।
महापंच संसार से शीघ्र छूटूँ।।9।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिस्थिततीर्थंकर-पंचकल्याणकक्षेत्र-महामुनिनिर्वाणक्षेत्रसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

–दोहा –

सकल जगत में शांतिकर, शांतिधार सुखकार।।
जिनपद में धारा करूँ, सकल संघ हितकार।।10।।

शांतये शांतिधारा।

सुरतरु के सुरभित सुमन, सुमनस चित्त हरंत।
पुष्पांजलि अर्पण करत, मिले सौख्य दुःख अंत।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

जम्बूद्वीप के तीर्थंकरों के पंचकल्याणकादि तीर्थ के अर्घ्य

दोहा– **तीर्थंकर कल्याण से, भूमी पावन मान्य।**
पुष्पांजलि से पूजते, भव्य लहें धन-धान्य।।1।।

अथ मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

–दोहा –

भरतक्षेत्र में जन्म भू, तीर्थ अयोध्या आदि।
जन्मभूमि सोलह प्रथित, जजत मिटे भव व्याधि।।1।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपभरतक्षेत्रसंबंधिवर्तमानकालीन चतुर्विंशतितीर्थंकर-अयोध्या-प्रभृति-कुण्डलपुरपर्यंतषोडशजन्मभूमितीर्थक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वर प्रयाग अहिछत्र अरु, तीर्थ जृंभिका ख्यात।
दीक्षा ज्ञानकल्याण थल, जजत सुगुण हों प्राप्त।।2।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपभरतक्षेत्रसंबंधि-श्रीऋषभदेवदीक्षाकेवलज्ञानभूमि-प्रयागश्रीपार्श्वनाथमहावीरकेवलज्ञानस्थल-अहिच्छत्र-जृंभिकातीर्थक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टापद सम्मेदगिरि चम्पापुर गिरनार।
पावापुर निर्वाणस्थल, जजत होउं भवपार।।3।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपभरतक्षेत्रसंबंधि-कैलाशपर्वतसम्मेदशिखरचम्पापुरगिरनार-पावापुरचतुर्विंशतितीर्थंकरनिर्वाणक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

मांगीतुंगी आदि हैं, सिद्धक्षेत्र बहुतेक।
भक्तिभाव से नित ही, जजूँ नमूँ शिरटेक।।4।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपभरतक्षेत्रसंबंधि-मांगीतुंगीगजपंथादिगणधरमुनिगण-निर्वाणक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अतिशयस्थल महावीर जी, कचनेर आदि प्रसिद्ध।
अतिशय सुख की प्राप्ति हो, जजत कार्य सब सिद्ध।।5।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपभरतक्षेत्रसंबंधि-महावीरकचनेरादिसर्वातिशयतीर्थेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

भरतक्षेत्र में तीर्थ सब, त्रैकालिक सुरवंद्य।
कहे अनंतानंत ही, जजत मिटे भवफंद।।6।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपभरतक्षेत्रसंबंधित्रैकालिकानन्तानंतपंचकल्याणकतीर्थ-निर्वाणक्षेत्रातिशयतीर्थक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-

जम्बूद्वीप के भरत में, तीर्थ अनंतानंत।
त्रैकालिक हुये होयंगे, जजूँ करूँ भव अंत।।1।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपभरतक्षेत्रसंबंधित्रैकालिकचतुर्विंशतितीर्थंकरपंचकल्याणक-गणधरगुरुचक्रवर्त्यादि-निर्वाणक्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

धातकीखण्ड द्वीप तीर्थ अर्घ्य

-दोहा-

पूर्वधातकी खंड में, कर्मभूमि चौंतीस।
तीर्थंकर कल्याणभू, जजूँ नमाकर शीश।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखण्डद्वीपसंबंधि-चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितत्रैकालिकानन्तानंत-तीर्थंकरपंचकल्याणकतीर्थक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूर्व धातकी खण्ड में, आर्यखण्ड में साधु।
सिद्ध व अतिशय क्षेत्र हैं, जजूँ मिले निजस्वाद।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वधातकीखण्डद्वीपसंबंधि-चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-त्रैकालिका-नन्तानंतमुनिनिर्वाणक्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अपर धातकीखण्ड में, चौतीस आरजावंड।
तीर्थंकर कल्याणथल, जजत पाप शतखंड।।3।।

ॐ ह्रीं पश्चिमधातकीखण्डद्वीपसंबंधि-चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितत्रैकालिका-नन्तानन्त तीर्थंकरपंचकल्याणकतीर्थक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम धातकि द्वीप में, मुनिगण त्रयकालीक।
मुक्ति गये थल मैं जजूँ, क्षेत्र अतिशयादीक।।4।।

ॐ ह्रीं पश्चिमधातकीखण्डद्वीपसंबंधि-त्रैकालिकानंतानंतगणधरमुनि-गणादिनिर्वाणक्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-दोहा-

द्वीप धातकीखण्ड में, कर्मभूमि अड़सष्ठ।
पंचकल्याणक आदि सब, तीर्थ जजूँ हो ठाठ।।1।।

ॐ ह्रीं धातकीखण्डद्वीपसंबंधि-अष्टषष्टिकर्मभूमिस्थितत्रैकालिकानन्तानंत-तीर्थंकरपंचकल्याणकक्षेत्रगणधरमहामुनि-निर्वाणक्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

पुष्करार्धद्वीप तीर्थ अर्घ्य

-दोहा-

पूरब पुष्कर अर्ध में, कर्मभूमि चौंतीस।
तीर्थंकर कल्याणथल, जजूँ नमाकर शीश।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थित-त्रैकालिकानन्तानंत-तीर्थंकरपंचकल्याणकतीर्थक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्करार्ध पूरब तरफ, चौंतिस आरजखंड।
सिद्धक्षेत्र अतिशय सुथल, जजूँ करूँ अघ खंड।।2।।

ॐ ह्रीं पूर्वपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितत्रैकालिकानंतानंत मुनिनिर्वाणक्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम पुष्कर अर्ध में, चौंतिस आरजखंड।
तीर्थंकर कल्याणक भू, जजत पाप शतखंड।।3।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितत्रैकालिका-नन्तानंततीर्थंकरपंचकल्याणकतीर्थक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पश्चिम पुष्कर द्वीप में, कर्मभूमि चौंतीस।
अतिशयस्थल निर्वाणस्थल, जजूँ नमाकर शीश।।4।।

ॐ ह्रीं पश्चिमपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-चतुस्त्रिंशत्कर्मभूमिस्थितत्रैकालिकानन्तानंत-मुनिनिर्वाणक्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-दोहा-

द्वीप सुपुष्कर अर्ध में, अड़सठ आरजखंड।
पंचकल्याणक आदि सब, तीर्थ जजूँ सुख कंद।।1।।

ॐ ह्रीं पूर्वापरपुष्करार्धद्वीपसंबंधि-अष्टषष्टिकर्मभूमिस्थितत्रैकालिकानन्तानंत-तीर्थंकरपंचकल्याणकभूमिगणधरमुनिगणनिर्वाणक्षेत्रातिशयतीर्थेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-शंभु छंद-

इस जम्बूद्वीप में चौंतिस हैं, धातकीखण्ड में द्विगुणित हैं।
वर पुष्करार्धद्वीप में भी, सब अड़सठ कर्मभूमि शुभ हैं।।
ये इक सौ सत्तर कर्मभूमि में, आर्यखण्ड व विजयार्ध में।
लवणोदधि कालोदधि में भी, कल्याणक तीरथ आदिक हैं।।

-दोहा-

त्रैकालिक ये तीर्थ सब, कहे अनंतानंत।
नमूँ अनंतों बार मैं पाऊँ सौख्य अनंत।।1।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधिसप्तत्यधिकशतकर्मभूमिषु सर्वार्यखंडेषु विजयार्धपर्वत-लवणसमुद्र-कालोदधिनदीपर्वतवृक्षादिषु संजातत्रैकालिकानंतानंत-पंचकल्याणकतीर्थक्षेत्र-निर्वाणक्षेत्र-अतिशयक्षेत्रेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य मंत्र – **ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपसंबंधि-त्रैकालिकपंचकल्याणकतीर्थसिद्ध-क्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्यो नमः।**

जयमाला

–दोहा –

तीनलोक की सम्पदा, करें हस्तगत भव्य।
तुम जयमाला कंठधर, पूरें सब कर्तव्य।।1।।

चाले-हे दीनबंधु.....

जैवंत मुक्तिकन्त देव देव हमारे।
जैवंत भक्त जंतु भवोदधि से उबारें।।

हे नाथ! आप जन्म के छह मास ही पहले।
धनराज रत्नवृष्टि करें मातु के महले।।1।।

माता की सेवा करती थीं श्री आदि देवियाँ।
अद्भुत अपूर्व भाव धरें सर्व देवियाँ।।
जब आप मात गर्भ में अवतार धारते।
तब इन्द्र सपरिवार आय भक्तिभाव से।।2।।

प्रभु गर्भकल्याणक महा उत्सव विधी करें।
माता-पिता की भक्ति से पूजन विधी करें।।
हे नाथ! आप जन्मते सुरलोक हिल उठे।
इन्द्रासनों के कंप से आश्चर्य हो उठे।।3।।

इन्द्रों के मुकुट आप से ही आप झुके हैं।
सुरकल्पवृक्ष हर्ष से ही फूल उठे हैं।।
वे सुरतरु स्वयमेव सुमनवृष्टि करे हैं।
तब इन्द्र आप जन्म जान हर्ष भरे हैं।।4।।

तत्काल इन्द्र सिंहपीठ से उतर पड़ें।
प्रभु को प्रणाम करके बार-बार पग पड़ें।।
भेरी करा सब देव का आह्वान करे हैं।
जन्माभिषेक करने का उत्साह भरे हैं।।5।।

सुरराज आ जिनराज को सुरशैल ले जाते।
सुरगण असंख्य मिलके महोत्सव को मनाते।।
जब आप हों विरक्त देव सर्व आवते।
दीक्षाविधि उत्सव महामुद से मनावते।।6।।

जब घातिया को घात ज्ञानसम्पदा भरें।
तब इन्द्र आ अद्भुत समवसरण विभव करें।
तुम दिव्य वच पीयूष को पीते असंख्यजन।
क्रम से करें वे मुक्तिवल्लभा का आलिंगन।।7।।

जब आप मृत्यु जीत मुक्तिधाम में बसें।
सिद्धचंगना के साथ परमानंद सुख चखें।।
सब इन्द्र आ निर्वाण महोत्सव मनावते।
प्रभु पंचकल्याणकपती को शीश नावते।।8।।

इन ढाईद्वीप में समस्त कर्मभूमि में।
आचार्य उपाध्याय साधुओं को नित नमें।।
वे साधु कर्मनाश मोक्ष प्राप्त कर रहे।
उन सबको नमूँ भक्ति से वे सिद्ध हो रहे।।9।।

सब गणधरों के चरण-कमल नित्य मैं नमूँ।
उनके सभी निर्वाणक्षेत्र को भि नित नमूँ।।
सब तीन न्यून नव करोड़ साधु को नमूँ।
उनके समाधिक्षेत्र-मुक्तिक्षेत्र को नमूँ।।10।।

जो ब्राह्मी आदि गणिनी और आर्यिकाएँ भी।
इन सबकी वंदना से गुणरत्न भरें भी।।
इनके समाधिक्षेत्र भी पवित्र मान्य हैं।
उनकी करूँ मैं वंदना वे सौख्य खान हैं।।11।।

इन सर्व तीर्थक्षेत्र की मैं वंदना करूँ।
निज आत्मा को तीर्थ बनाकर सुखी करूँ।।
अतिशायि क्षेत्र की सदैव अर्चना करूँ।
सम्पूर्ण अतिशयों से स्वात्म संपदा भरूँ।।12।।

जिन पादपद्म से पवित्र तीर्थ बन रहे।
उन तीर्थनाथ को हृदय में धार सुख लहें।।
तीर्थंकरों को तीर्थ को निर्वाण तीर्थ को।
मैं बार-बार नित्य नमूँ सिद्धि हेतु जो।।13।।

हे नाथ! आप कीर्ति कोटि ग्रंथ गा रहे।
इस हेतु से ही भव्य आप शरण आ रहे।।

मैं आप शरण पाय के सचमुच कृतार्थ हूँ।
बस 'ज्ञानमती' पूर्ण होने तक ही दास हूँ।।14।।

–दोहा –

पाँच कल्याणक पुण्यमय, हुए आपके नाथ।
बस एकहि कल्याण मुझ, कर दीजे हे नाथ।।15।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वीयद्वीपसंबंधिसर्वपंचकल्याणकक्षेत्रमहामुनिनिर्वाणसर्व-अतिशयक्षेत्रेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

(पूजा नं. 61)

सिद्ध शिला पूजा

अथ स्थापना-शंभु छंद

श्री सिद्धशिला नरलोक मात्र पैंतालिस लाख सुयोजन है।
त्रैलोक्य शिखर पर अष्टम भू, पर रुक्मी[1] अर्ध चंद्र सम है।।
श्री सिद्ध अनंतानंत इसी पर तिष्ठें अष्ट गुणान्वित हैं।
आह्वानन कर इनको पूजूँ, ये देते सौख्य अपरिमित हैं।।1।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमानअनंतानंतसिद्धसमूह! अत्र अवतर-अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमानअनंतानंतसिद्धसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमानअनंतानंतसिद्धसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं-शंभु छंद

श्री सिद्ध सुयशसम उज्ज्वल जल, लेकर झारी भर लाया हूँ।
निज समरस सुख पाने हेतू, प्रभु चरण चढ़ाने आया हूँ।।
श्रीसिद्धशिला को नित पूजूँ, सब सिद्ध अनंतानंत जजूँ।
सर्वार्थसिद्धि को पा करके, इस सिद्ध शिला पर शीघ्र बसूँ।।1।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सिद्ध गुणों सम अतिशीतल, चंदन घिसकर के आया हूं।
निज की शीतलता पाने को, प्रभू चरण चढ़ाने आया हूँ।।श्री.।।2।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

1. चांदी की सिद्धशिला है।

श्री सिद्ध सौख्य सम खंड रहित, उज्ज्वल तंदुल ले आया हूँ।
निज आत्म सौख्य पाने हेतू, प्रभु पुंज चढ़ाने आया हूँ।।श्री.।।3।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यः अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सिद्धगुणों सम अति सुगंध, पुष्पों को चुनकर लाया हूँ।
निज गुण सुगंधि पाने हेतू, प्रभु चरणों पुष्प चढ़ाया हूँ।।श्री.।।4।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सिद्ध पुष्टि सम नानाविध, पकवान बनाकर लाया हूँ।
निज आत्म तृप्ति पाने हेतू, प्रभु चरण चढ़ाने आया हूँ।।श्री.।।5।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सिद्ध ज्ञान सम ज्योतिर्मय, कर्पूर जलाकर लाया हूँ।
निज ज्ञानज्योति पाने हेतू, मैं आरति करने आया हूँ।।श्री.।।6।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सिद्ध गुणों की सुरभि सदृश, वर धूप सुगंधित लाया हूँ।
निज आत्म सुरभि पाने हेतू, अग्नी में धूप जलाया हूँ।।श्री.।।7।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सिद्ध सुखामृत सदृश मधुर, रसभरे बहुत फल लाया हूँ।
निज मोक्ष सुफल हेतू भगवन्! फल आज चढ़ाने आया हूँ।।श्री.।।8।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

श्री सिद्ध गुणों के सम अनर्घ, यह अर्घ सजाकर लाया हूँ।
निज तीन रत्न पाने हेतू, प्रभु चरण चढ़ाने आया हूँ।।श्री.।।9।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितसिद्धशिलोपरि-विराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-दोहा-

सिद्धशिला पर आज, मन से जल धारा करूँ।
पूर्ण शांति साम्राज्य, मिले त्रिजग में शांति हो।।10।।

शांतये शांतिधारा।

सिद्ध शिला पर आज, पुष्पांजलि मन से करूँ।
मिले सिद्धि साम्राज्य, त्रिभुवन की सुख संपदा।।11।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

अथ प्रत्येक अर्घ्य

-दोहा-

सिद्ध शिला को पूजते, सर्व कार्य हों सिद्ध।
पुष्पांजलि कर पूजते, हों प्रसन्न सब सिद्ध।।1।।

इति मण्डलस्योपरि पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

-शंभु छंद-

इस जम्बूद्वीप में सात क्षेत्र, में कर्म भोग भू आदिक हैं।
निज इच्छा से उपसर्गादिक, से सिद्ध हुये मुनि आदिक हैं।।
जिस जिस थल से निर्वाण गये, बस वहीं शिला पर पहुँच गये।
उन सब सिद्धों को पूजूँ मैं, मेरे सब वांछित सिद्ध भये।।1।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधिकर्मभूमिभोगभूमि-आदिस्थलेभ्यः सिद्धपदप्राप्त-सर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस द्वीप में सत्रह लाख बानवे, हजार नब्बे नदियां हैं।
ये शाश्वत हैं कृत्रिम उपसागर, सरवर आदिक नदियाँ हैं।।
इन नदियों से उपसर्ग आदि से बहुत मुनीश्वर मुक्त हुये।
उन सब सिद्धों को पूजूँ मैं मेरे सब इच्छित पूर्ण हुये।।2।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि-अकृत्रिमनदीकृत्रिम-उपसागरनदीसरोवरतडागादिजल-स्थानेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस जंबूद्वीप में मेरु आदि त्रय शत ग्यारह पर्वत मानों।
ये शाश्वत हैं कृत्रिम बहुते सम्मेदशिखर आदिक जानों।।

इनसे इन मध्य गुफाओं से मेरु की मध्य गुफा से भी।
वृक्षादिक से जो सिद्ध हुये इन नभ सिद्धों को जजूँ अभी।।3।।

ॐ ह्रीं जम्बूद्वीपसंबंधि-अकृत्रिमसुमेर्वादिपर्वतकृत्रिमसम्मेदशिखरादिपर्वतेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लवणोदधि में लंकादि द्वीप कूभोगभूमि बहु स्थल हैं।
वहाँ से जो मुनिवर मुक्त हुये उपसर्ग व इच्छा के वश हैं।।
इन सब सिद्धों को पूजूँ नित ये भव दुख हरने वाले हैं।
ये स्थलसिद्ध अनंतें हैं ये सब सुख करने वाले हैं।।4।।

ॐ ह्रीं लवणोदधिसंबंधिलंकादिद्वीपकुभोगभूमि-आदिस्थलेभ्यः सिद्धपद-प्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वीपों के नदी सरोवर से लवणोदधि के जल ऊपर से।
उपसर्ग आदि के कारण से बहुते मुनिवर शिवपुर पहुँचे।।
इन सब सिद्धों को पूजूँ नित ये परमानंदाबुधि में न्हावें।
ये जल से सिद्ध अनंतें हैं इनको वंदत निज सुख पावें।।5।।

ॐ ह्रीं लवणोदधिसंबंधिलंकादिद्वीपमध्यस्थितनदीसरोवरकूपतडागादिजल-समुद्रजलस्थानेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

लवणोदधि मध्य हंस आदिक लंकादि द्वीप में पर्वत हैं।
इन पर से सिद्ध हुये जो मुनि उपसर्ग आदि के कारण हैं।।
लवणोदधि वेदी ऊपर से या वहीं अन्य वृक्षादिक से।
जो सिद्ध हुये उनको पूजूँ जिससे निजात्म शक्ती प्रगटे।।6।।

ॐ ह्रीं लवणोदधिसंबंधिलंकादिद्वीपस्थितत्रिकूटाचलादिपर्वतेभ्यः सिद्धपदप्राप्त-सर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

वरद्वीप धातकी खंड द्वितिय में कर्मभूमि अरु भोगभूमि।
वन उपवन की भूआदि स्थल से सिद्ध हुये पावनभूमी।।
तीर्थंकरगण मुनिगण बहुते सब कर्म काटकर मुक्त हुये।
उपसर्ग आदि से सब थल से उन पूजत सौख्य अनंत लिये।।7।।

ॐ ह्रीं धातकीखंडद्वीपसंबंधिकर्मभूमिभोगभूमि-आदिस्थलेभ्यः सिद्धपदप्राप्त-सर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस द्वीप धातकी में कृत्रिम अकृत्रिम अगणित नदियाँ हैं।
सब आर्यखंड में उपसागर सरवर कूपादिक नदियाँ हैं।।
इन सबके जल के ऊपर से बहुतेक साधु गण मुक्ति गये।
चारण ऋद्धीधर या उपसर्ग आदि से हम उन जजत भये।।8।।

ॐ ह्रीं धातकीखंडद्वीपसंबंधिकृत्रिमाकृत्रिमनदी-उपसागरकूपतडागादिजल-स्थानेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस धातकि में दो मेरु अन्य अगणित पर्वत कूटादिक हैं।
धात्री तरु शाल्मलितरु आदि बहुविध उपवन तरु आदिक हैं।।
इन नभस्थान से सिद्ध हुये ऋद्धीबल उपसर्गादिक से।
उन सब सिद्धों को पूजूँ मैं आतमनिधि मिल जावे जिससे।।9।।

ॐ ह्रीं धातकीखंडद्वीपसंबंधिमेर्वादिपर्वतकृत्रिमाकृत्रिमपर्वतकृत्रिम-अकृत्रिमवृक्षादिनभस्थानेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कालोदधि मध्य कुभोगभूमि से मागध आदि द्वीप थल से।
चारणऋषि या उपसर्ग आदि कारण से मुनि शिवपुर पहुँचे।।
वर द्वीप जलधि के वेदी के थल से भी जो मुनि सिद्ध हुये।
उन सब सिद्धों को पूजूं मैं ये मेरे सिद्धि निमित्त हुये।।10।।

ॐ ह्रीं कालोदधिसंबंधिकुभोगभूमि-आदिस्थलेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कालोदधि के जल से कुभोगभूमि के नदी सरोवर से।
चारण ऋषि मुनि या उपसर्गादिक से मुनिगण शिवपुर पहुंचे।।
इन जल से मुक्ति प्राप्त मुनि को मैं नितप्रति शीश झुकाता हूं।
इन सब सिद्धों को अर्घ चढ़ाकर शिव की आश लगाता हूँ।।11।।

ॐ ह्रीं कालोदधिसंबंधिकुभोगभूमि-आदिमध्यस्थितनदीसरोवरसमुद्रजलेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस सागर मध्य कुभोगभूमि मागध सुर आदि निवास बनें।
उनमें जो पर्वत कूट शिखर तरु आदि नभस्थल हों जितने।।
उन पर से जो मुनि सिद्ध हुये उन सबको वंदन करता हूँ।
सब इष्ट वियोग अनिष्ट योग टल जावे अर्चन करता हूँ।।12।।

ॐ ह्रीं कालोदधिसंबंधिकुभोगभूमिमागधद्वीपादिमध्यस्थितपर्वतकूटवृक्षादि-स्थानेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पुष्करवर द्वीप मध्य वलयाकृति मनुजोत्तर पर्वत सोहे।
इस परे मनुष नहिं जा सकते इस तक नरलोक चित्त मोहे।।
इसमें जो कर्मभूमि अरु भोगभूमि वन उपवन स्थल हैं।
उन सबमें सिद्ध हुये जिनवर मुनिगण उन सबको वंदन है।।13।।

ॐ ह्रीं पुष्करार्धद्वीपसंबंधिकर्मभूमिभोगभूमिवन-उपवनवेदिकादिस्थलेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस पुष्करार्ध में गंगादिक अगणित अकृत्रिम नदियां हैं।
कृत्रिम सरवर कूपादि तथा उपसागर आदिक नदियां हैं।।
इन जल से चारण बल से या उपसर्ग आदि से सिद्ध हुये।
उन सबको पूजूँ अर्घ चढ़ा मेरे सब मनरथ सफल हुये।।14।।

ॐ ह्रीं पुष्करार्धद्वीपसंबंधिकृत्रिम-अकृत्रिमनदीसरोवर-उपसागरकूपतडागादि-जलेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

इस पुष्पकरार्ध में दो मेरु हिमवन आदिक बहुपर्वत हैं।
शाश्वत पर्वत कृत्रिम पर्वत इन गुफा कंदरा आदिक हैं।।
इन ऊपर से मुनि सिद्ध हुये पुष्कर शाल्मलि तरु आदिक से।
इन सब सिद्धों को पूजूँ मैं रत्नत्रय निधी मिले जिससे।।15।।

ॐ ह्रीं पुष्करार्धद्वीपसंबंधिमेर्वादि-अकृत्रिमकृत्रिमपर्वततन्मध्यगुहादिवृक्षादि-स्थानेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

यह सिद्धशिला पैंतालिस लाख सुयोजन मनुज लोक प्रम है।
सर्वत्र अनंतानंत सिद्ध से भरी अकृत्रिम अनुपम है।।
गणधर मुनिगण से वंद्य शिला इसको मेरा शत शत वंदन।
यह सिद्ध शिला जब तक न मिले, तब तक इसको शत शत वंदन।।16।।

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यशिखरस्थितपंचचत्वारिंशल्लक्षयोजनप्रमाणसिद्धशिलायै अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

-पूर्णार्घ्य-

इन ढाई द्वीप दो सागर तक पैंतालिस लाख सुयोजन है।
यह मनुज लोक इसमें ही मानव मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं।।

इसमें थल जल पर्वत चोटी आदिक सब थल से सिद्ध हुये।
अणुमात्र जगह नहिं रिक्त यहाँ सब सिद्धों को मैं धरूँ हिये।।1।।

ॐ ह्रीं सार्धद्वयद्वीपद्विसमुद्रप्रमितमनुष्यलोकस्थितसर्वजलस्थलपर्वतवृक्षगुहादिस्थानेभ्यः सिद्धपदप्राप्तसर्वसिद्धेभ्यः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य-ॐ ह्रीं अर्हं श्री अनन्तानन्तप्रमसिद्धेभ्यो नमो नमः।

जयमाला

चाल-शेर.....

जय जय त्रिलोक शिखर अग्र सिद्ध शिला है।
जय जय त्रिलोक शिखर अग्र मोक्ष इला[1] है।।
जय जय अनंतानंत सिद्ध इसपे राजते।
जय जय त्रिकाल सिद्ध अनंत गुण से भासते।।1।।

सर्वार्थ सिद्धि इंद्रक के ध्वजादंड से।
बारह सुयोजनोपरि भू आठवीं लसे।।
यह पूर्व अपर दिश में सुएक राजू है।
उत्तर दखिन के कुछ कम यह सात राजु है।।2।।

योजन सुआठ मोटी वायूवलय घिरी।
घनउदधि घनवायु तनुवायु से घिरी।।
इस मध्य 'ईषत्प्राग्भार' नाम क्षेत्र है।
चांदी सुवर्ण रत्नपूर्ण सिद्धक्षेत्र है।।3।।

उत्तान धवल छत्र सदृश सिद्धशिला ये।
योजन सुपैंतालिस लाख सिद्धशिला ये।।
ये आठ योजन मध्य में फिर अंत तक घटती।
नरलोक के प्रमाण है इस क्षेत्र की परिधी[2]।।4।।

यह अर्ध चंद्रसम त्रिलोक अग्रभाग में।
अनंत अनंत सिद्ध वहां राजते निज में।।

1. भूमि। 2. तिलोयपण्णत्ति, अधिकार आठवाँ, गाथा 652 से।

तीर्थेश होके सिद्ध अनंते वहाँ तिष्ठे।
तीर्थेश बिना सिद्ध अनंतानंत वहाँ पे।।5।।

जल थल व गगन से अनंत सिद्ध हुये हैं।
सामान्यकेवलि अंतकृत केवलि भि सिद्ध हैं।।
उत्कृष्ट पाँच सौ पचीस धनु शरीर से।
जघन्य साढ़े तीन हाथ देह मात्र से।।6।।

मध्यम अनके विधि की अवगाहना धरें।
ये सिद्ध हुये हम उन्हों को चित्त में धरें।।
जो ऊर्ध्व लोक अधोलोक तिर्यक लोक से।
सब कर्म नाश सिद्ध हुये मर्त्यलोक से।।7।।

उत्सर्पिणि अवसर्पिणी के छहों काल से।
उपसर्ग निमित्त सिद्ध हुये नमूँ भाल से।।
उपसर्ग बिना सिद्ध चौथे काल से हुये।
इन पाँच भरत पांच ऐरावत से शिव गये।।8।।

दो ज्ञान त्रय व चार से कैवल्य पायके।
जो सिद्ध हुये हैं अनंत सौख्य पायके।।
जो साधु संहरण से सिद्ध हो गये यहां।
बिन संहरण अनंत सिद्ध हो रहे यहां।।9।।

कुछ साधु समुद्घात सिद्ध हुये है।
कुछ केवली बिन समुद्घात सिद्ध हुये हैं।।
खड्गासनों से सिद्ध भी अनंत हुये हैं।
पद्मासनों से भी अनंत सिद्ध हुये हैं।।10।।

सब द्रव्य से पुंवेदी ही सिद्ध हुये हैं।
हां भाव से त्रय वेद से भी सिद्ध हुये हैं।।
प्रत्येक बुद्ध स्वयंबुद्ध सिद्ध हुये हैं।
बोधित प्रबुद्ध भी अनंत सिद्ध हुये हैं।।11।।

सब आठ कर्म नाश करके सिद्ध हुये हैं।
वे इक सौ अड़तालीस प्रकृति नष्ट किये हैं।।
सब सिद्ध अंतिम देव से कुछ न्यून कहे हैं।
इस विध से अन्त्यदेह के आकार रहे हैं।।12।।

ये सर्व सिद्ध गुण अनंतानंत धारते।
ये सर्व सिद्ध सुख अनंतानंत धारते।।
ये सर्व सिद्ध जन्म मरण शून्य हो गये।
ये सर्व सिद्ध ज्ञान गुण से पूर्ण हो गये।।13।।

इन ढाई द्वीप से अनंत सिद्ध हुये हैं।
दो ही समुद्र से अनंत सिद्ध हुये हैं।।
नरलोक में सब एक सौ सत्तर हैं कर्मभू।
नरमें जनम को प्राप्त करें मनुज मुक्तिभू।।14।।

नरलोक में अणुमात्र भी ना रिक्त थान है।
जहां से न हुये सिद्ध सब निर्वाण स्थान है।।
मेरु की चूलिका से भी सिद्ध हुये हैं।
वे मेरु की गुफा से ही सिद्ध हुये हैं।।15।।

अनंतानंत सिद्धों की वंदना करूँ।
मैं नित अनंतानंत बार वंदना करूँ।।
श्री सिद्धशिला को नमूँ मैं भक्ति भाव से।
ये सिद्धशिला प्राप्त करूँ भक्ति भाव से।।16।।

-दोहा-

नमूँ सिद्ध परमात्मा, सिद्धशिला मुनिवंद्य।
'ज्ञानमती' गुण पूर्णकर, पाऊँ परमानंद।।17।।

ॐ ह्रीं त्रिलोकशिखरस्थितसिद्धशिलोपरिविराजमान-अनंतानंतसिद्धेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शंभु छंद-

ढाईद्वीप विधान भक्ति से, जो नर-नारी करते हैं।
वे कर्मभूमि में मनुज बने, मुनि हो भव सार्थक करते हैं।।
नर सुरगति के अभ्युदय पाय, सब मनवांछित को लभते हैं।
कैवल्य 'ज्ञानमति' रवि किरणों, से जग आलोकित करते हैं।।1।।

।।इत्याशीर्वादः।।

बड़ी जयमाला

परम ज्योति परमात्मा, सकल विमल चिद्रूप।
जिनवर गणधर साधुगण, नमूँ नमूँ जिनरूप।।1।।

-शंभु छंद-

जय जय पाँचों मेरू के जिन, मंदिर हैं शाश्वत रत्नमयी।
जय जय जिनमंदिर बीसों ही, गजदंतगिरी के स्वर्णमयी।।
जय जय जंबूतरु शाल्मलि के, दश जिनमंदिर महिमाशाली।
जय जय वक्षारगिरी के भी, अस्सी जिनगृह गरिमाशाली।।2।।

जय इक सौ सत्तर विजयारध के, सब जिनमंदिर सुखकारी।
जय जय तीसों कुलपर्वत के तीसों जिनगृह भव दुःखहारी।।
इष्वाकृति मनुजोत्तर पर्वत के, चार चार जिनमंदिर हैं।
ये ढाईद्वीप के तीन शतक, अट्ठानवे शाश्वत मंदिर हैं।।3।।

प्रति जिनगृह में जिनप्रतिमाएं, हैं इन सौ आठ कहीं सुंदर।
ये ब्यालिस हजार नव सौ चौरासी प्रतिमाएं अति मनहर।।
सब रत्नमयी जिनप्रतिमाएँ, जिनवर भक्ति सम फल देतीं।
भक्तों की इच्छा पूर्तीकर, अंतिम शिव में पहुँचा देतीं।।4।।

पाँचों मेरू के पांडुक वन, विदिशा में चार शिलाएँ हैं।
तीर्थंकर के जन्माभिषेक से, पावन पूज्य शिलाएँ हैं।।
पण भरत पाँच ऐरावत में, होते हैं चौबिस तीर्थंकर।
केवलि श्रुतकेवलि गणधर मुनि, साधुगण होते क्षेमंकर।।5।।

उनके कल्याणक से पवित्र, पृथिवी पर्वत भी तीर्थ बने।
जो उनकी पूजा करते, उनके मनवांछित कार्य बनें।।
सब इक सौ साठ विदेहों में, सीमंधर युगमंधर स्वामी।
बाहु सुबाहू आदिक विहरें, केवलज्ञानी अन्तर्यामी।।6।।

उन सर्व विदेहों में संतत, तीर्थंकर होते रहते हैं।
केवलज्ञानी चारणऋद्धी, मुनिगण वहाँ विचरण करते हैं।।

आकाशगमन करने वाले, ऋषिगण मेरू पर जाते हैं।
निज आत्म सुधारस स्वादी भी, जिनवंदन कर हर्षाते हैं।।7।।

इस ढाईद्वीप के तीन शतक, अट्ठानवे मंदिर को वंदन।
जितने भी कृत्रिम जिनगृह हों, उन सबको भी शत शत वंदन।।
जितने तीर्थंकर हुए यहाँ, हो रहे और भी होवेंगे।
उन सबको मेरा वंदन है, वे मेरा कलिमल धोवेंगे।।8।।

आचार्य उपाध्याय साधूगण, जो भी इन कर्मभूमियों में।
चिन्मय आत्मा को ध्याते हैं, सुस्थिर होकर निज आत्मा में।।
वे घाति चतुष्टय घात पुनः अरिहंत अवस्था पाते हैं।
इन कर्मभूमियों से फिर वे, भगवान सिद्ध बन जाते हैं।।9।।

-दोहा-

पंच परमगुरु जिनधरम, जिनवाणी जिनगेह।
जिन प्रतिमा को नित नमूँ, कोटि नमूँ धर नेह।।10।।

त्रैकालिक कृत्रिम सभी, जिनप्रतिमा जिनधाम।
कहें अनंतानंत ही, तिन्हें अनंत प्रणाम।।11।।

पैंतालिस लख योजनों, सिद्धशिला का व्यास।
सिद्ध अनंतों को नमूँ, हो लोकांत निवास।।12।।

ॐ ह्रीं श्रीसार्धद्वयद्वीपसंबंधि-अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्यचैत्यालयतीर्थंकरसमवसरणपंचकल्याणकतीर्थसर्वसिद्धेभ्यो जयमाला महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

-शेर छंद-

जो भव्य ढाई द्वीप का विधान करेंगे।
वे मनुज देव के सुखों को प्राप्त करेंगे।।
फिर ढाईद्वीप में जनम ले साधु बनेंगे।
कैवल्य ज्ञानमती से ही सिद्ध बनेंगे।।1।।

इत्याशीर्वादः।।

ढाई द्वीप विधान की प्रशस्ति

-अनुष्टुप् छंद-

सार्धद्वितयद्वीपेऽस्मिन्, वंदे सर्वजिनालयान्।
कृत्रिमाकृत्रिमांश्चापि, जिनार्चा नवदेवताः।।1।।

-शंभु छंद-

श्री शांतिनाथ श्री कुंथुनाथ, श्री अरजिनवर को करूँ नमन।
तीनों तीर्थंकरा चक्रवर्ति, औ कामदेव इन पद वन्दन।।
यहाँ जम्बूद्वीप बना सुंदर, जिनगृह जिनप्रतिमाओं संयुत।
इसकी प्रतिष्ठापना तिथी आज, अट्ठाइसवीं सबजन सुखप्रद।।2।।

श्री ढाई द्वीप का यह विधान, ये त्रेसठ पूजायें सुंदर।
यह सर्वसौख्यप्रद होवेगा, अतिशायी जग में मंगलकर।।
वीराब्द पचीस सौ उनतालिस, वैशाख सुदी द्वादशि तिथि है।
यह विधान मैंने पूर्ण किया, संकलित ग्रंथ सब हितकर है।।3।।

श्रीमत् चारित्र चक्रवर्ती, आचार्य शांतिसागर गुरुवर।
बीसवीं सदी के प्रथम सूरि, इन पट्टाचार्य वीरसागर।।
ये दीक्षा गुरुवर मेरे हैं, मुझ नाम रखा था 'ज्ञानमती'।
इनके प्रसाद से ग्रंथों की, रचना कर हुई अन्वर्थमती।।4।।

यह ढाईद्वीप पूजा विधान, भाक्तिकगण रुचि से किया करें।
जिनवर जिनप्रतिमा की भक्ती, भक्तों की रक्षा किया करें।।
जब तक हस्तिनापुर में सुमेरु-पर्वत, शुभ तेरहद्वीप रहें।
तब तक मुझ गणिनी 'ज्ञानमती' कृत, यह विधान जयशील रहे।।5।।

-दोहा-

नवदेवों की भक्ति से, भक्त बने भगवान।
गुण अनंत को पूर्ण कर, पावें सिद्धस्थान।।6।।

।।इति ढाईद्वीपविधानं संपूर्णम्।।

ढाईद्वीप विधान की आरती

—प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

आरति करो रे,
ढाईद्वीपों के जिनबिम्बों की, आरति करो रे।। टेक.।।

मध्यलोक में द्वीप असंख्यों का वर्णन पाया जाता।
तेरहद्वीपों तक उनमें जिनमंदिर का वर्णन आता।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
चउ शत अट्ठावन जिनमंदिर की, आरति करो रे।।1।।

इनमें ढाई द्वीपों तक ही, मनुज क्षेत्र कहलाता है।
पंच भरत पंचैरावत, क्षेत्रों का दृश्य सुहाता है।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
श्रीपंचमेरु के जिनबिम्बों की, आरति करो रे।।2।।

जम्बूद्वीप धातकी एवं पुष्करार्ध जो द्वीप कहे।
ये ही ढाई द्वीप कहाते, दो समुद्र इन मध्य रहें।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
इन ढाई द्वीपों के मंदिर की, आरति करो रे।।3।।

इन सबका वर्णन तिलोय-पण्णत्ति ग्रंथ में मिलता है।
दर्शन कर साक्षात् पुण्य का, कमल हृदय में खिलता है।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
ढाई द्वीपों के समवसरण की, आरति करो रे।।4।।

गणिनीप्रमुख ज्ञानमती माताजी ने हमें बताया है।
ढाई द्वीप का यह विधान सुंदर भाषा में बनाया है।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
''चन्दनामती'' इस काव्यकृती की, आरति करो रे।।5।।

ढाईद्वीप विधान का भजन

—प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

तर्ज –तुम करो प्रभु से प्रीत.....

करो जिनवर का गुणगान, अवसर आया है।
रचा ढाईद्वीप विधान, अतिशय छाया है।।

पाँच मेरुपर्वत हैं इसमें, अस्सी जिनप्रतिमाएँ उनमें।
ये लगते स्वर्ण समान, अतिशय छाया है।।1।।करो.।।

ढाईद्वीप में कुल जिनमंदिर, तीन शतक अट्ठानवे सुंदर।
ये हैं शाश्वत जिनधाम, अतिशय छाया है।।2।।करो.।।

इक सौ सत्तर समवसरण हैं, उनमें चतुर्मुखी भगवन हैं।
उन्हें झुक-झुक करो प्रणाम, अतिशय छाया है।।3।।करो.।।

अतिशयकारी यह विधान है, प्रभु पूजन का फल महान है।
हों सिद्ध तुरत सब काम, अतिशय छाया है।।4।।करो.।।

ज्ञानमती माताजी की महिमा, ढाईद्वीप विधान की गरिमा।
''चन्दनामती'' है महान, अतिशय छाया है।।5।।करो.।।

भजन

–प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

तर्ज–जिंदगी प्यार का गीत है.....

जन्म मानव का पाया है जो,
उसे सार्थक तो करना पड़ेगा।
वंश उत्तम ये पाया है जो,
मूल्यांकन तो करना पड़ेगा।।टेक.।।

कई जन्मों का पुण्य खिला, जिससे जिनधर्म उत्तम मिला।
गुरु का उपदेश ऐसा मिला, ज्ञान का दीप मन में जला।।
पाके सम्यक्त्व के रत्न को,
शिव डगर पे तो चलना पड़ेगा।।1।।

शुद्ध भोजन करोगे यदी, बुद्धि अच्छी बनेगी तभी।
छानकर जल पिओगे यदी, वाणी पावन बनेगी तभी।।
मन की शुद्धी के हेतू तुम्हें,
स्वच्छ भोजन तो करना पड़ेगा।।2।।

जाति औ कुल की रक्षा करो, शास्त्र औ गुरु की शिक्षा वरो।
दान-पूजन के योग्य बनो, आगे दीक्षा के योग्य बनो।।
शुद्ध खानदान रखना है यदि,
जाति में ब्याह करना पड़ेगा।।3।।

अपने बच्चों को संस्कार दो, पिण्ड शुद्धी का उपहार दो।
मुक्ति का मार्ग साकार हो, निज व पर का भी उपकार हो।।
''चन्दनामति'' सुनो भाइयों!
तुम्हें कुल शुद्धि रखना पड़ेगा।।4।।

भजन

–प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

तर्ज-महाकुंभ का पर्व महान.....

जिनमंदिर का निर्माण, करो सब मिल के करो।
करो सब मिल के करो, करो सब मिल के करो...,
इससे मिलता है पुण्य महान, करो सब मिल के करो।।टेक.।।

मंदिर में राजें जिनवर प्रतिमा, तीर्थंकर चौबीसों की महिमा।
चौबीसों प्रभू का गुणगान, करो सब मिल के करो।।जिन.।।1।।

मंदिर में बजते हैं घंटे झालर, जिनवर पे ढुरते हैं चौंसठ चामर।
प्रभु आरती का पुण्य महान, करो सब मिल के करो।।जिन.।।2।।

मंदिर व प्रतिमा निर्माण जैसा, दूजा न कोई है पुण्य वैसा।
धन बढ़ता है करने से दान, करो सब मिल के करो।।जिन.।।3।।

मंदिर में सोने की ईंट लगाओ, सोना ही सोना जीवन में पाओ।
अपनी आत्मा को स्वर्ण समान, करो सब मिल के करो।।जिन.।।4।।

मंदिर के दर्शन की कर लो प्रतिज्ञा, ''चन्दनामती'' आज लेना ये शिक्षा।
सम्यग्दर्शन से आत्मा महान, करो सब मिल के करो।।जिन.।।5।।